■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 275
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
6 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1915 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन में मिले।

**1924 :** इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनायी।

**1944 :** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।

**1947 :** भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाये जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने घोषणा की।

**कठिनाइयों से भागना आसान है, पर उनसे लड़कर जीतना असली हिम्मत है।**

## तीन लाख परिवारों को मिली प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि

### कुल 1200 करोड़ रूपये की सहायता राशि का सीएम ने लाभुकों के खाते में किया अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अन्तर्गत 3 लाख परिवारों को प्रथम किस्त के रूप में 1200 करोड़ रूपये की सहायता राशि का माऊस क्लिक कर एकमुश्त हस्तांतरण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना अंतर्गत सर्वप्रथम सितम्बर, 2024 में 2,43,903 लक्ष्य प्राप्त हुआ था। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 जनवरी 2025 से 5,46,745 अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त है। इस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को कुल 7,90,648 लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों को कुल 1.20 लाख रूपये की सहायता राशि तीन किश्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस प्रकार 40 प्रतिशत अर्थात् 48 हजार रूपये की राशि राज्यांश के रूप में लाभुकों को दी जाती है। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व 07 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1.05 लाख लाभुकों को प्रथम किश्त की सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया था। इस पर 420 करोड़ रूपये का व्यय हुआ था। कार्यक्रम में 03 लाख लाभार्थियों को 40 हजार रूपये की दर से प्रथम किश्त की राशि का एक मुश्त भुगतान किया गया। इस पर कुल 1200 करोड़ रूपये का व्यय हुआ। आगामी 100 दिनों में इन लाभुकों को द्वितीय एवं तृतीय किश्त के रूप में 80 हजार रूपये की दर से भुगतान किया जायेगा। साथ ही इन लाभुकों को मनरेगा के मायम से 90 दिनों के अकुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रूपये तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रूपये की सहायता दी जायेगी।



## हाइटेंशन तार की चपेट में आई बस, चार की मौत

■ **तीन यात्रियों की मौत घटनास्थल पर ही, जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार के नवादा में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां पर यात्रियों से भरी बस हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। जिसकी वजह से चार लोगों की मौत हो गई है। इसके बाद यहां पर चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। यह घटना नारदीगंज के राजीव नगर गांव की बतायी जा रही है। बस नालंदा के राजगीर से गया के लिए जा रही थी। तभी बीच रास्ते में यह हादसा हो गया।

**पेड़ हटाते समय हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार बिजली का तार टूटने से यह हादसा हुआ है। पेड़ हटाते समय करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना उस समय हुई जब रास्ते में एक गिरे हुए पेड़ को हटाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट गया। तार की चपेट में आने से चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार सभी मृतक एक बस में सवार थे। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने गर्भवती पत्नी की हत्या की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पति ने बुधवार को 3 महीने की गर्भवती पत्नी की हत्या कर दी। पति पर आरोप है कि उसका दाई (कामवाली) से अफेयर चल रहा था और इस वजह से वह पत्नी से तलाक भी मांगता था। मृतका की पहचान सदर थाना क्षेत्र निवासी कपड़ा व्यवसायी शिवेश चंद्र सिंह की पत्नी डॉली देवी (32) के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों के मुताबिक, ससुराल वालों ने सुबह फोन कर सूचना दी कि डॉली की हार्ट अटैक मौत हो गई है। मृतका का मायका 3 किमी दूर ही है। सूचना के बाद के मायके वाले तुरंत बेटी के घर पहुंचे तो डॉली का शव जमीन पर पड़ा मिला। मायके वालों ने कहा, 'डॉली का शव देखने से लग रहा है कि किसी ने उसे फंदे से लटका दिया है। गले पर काला गहरा दाग है। हाथ पर आटा भी लगा था। ये देखकर हमलोग समझ गए कि डॉली को हार्ट अटैक नहीं आया है। उसके पति ने ही उसकी हत्या की है। फिलहाल, पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है। मामला काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के आम गोला रोड के नाका इलाके का है।

### अबू आजमी बजट सत्र तक के लिए सस्पेंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ और 26 मार्च को खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया।

### अगलगी में चार घर जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के भागीरथपुर वार्ड नंबर 7 में चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान झोपड़ी में लगी चिंगारी से आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने पास के तीन और घरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो पक्के मकान, एक एस्बेस्टस का मकान और एक झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। आग में घरों में रखा अनाज, कपड़े, गहने और नकदी समेत लाखों का सामान जल गया। पीड़ित सरीता देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की होली के बाद होने वाली शादी के लिए सारा सामान खरीद रखा था।

## पवन सिंह- ज्योति लड़ेंगे बिहार विधानसभा का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/ जमशेदपुर।** भोजपुरी के सुपर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। पवन सिंह ने कहा है लोकसभा चुनाव के बाद मैं बिहार विधानसभा चुनाव जरूर लड़ूंगा। बीजेपी के टिकट चुनाव लड़ने के सवाल पवन सिंह ने मुस्कुराते हुए कहा कि थोड़ा समय नजदीक आने दीजिए, सबकुछ पता चल जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मेरी जीत से ज्यादा चर्चा तो हार की है। पवन सिंह ने एक फिल्म के प्रमोशन के दौरान झारखंड के जमशेदपुर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए ये बयान दिया है। एक टीवी इंटरव्यू में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा- 'अगर पवन सिंह भाजपा से लड़ना चाहते हैं तो उनका स्वागत है।' वहीं, पवन सिंह के करीबी और भाजपा विधायक विनय बिहार ने बताया कि 'पवन सिंह और भाजपा नेतृत्व से बात चल रही है। पार्टी ने पवन सिंह के लिए अपना दरवाजा खोल दिया है। बहुत जल्द समय आने पर सबकुछ पता चल जाएगा।' विनय बिहारी ने बताया 'पवन सिंह को लेकर दो मुद्दों पर बात चल रही है। एक- उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी है। दूसरा- उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़वाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पवन सिंह ने साफ कर दिया है कि वे अपनी जन्मभूमि शाहाबाद के ही किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। कहां से लड़ेंगे अभी तय नहीं हो पाया है।

## हाथी ने के बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में रामगढ़ के रजरप्पा में जंगली हाथियों का आतंक देखने मिला। बुधवार को कोईहारा गांव में गजराज ने एक 60 साल के बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान मेघनाथ मुंडा के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने इसके पीछे की घटना का जिम्मेवार वन विभाग को बताया है। गांव के लोगों को कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण ही ये सब हुआ। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की सुबह अचानक गांव में जंगली हाथियों का झुंड आ धमका। इस दौरान मृतक मेघनाथ अपने मवेशियों के लिए पत्ता लाने बाहर निकला था। हाथियों के झुंड को देखकर वह भागने लगा। इस दौरान वह एक हाथी के चपेट में आ गया। हाथी ने उसके सिर को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

## दरभंगा हाउस परिसर में बमबाजी, उपद्रवियों ने एचओडी की गाड़ी को बनाया निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के दरभंगा हाउस परिसर में बुधवार को बमबाजी हुई। इस घटना में संस्कृति विभाग के एचओडी प्रो. लक्ष्मी नारायण की गाड़ी को निशाना बनाया गया, जिससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पटना पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और परिसर के आसपास मौजूद संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद दरभंगा हाउस परिसर में अफरा-तफरी मच गया। बम धमाके की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग और परिसर के छात्र दहशत में आ गए। बम धमाके की सूचना पर पीरबहोर थाना पुलिस और टाउन एएसपी दीक्षा पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले हैं। फुटेज में एक युवक बम मारते हुए साफ नजर आ रहा है। बम धमाके में संस्कृति विभाग के एचओडी प्रो. लक्ष्मी नारायण की गाड़ी को नुकसान पहुंचा। हालांकि इस हमले के पीछे के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। टाउन एएसपी दीक्षा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा होगा। इस घटना के बाद दरभंगा हाउस परिसर में छात्रों और शिक्षकों में दहशत का माहौल है। सभी ने विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है।



पटना में बम धमका के बाद पुलिस कर रही पूछताछ

## होली बाद शुरू होगी झारखंड में मैट्रिक और इंटर कॉपियों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक (दसवीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। राज्यभर में लगभग 60 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। उत्तरपुस्तिका का उठाव होली के बाद शुरू होगा। कॉपियों का मूल्यांकन 20 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। मैट्रिक और इंटर के तीनों संकायों का रिजल्ट 15 जून तक जारी हो जाने की संभावना है। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू हुई थी। तीन मार्च तक परीक्षा आयोजित की गयी थी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 2086 केंद्र बनाये गये थे। मैट्रिक के 4,33,890 परीक्षार्थियों की परीक्षा 1297 केंद्रों पर, जबकि इंटर के 3,50,138 परीक्षार्थियों की परीक्षा 789 केंद्रों पर हुई। मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। पहली पाली में 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा हुई। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गयी। होली के बाद उत्तरपुस्तिका का उठाव किया जाएगा और कॉपियों की जांच की जाएगी। इसके बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक का मामला सामने आया। इसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई की गयी। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से आधा दर्जन से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने मजदूर बनकर गाड़ी से प्रश्नपत्र उतारने के दौरान निकाल लिए थे और फिर वायरल कर दिया था। इससे पैसे भी वसूले थे। जांच के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि प्रेमिका के लिए उसने प्रश्नपत्र निकाले थे। इसके बाद ह्वाट्सएप ग्रुप में वायरल किया था।




### मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया 'बिहार प्रवासी कामगार ऐप' का लोकार्पण

## प्रवासी कामगारों के लिए श्रम संसाधन विभाग की बड़ी पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग ने राज्य के प्रवासी श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'बिहार प्रवासी कामगार ऐप' की शुरुआत की है। इस ऐप का लोकार्पण श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा प्रतिबिंब सभागार, नियोजन भवन, आयकर चौराहा, पटना में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभाग के सचिव दीपक आनन्द और श्रमायुक्त राजेश भारती सहित कई गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह ऐप बिहार के उन लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए वरदान साबित होगा जो रोजगार, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सरकारी सेवाओं से जुड़ना चाहते हैं। बिहार सरकार के सात निश्चय-2 के अंतर्गत इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य से बाहर काम करने वाले श्रमिकों का पंचायत स्तर पर डेटाबेस तैयार करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस ऐप के माध्यम से करीब 20 लाख प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है। इसके तहत, तीन महीनों के भीतर कम से कम 10 लाख प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण पूरा करने की योजना बनाई गई है। प्रत्येक पंचायत में प्रति माह न्यूनतम 500 प्रवासी कामगारों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। श्री सिंह ने कहा कि ऐसे कामगार जो राज्य के बाहर रह रहे है वो स्वयं भी अपना डेटा भर सकते है। निबंधन के पश्चात कामगारों का 12 अंकों का निबंधन संख्या निर्गत होगा। इस एप में कामगारों से उनके नाम, पिता का नाम, वर्तमान एवं स्थायी पता, शैक्षणिक योग्यता, ठेकेदार के माध्यम से जाने कि स्थिति, मोबाइल नंबर, बैंक खाता संख्या आदि सूचनाओं को भविष्य के उपयोग के लिए संग्रहित किया जायेगा। बिहार राज्य के बाहर असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, 2008 को लागू कर रखा है। इस योजना में राज्य के बाहर अथवा विदेशों में कार्य कर रहे प्रवासी कामगारों या उनके आश्रितों को दुर्घटना मृत्यु के उपरान्त दो लाख तथा पूर्ण एवं आंशिक निःशक्तता की स्थिति में क्रमशः एक लाख और पचास हजार रूपये का अनुदान दिया जाता है। अब प्रवासी कामगारों का पंचायतवार डेटा संग्रहण से योजना के क्रियान्वयन में सहूलियत के साथ साथ इस डेटा का उपयोग प्रवासी श्रमिकों के कल्याणार्थ नीति निर्माण विकसित करने में भी किया जा सकेगा। विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने बताया कि सरकार ''बिहार प्रवासी कामगार ऐप'' को प्रवासी श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए जिला एवं पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाएगी। इसके तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके लिए विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति और प्रेस वार्ता के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से ऐप की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। विभिन्न विभागों और जनप्रतिनिधियों को जागरूक कर प्रखंड और पंचायत स्तर पर सरकारी कर्मियों, विकास मित्रों, पंचायत रोजगार सेवकों, आंगनबाड़ी कर्मियों, जीविका समूहों और टोला सेवकों को ऐप के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में प्रचार हेतु माइक, बैनर और पोस्टर के माध्यम से ऐप को लोकप्रिय बनाया जाएगा। प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण के लिए ग्राम पंचायतों,



(शेष पृष्ठ 4 पर)

# जन आंदोलन का रूप ले रहा एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा : डॉ दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा जन आंदोलन का रूप ले रहा है। इस पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। डॉ जायसवाल बुधवार को स्थानीय रेड वेलवेट में एक राष्ट्र एक चुनाव मुद्दे पर जिला भर के आए संयोजकों के साथ आयोजित परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। डॉ जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की हुकूमत ने देश में 100 से अधिक चुनी हुई सरकारों को संवैधानिक शक्तियों का उपयोग कर बर्खास्त किया जिसके कारण देश में बार-बार चुनाव की नौबत आई है। उन्होंने कहा जब राज्य की सरकारें कांग्रेस के मन की बात नहीं करती थी तो तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार अपने संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर हटा देती थी और कांग्रेस के इसी अहंकार के चलते देश में लोकतंत्र कमजोर होता गया। डॉ जायसवाल ने कहा कि कुछ राजनेता देश के युवाओं का भविष्य चौपट कर युवा चौपाल कर रहे हैं तो कुछ 50 वर्ष से ऊपर होने के बावजूद भी अपने को युवा कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक और जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश में आठ तकनीकी विश्वविद्यालयों की स्थापना कर युवाओं के भविष्य की चिंता कर रहे हैं तो उनसे पूर्व की सरकारें प्रदेश में चरवाहा विद्यालय खोलकर युवाओं का भविष्य चौपट कर रही थी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव जनहित का मुद्दा है और यह राष्ट्रवाद का रूप ले रहा है उन्होंने वहां मौजूद लोगों से आग्रह किया कि इस मुद्दे को जन-जन तक ले जाने के लिए हर जिले में काम से कम 50 जगह पर चर्चा करें। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधान परिषद डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से देश का राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। देश के हर नागरिक को इस मुद्दे पर एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मुहिम को सपोर्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर हर जिले में अलग-अलग परिचर्चाएं होगी जहां प्रदेश स्तर के नेता शामिल होकर इस मुद्दे पर लोगों को जागृत करेंगे। इसके अलावा 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर वन नेशन वन इलेक्शन पर हाफ मैराथन इनामी दौड़ का आयोजन राजधानी पटना में होगा जिसके लिए राष्ट्रीय खिलाड़ी अभय सुंदर, विजय कुमार सिंह, उपेंद्र प्रसाद एवं सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में कमिटी गठित की गई है। साथ ही साथ 10 मार्च को टीपीएस कॉलेज के प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव पर छात्रों का सम्मेलन आयोजित होगा जिसे छात्र नेता अंकित तिवारी संचालित करेंगे। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर के सी सिन्हा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे को आम जन तक ले जाने में शिक्षाविदों को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# सोनपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

## सांसदगण ने विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर दिया बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सोनपुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोनपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा की गयी। बैठक में सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं सोनपुर मंडल के सभी उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, वैशाली की सांसद वीणा देवी एवं समस्तीपुर की सांसद श्रीमती शांभवी उपस्थित थीं। इनके अलावा केन्द्रीय कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार राय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार चिराग पासवान के प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह, गृह राज्य मंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय के प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि पवन जायसवाल एवं सांसद तारिक अनवर के प्रतिनिधि सिमरणजीत सिंह उपस्थित थे। सांसदगण एवं उनके प्रतिनिधियों ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये।

# बिहार में मुख्यमंत्री का नाम कांग्रेस आलाकमान तय करेगा : अजीत शर्मा

## तेजस्वी यादव तभी मुख्यमंत्री बनेंगे जब राजद को अधिक सीट आएगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने यह बयान देकर राजद की परेशानी बढ़ा दी है कि बिहार के मुख्यमंत्री का नाम कांग्रेस नेतृत्व तय करेगा। कांग्रेस और राजद के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही रस्साकसी के बीच अजीत शर्मा का यह बयान आया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे यह तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। अजीत शर्मा ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत होगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। यह पूछे जाने पर कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं, अजीत शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी अगर सबसे अधिक सीट जीतेगी तो वो जरूर मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन यह सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे तय करेंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव तभी मुख्यमंत्री बनेंगे जब राजद को अधिक सीट आएगी। उसके बाद दिल्ली आलाकमान इस पर फैसला लेगा। अजीत शर्मा के इस बयान से राजद खेमे में नाराजगी देखी जा रही है। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने अजीत शर्मा के बयान का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का निर्णय उनके नेता करेंगे, लेकिन बिहार में महागठबंधन का नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे हैं। अजीत शर्मा के बयान को हल्के में लेते हुए शक्ति यादव ने कहा कि ऐसा तो नहीं है कि सदन के उनके नेता या पार्टी अध्यक्ष ऐसा कुछ बोले हैं। अजीत शर्मा कौन होते हैं यह तय करने वाले? वे सिर्फ एक विधायक हैं। उनकी बातों को कितना महत्व देंगे। पार्टी के नेता पहले ही बोल दिए हैं। वहीं राजद और कांग्रेस की उठापटक पर चुटकी लेते हुए भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राजद और कांग्रेस मिलकर भी 25-30 सीट से अधिक नहीं जीत सकेंगे। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। राजद को अजीत शर्मा के बयान पर जवाब जरूर देना चाहिए। वहीं, भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि ये लोग जब जेल जाने की बारी आती है तभी एक होते हैं।

# राजद विधान पार्षद सुनील सिंह की सदस्यता बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की सदस्यता बुधवार को बहाल कर दी गई। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उनकी सदस्यता बहाली की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बहाल की जा रही है। यह 25 फरवरी से प्रभावी होगा। सभापति ने सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करते हुए उन्हें अनुशासन पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सुनील सिंह सदन की मर्यादा बनाए रखेंगे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें 7 महीने का वेतन, पारिश्रमिक आदि का लाभ नहीं मिलेगा। सुनील सिंह ने इसके लिए आसन के प्रति आभार जताया। नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने अपने मुंहबोले भाई सुनील सिंह को बधाई दी। सदस्यता बहाली के बाद अब सुनील सिंह सदन की कार्यवाही में भाग ले सकेंगे।

# मत्स्य पालकों के जीविकोपार्जन में वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में मत्स्य पालकों के जीविकोपार्जन में वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था जिसके आयोजन में भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ तथा मत्स्य निदेशालय, बिहार सरकार की भी अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में पटना, गया, बक्सर एवं वैशाली जिले के कुल 100 अनुसूचित जाति के मत्स्य पालक किसानों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने मत्स्य पालक किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि कृषि अर्थव्यवस्था में मछली पालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े हुए लोग आमतौर पर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े तबके से होते हैं जिनका जीवन-स्तर इस व्यवसाय को अपनाकर सुधारा जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मत्स्योद्योग का भी जिक्र किया और कहा कि कृषि से संबंधित उद्योगों में वर्तमान समय में मत्स्योद्योग सबसे तेजी से बढ़ रहा है। इस उद्योग को शुरू करने के लिए कम पूंजी की आवश्यकता होती है, जिससे इसे आसानी से अपनाया जा सकता है। उन्होंने समेकित मत्स्य पालन के महत्व को भी रेखांकित किया जिससे किसानों को सालभर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दिलीप कुमार, संयुक्त निदेशक, मत्स्य निदेशालय, पटना ने बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जिनमें मत्स्य विपणन योजना, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति मत्स्य पालकों के लिए विशेष योजना, रिवर रैंचिंग योजना, मत्स्य बीज उत्पादन योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य किसान बीमा योजना आदि शामिल हैं।

# सड़क हादसे के शिकार हुए मृतक की बेटियों को पहुंचायी मदद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के धनीचक मोड़ के पास बीते दिनों सामूहिक सड़क हादसे में हुई मौत की घटना के बाद कई लोगों ने मृतक के परिजनों को मदद पहुंचाने के लिए आगे आये हैं। ऐसे में हांसडीह के सुशील चंद्रवंशी के परिवार को मदद करने के लिए खगड़िया से आए हुए दीपक चंद्रवंशी ने पोस्ट ऑफिस में उनके दो बच्चियों के नाम से सुकन्या योजना का खाता खुलवाया और प्रत्येक बच्चा को खाता में एक-एक हजार की राशि का नकद भुगतान किया और हर महीने पांच सौ रू. देने की बात कहा और खाता खुलवाया और कहा कि यह राशि मैच्योरिटी की अवधि पूरी होने तक दिया जाएगा। मैच्योरिटी की अवधि 14 वर्षों में पूरी होगी। इसी अवसर पर पटना के टेंपो चंद्रवंशी के द्वारा उस पीड़ित परिवार को 3000 का आर्थिक मदद भी किया गया। साथ ही साथ मसौढ़ी के अमित चंद्रवंशी के द्वारा भी 10 हजार का स्वर्गीय सुशील चंद्रवंशी की पत्नी रिंकू देवी को नकद भुगतान कर बाल-बच्चों की पढ़ाई-लिखाई करने के लिए आर्थिक मदद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से खगड़िया जिला के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शनि चंद्रवंशी, मसौढ़ी प्रखंड के पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, दिनेश चंद्रवंशी, उदय चंद्रवंशी, विजेंद्र चंद्रवंशी, रामशरण चंद्रवंशी, मनीष आदि शामिल रहे।

# अंतर राज्य युवा विनिमय कार्यक्रम में स्वच्छता पर संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** माई भारत, पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा विनिमय कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड से आए 27 युवाओं ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपमहापौर रेशमी कुमारी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर रूप से चलने चाहिए जिससे युवाओं को अवसर मिले कि वे अपने देश की विरासत को जान सके जो विकसित भारत के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 71 की वार्ड पार्षद अंजलि राय एवं वार्ड संख्या 70 के वार्ड पार्षद बिनोद मेहता के साथ नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक सरवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार, मालसलामी थाना प्रभारी राज कुमार सिंह, सुधीर कुमार गुलशन, राजन कुमार सहित अन्य सम्मानित अतिथिगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, माई भारत पटना पामिर सिंह, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक शिवजी राम, मिश्रीलाल सह, रणधीर कुमार, माई भारत स्वयंसेवक रवि प्रकाश उपस्थित रहे।

**स्वच्छता सर्वेक्षण पर बल**

कार्यक्रम में प्रतिभागी युवाओं को बिहार के लोक गीत पर चर्चा करने के लिए एवं चका-चक पटना अंतर्गत स्वच्छता गीत एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड अम्बेसेडर डॉ नीतू नवगीत जी ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिसमें उनका साथ आए हुए अन्य कलाकारों ने भी दिया।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बुधवार को थानाध्यक्ष शुभेन्दु कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली पर्व को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर शांतिपूर्वक पर्व मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली में लोग एक-दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर खुशी मनाते हैं। कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के त्योहार के दौरान अश्लील गाना एवं डीजे पर खास नजर रखी जाएगी। इसके अलावा प्रशासन ट्रिपल लोड में बाइक चलाने वाले लोगों के साथ कानूनी कार्रवाई करेगी। वहीं होलिका दहन के बाद लोग शांति बनाए रखें।

# बिहार दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तर पर चयनित छात्रों के बीच प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी बिहार दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अभी से सभी स्कूलों में तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसको लेकर बुधवार को मसौढ़ी बीआरसी केंद्र में प्रखंड के सभी चयनित स्कूलों के द्वारा पेंटिंग, क्विज एवं गणित ओलंपियाड का प्रतियोगिता राजेंद्र ठाकुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी की निगरानी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना है। इस प्रतियोगिता में तीन स्तर के छात्रों ने भाग लिया वर्ग पाचवां, आठवां एवं बारहवां तक के सभी श्रेणी में अलग-अलग प्रतियोगिता हुआ। क्विज में प्रथम स्थान आन्नद कुमार, दीपक कुमार, रागनी कुमारी, पेंटिंग में प्रथम स्थान अंजनी कुमारी, सवा प्रवीण, सपना कुमारी तथा गणित में प्रथम रुपा कुमारी, इकरा फातिमा, विवेक कुमार का चयन जिला प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पर बीपीएम हुमायुं खां, सर्वजीत कुमार, लेखा पदाधिकारी प्रमोद कुमार, बीआरसी रेणु कुमारी, संजय कुमार राहुल कुमार, अखिलेश कुमार, संजीत कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'विशेष सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 3 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें, साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. तनुजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ विवेक कुमार अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. मुकेश कुमार मोदी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, अजित कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी मौजूद थे। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक समाप्त हुई।

# बोरिंग रोड में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सिटी लाइब्रेरी का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के बोरिंग रोड चौराहा स्थित वर्मा सेन्टर के द्वितीय तल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण 'सिटी लाइब्रेरी' का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस लाइब्रेरी का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन भाजपा के युवा नेता एवं प्रतिष्ठित उद्यमी रविरंजन, प्रसिद्ध उद्यमी मानस कुमार, लाइब्रेरी के प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सिंह एवं निदेशिका कविता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर लाइब्रेरी के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हमारा यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। आज के युग में डिजिटल पढ़ाई के बढ़ते महत्व को देखते हुए हमनें इस लाइब्रेरी को हाई स्पीड वाई-फाई, चार्जिंग स्टेशन, लॉकर, प्रिंटिंग एवं फोटोकॉपी, सीसीटीवी जैसी सुविधाओं के साथ तैयार किया है।

# बिहार में फूहड़ भोजपुरी और हिन्दी गानों पर सरकार पूर्ण प्रतिबंध लगाये : नीतू चन्द्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** फूहड़ भोजपुरी तथा हिन्दी गाने बिहार की स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं का पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे नजरें झुकाकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इन्हीं गानों के चलते महिलाएं घर में टीवी भी देखना पसंद नहीं करती हैं। ऐसे गाना गाने वाले कई गायक आज प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं जो समाज और देश के विकास में बाधक बन सकते हैं जब लड़कियां या महिलाएं सड़क पर सुरक्षित चल नहीं पायेंगी, तो क्या वे विकास के बारे में खाक सोच पायेंगी। शराबी पतियों से महिलाओं को बचाने के लिए यदि कोई सरकार अपने राज्य में शराबबंदी का कानून ला सकती है तो क्या वह स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों तथा महिलाओं के लिए इन फूहड़ गानों पर पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती है। मैं चाहती हूं कि बिहार में इन गानों के निर्माण और बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ये बातें बिहार की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कहीं। उन्होंने कहा कि ये गाने महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं तथा इन गानों का छोटे-छोटे बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ये गाने समाज को गलत दिशा में ले जा सकते हैं और महिलाओं के प्रति सम्मान को कम कर सकते हैं।

# मसौढ़ी पुनपुन में बजट के खिलाफ सड़क पर उतरे वामदल, जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार विधानसभा में हुए बजट पेश के बाद भाकपा माले ने सड़कों पर उतर कर विरोध कर रहा है जहां बुधवार को प्रतिवाद मार्च निकालते हुए कहा है यह आमजन की समस्याओं को उनकी मांगों को अनसुना करने वाला यह बजट है जिसको लेकर मसौढ़ी एवं पुनपुन में बुधवार को प्रतिवाद मार्च निकाला गया है। विरोध जता रहे माले कार्यकर्ताओं ने कहा कि आशा रसोईया आंगनबाड़ी जीविका कर्मियों कार्यपालक सहायक बेलेट्रॉन के डाटा एंट्री ऑपरेटर सफाई कर्मी सहित लाखों अनुबंध मानदेय आउटसोर्स कर्मियों की मांगों को अनसुना कर दिया गया है। इसके अलावा 200 यूनिट फ्री बिजली और सामाजिक सुरक्षा के तहत 3000 की गारंटी करने, गरीब परिवारों के लिए 2 लाख सहायता आदि मांगों को सुनसुना करने वाले जन विरोधी व दिशाहीन बजट के खिलाफ मार्च निकाला गया और उसकी प्रति जलाकर सभा की गई। मसौढ़ी में प्रखंड सचिव राकेश कुमार व पुनपुन में राज कमेटी सदस्य जयप्रकाश पासवान। इस मौके पर मसौढ़ी में राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, नागेश्वर पासवान, संजय पासवान, छोटन यादव, कृष्ण दास, ललन यादव, सत्यनारायण सिंह सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे। वहीं पुनपुन में विद्या कुमार, मुन्ना चौहान, प्रखंड सचिव मोहन मुखिया, नागा राम आदि शामिल रहे।

# विधानसभा में गंगा जल लेकर पहुंचे राजद विधायक

## उठाया गंगा जल की शुद्धता पर सवाल, मंत्री ने कहा चल रहा है काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही राजद विधायक मुकेश यादव गंगा जल लेकर पहुंच गए। मुकेश यादव ने जब शीशी में गंगा जल दिखाया तो विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस पर गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी वस्तु को नहीं दिखाया जाना चाहिए। मुकेश यादव ने कहा कि वे गंगा जल के प्रदूषण को दिखाने के लिए यह लेकर आए हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप गंगा जल की जांच कराइए। सदन की कमेटी इसकी जांच करे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्या विधानसभा गंगा जल की जांच करेगी? इस पर वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने जवाब दिया कि काम चल रहा है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विधायक ने कहा कि सरकार कोई काम नहीं कर रही है। मंत्री ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 32 बनने हैं, 13 बन गए हैं। इसके बाद गंगा जल की शुद्धता में निरंतर सुधार होगा। सरकार काम कर रही है। विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने पथ निर्माण विभाग से जुड़े सवाल उठाया, जिस पर विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने जवाब दिया। इस तरह प्रश्नोत्तर काल के दौरान कई विधायकों के प्रश्नों का विभागों के मंत्रियों ने जवाब दिया। उधर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर राजद सहित पूरा विपक्ष ने जमकर बवाल काटा। राजद विधायक हाथ में पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी कर रहे थे। शराब बंदी कानून, बिहार में बढ़ते अपराध, कानून व्यवस्था सहित तमाम बातों को लेकर राजद विधायक सत्ता पक्ष पर हमलावर थे। राजद विधायक मुकेश रौशन हाथ में पोस्टर लेकर सदन के बाहर नारेबाजी कर रहे थे। उनके हाथ में एक पोस्टर था जिसमें लिखा था कि शराब नहीं किताब दो, मदिरालय नहीं पुस्तकालय दो..। राजद विधायक ने कहा कि बिहार में अवैध रुप से शराब का कारोबार चल रहा है। सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए। 2016 से शराबबंदी कानून लागू है और 2025 हो गया, लेकिन 9 साल बाद भी शराब का कारोबार जारी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार से पूर्ण शराबबंदी की मांग करती है।

### जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा पर की समीक्षात्मक बैठक

# चेनारी-कुदरा मल्हीपुर स्टेट हाइवे अब फोर लेन में किया जाएगा तब्दील : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान मल्हीपुर में कई विकास कार्यों की घोषणा की योजनाओं को स्वीकृति भी मिली उसे धरातल पर कैसे लागू किया जाए इसको लेकर बुधवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह अधिकारियों के साथ चेनारी प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि चेनारी कुदरा मल्हीपुर स्टेट हाईवे अब फोर लेन में तब्दील किया जाएगा इसकी स्वीकृति भी माननीय द्वारा मिल गई है इसे फौरन तब्दील किया जाएगा जिसमें 173 करोड़ लागत रुपए खर्च हो रहे है। उन्होंने कहा कि चेनारी कुदरा चौड़ीकरण की प्रस्ताव पारित किया गया है 25 फरवरी को कैबिनेट द्वारा अप्रूवल दे दिया गया है उसी का हमलोग बैठक में समीक्षा कर रहे हैं। जिलाधिकारी सड़क निर्माण में आने वाली समस्याओं की जानकारी स्थानीय लोगों से ली उसके बाद उन्होंने दुर्गावती जलाशय परियोजना पहुंच इको टूरिज्म पार्क निर्माण स्थल का निरीक्षण किया वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। बातचीत कर गुप्ता धाम पहुंचकर जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में पूजा अर्चना किया तथा अधिकारियों के साथ एक बैठक की कहा कि विगत कई वर्षों से यहां गुप्ता धाम महोत्सव का आयोजन किया जाता है संभवतः 18 मार्च से बीच 20 मार्च के बीच गुप्ता धाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अभी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने अधिकारियों से गुफा के मुख्य द्वार पर अधिक भीड़ देखते हुए बेरिकेटिंग गुप्ता धाम द्वार पर रोलिंग ऑक्सीजन गैस प्लांट संबंधित जानकारी ली तथा कहा कि भारी संख्या में लोग यहां आते हैं, लेकिन मोबाइल नेटवर्क की व्यवस्था नहीं है इसलिए श्रद्धालुओं के लिए नेटवर्क सोलर लाइट से बिजली की व्यवस्था की बात की उसी से सोलर प्लांट से समरसेबल चालू कर अस्थाई प्रयोग का निर्माण करने संबंधित विषय पर अधिकारियों से चर्चा किया। उनके साथ वन विभाग के डीएफओ मनीष कुमार से भी बातचीत की। साथ में एसपी रोशन कुमार, विजय शंकर पांडे, एडीएम सुबोध कुमार, एसडीएम आशुतोष रंजन, डीपीआरओ रविकांत सिंह, पंचायत के मुखिया ज्ञानचंद सिंह कुशवाहा, बीडीओ प्रियंका कुमारी के अलावा और भी अधिकारी शामिल थे।

## पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरी साहनी ने मृतक की दो बेटियों को लिया गोद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग में धनीचक मोड़ के पास बीते रविवार की देर रात सामूहिक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी जिसमें चार मृतक डोरी पर गांव के और दो बेगमचक गांव की और एक हांसडीह गांव के रहने वाले थे। ऐसे में बुधवार को बिहार सरकार के पिछड़ा अति पिछड़ा कल्याण मंत्री हरि साहनी डोरी पर गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर यथासंभव मदद करने का भरोसा जताते हुए मृतक की दो बेटियों को पठन-पाठन के लिए जिम्मा उठाया, उन्हें गोद लिया है और कहा कि उमेश बिंद और विनय बिंद दोनों की बेटियों को आज से हमने गोद लिया है। इसके सभी पढ़ाई का खर्च हम उठायेंगे। दोनों मृतक की बेटी में से एक कक्षा पांच में और एक कक्षा आठ में पढ़ाई करती हैं जिसे 12वीं कक्षा तक पढ़ने का जिम्मा मंत्री हरी साहनी ने लिया है।

# बालू लदे हाइवा की चपेट में आने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत

## रतू बीघा सहित तीन स्थानों पर लगाए जाएंगे ब्रेकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के रतु बीघा चौराहे के पास बुधवार के दोपहर 14 चक्का हाइवा की चपेट में आने से अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के अंसार मोहल्ला के रहने वाले कमालुद्दीन अंसारी के 4 वर्षीय पुत्र कासीव राजा का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होने पर लगभग 4 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस के द्वारा उपेंद्र निरहिट टेक कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. के बालू लदे हाइवे नंबर जे एच 03 ए एफ/ 8191 को जब्त कर लिया गया है। वही मौके से ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर में नो एंट्री लगाने, तीन स्थानों पर ब्रेकर लगाने, मृतक परिवार को मुआवजा देने, छाई रोड को बंद करने सहित कई अन्य मांगे लोगों के द्वारा रखा गया। मौके पर उपस्थित एएसपी कोटा किरण कुमार एवं अवर निर्वाचन अधिकारी सह मजिस्ट्रेट संतोष कुमार सिंह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेश कुमार डालमियानगर थानाध्यक्ष खुशी राज सहित अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। शव के पंचनामा को लेकर घंटों मशक्कत के बाद जाम को हटवाया गया। मौके पर डिहरी थाना अकोढी गोला थाना डालमियानगर थाना की टीम मौजूद रही। वहीं मौके पर उपस्थित अवर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष सिंह एवं एएसपी कोटा किरण कुमार ने ग्रामीणों की मांग पर उच्च पदाधिकारी से विचार-विमर्श किया तथा बताया कि सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक तक शहर में नो एंट्री लगा दिया गया है। वही छाई रोड में जगह-जगह हाइट गेज लगाए गए हैं वही रतु बीघा चौराहा, डॉक्टर जैन के क्लिनिक के पास के पास तथा मौनिया बीघा चौक के पास ब्रेकर लगाया जाएगा। इन्होंने बताया कि नियमानुसार मृतक बच्चे के गार्जियन को सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सरकारी सहायता दी जाएगी।

## नहीं रहे पूर्व विधायक ओम प्रकाश पासवान : डा.सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि फतुहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश पासवान का असमय निधन की खबर सुनकर मर्माहत हूं। वे कुशल राजनेता, गरीब, मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके असमय निधन से पार्टी एवं परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि स्व. पासवान जी के आत्मा को शान्ति प्रदान करें और परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

# परिवहन विभाग ने जिलाधिकारी उदिता सिंह को अवार्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** डीटीओ रामबाबू ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में बेहतर प्रदर्शन में रोहतास जिला अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया। बताया गया कि रोहतास जिला परिवहन पदाधिकारी रामबाबू के मौजूदगी में रोहतास जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर बेहतर कार्य करने पर यह सफलता हाथ लगी है। डीटीओ रामबाबू ने बताया कि रोहतास जिलाधिकारी को सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। डीएम उदिता सिंह ने बताया कि 'सड़क सुरक्षा माह, 2025' का आयोजन परिवहन पदाधिकारी रामबाबू के मौजूदगी में बेहतर प्रदर्शन के साथ किया गया जहां सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों का आयोजन किया गया। बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् एवं इसके अधीन गठित समितियां विभाग / प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके फलस्वरूप मृतकों की संख्या को न्यून करने हेतु प्रयास सराहनीय है। जिलाधिकारी ने लोगों से सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों को अनुपालन करने का अपील किया है। वहीं उत्कृष्ट कार्य को लेकर सचिव, परिवहन विभाग-सह-सदस्य सचिव, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद्, पटना ने अवार्ड सहीत एक प्रशस्ति पत्र भी डीएम सहित जिला परिवहन पदाधिकारी राम बाबू को देकर सम्मानित किया है।

# प्रभा एकेडमी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

## बालिका शिक्षा पर प्रस्तुत किया शिक्षाप्रद नाटक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड के हुरका गांव स्थित प्रभा एकेडमी विद्यालय स्कूल मंगलवार को वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कविता पाठ, नृत्य, माइम, हास्य नाटक, झांकी, एकल गायन और कठपुतली नृत्य जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने कहा कि आज इस विद्यालय में आकर मुझे विश्वास नहीं हुआ कि गांव में भी बच्चों के लिए इतना अच्छा स्मार्ट स्कूल चल रहा होगा। इस स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं को देखने के बाद मैं कह सकती हूं कि शहरों वाले स्कूल की सभी सुविधा यहां बच्चों के लिए उपलब्ध हैं। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रस्तुत किया गया नाटक मेरे दिल को छू गया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने संदेश दिया कि सोशल प्लेटफॉर्म के हमलोग इतने आदि हो गये हैं कि बच्चों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। हम अपना समय मोबाइल फोन सोशल मीडिया में न देकर ज्यादा से ज्यादा हम अपने बच्चों के साथ समय बिताएं। तभी जाकर हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सकेगा। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नारायण मेडिकल कॉलेज जमुहार के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाइटेक विद्यालय का खोला जन शिक्षा जगत में क्रांति है और यह विद्यालय आगे चलकर बहुत बड़ा रूप लेगा। इसके लिए समाज का काफी सहयोग भी रहेगा। ग्रामीण स्तर पर ऐसे हाई टेक्नोलॉजी से लैस विद्यालय का खोला जाना यह सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था का परिचायक है। वहीं, विद्यालय के निदेशक शशि रंजन सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, स्कूली बच्चों ने अहमियत पर जोर दिया और छात्रों को कड़ी मेहनत, माता-पिता का सम्मान और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए। सोशल मीडिया से संबंधित नाटक प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने नाटक में यह बताया कि आजकल सोशल मीडिया का दुरुपयोग कैसे किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से की गयी। वहीं इस मौके पर राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र राय और कमलेश कुमार, चर्चित शिक्षाविद ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ ओम जी, बीइओ रजनीश कुमार, तिलौथू की जिला पार्षद विमल कुंवर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के प्राचार्य मैकू राम, तिलौथू प्रेस क्लब की टीम व अन्य लोग उपस्थित थे।

## घर-घर पहुंच रहे जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** जन सुराज पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं। पार्टी के जनाधार बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ रहे हैं। बुधवार को खरहना व सलथुआ पंचायत के कई गांवों में अभियान चलाया गया। इसके पूर्व पंचपोखरी व डेरवा पंचायत के गांवों में सैकड़ों लोगों को सदस्य बनाया गया। कार्यकर्ताओं का कहना है आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर घूम रहे हैं। सदस्यता अभियान में जिला सचिव उमेश पांडेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह प्रखंड प्रभारी जनार्दन पासवान, अनुमंडल सचिव प्रवीण कुमार सिंह, प्रखंड युवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED (CIN: U40108JH2013SGC001704), OFFICE OF THE GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-IV, MEDININAGAR**
Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short E- Tender Notice**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| S. No. | e-NIT No. | Name of Work | EMD | Tender Fee including GST @18% |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 493/PR/JUSNL /2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Daltonganj for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 31,400/- | Rs. 5,900/- |
| 2 | 494/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Latehar for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 30,500/- | Rs. 5,900/- |
| 3 | 495/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Garhwa Road for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 30,700/- | Rs. 5,900/- |
| 4 | 496/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Japla for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 31,100/- | Rs. 5,900/- |
| 5 | 497/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Meral for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 23,300/- | Rs. 2,950/- |
| 6 | 498/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 220/132kV Grid Sub Station, Bhagodih for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 39,500/- | Rs. 5,900/- |
| 7 | 499/PR/JUSNL/ 2024-25 | Annual maintenance work of 220 kV & 132 kV part including 02 nos. 220/132 kV, 150 MVA ICTs at 400/220/132 kV GSS Latehar for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 72,200/- | Rs. 5,900/- |

1. Start date time for download of tender paper : **07/03/2025 at 02:00 PM.**
2. Last date and time for upload of tender : **21/03/2025 upto 03:00 PM.**
3. Due date and time of opening of part-I : **22/03/2025 at 12:30 PM.**
4. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
5. The bids will be received through electronic tendering mode only.
6. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
7. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
8. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Trans. Zone-IV)
(Medininagar)

PR 347898 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D


# हुरका पंचायत में महिला दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण पर हुई चर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 5 मार्च 2025 को, हुरका पंचायत सरकार भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुरका पंचायत की मुखिया संजू देवी ने की। कार्यक्रम में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा, उनके अधिकार, सशक्तिकरण तथा महिला उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुखिया संजू देवी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने बल दिया कि पंचायत स्तर पर ही महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने महिला हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और इसके खिलाफ सख्त कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की। साथ ही, महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास के लिए पंचायत स्तर पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत की कई गणमान्य महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया और सभी को जागरूक रहने तथा अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने की अपील की गई।

# रेलवे बोर्ड द्वारा उच्च स्तरीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं आरआरबी द्वारा/केंद्रीयकृत परीक्षा सीबीटी के माध्यम से की जाएंगी। सभी क्षेत्रीय रेलवे परीक्षा के लिए एक कैलेंडर बनाया जाएगा। सभी परीक्षाएं कैलेंडर के आधार पर ही आयोजित की जाएंगी। हाल के वर्षों में आरआरबी द्वारा आयोजित पारदर्शी, निष्पक्ष और अत्यधिक प्रशंसनीय परीक्षाओं के लंबे अनुभव के बाद यह निर्णय लिया गया है। बिना किसी शिकायत के पूरी पारदर्शिता के साथ आरआरबी द्वारा परीक्षाएं आयोजित की जाती रहीं हैं । 2015 से लेकर आज तक 07 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों की परीक्षा बिना किसी पेपर लीक, प्रतिरूपण, रिमोट लॉग-इन और जासूसी उपकरणों के उपयोग द्वारा कंप्यूटर आधारित परीक्षणों के माध्यम से ली गई है। आरआरबी द्वारा परीक्षा आयोजित करने की विभिन्न प्रक्रियाएं एवं सावधानियां - आरआरबी द्वारा परीक्षा आयोजित करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से विभिन्न मापदंडों को पूरा करने वाली एजेंसी का चयन किया गया था। रेलवे टीम द्वारा परीक्षा केंद्र का ऑडिट यथा - बाहर बाथरूम की अनुमति नहीं, 100प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज और रिकॉर्डिंग परीक्षा से 2 घंटे पहले और परीक्षा के 1 घंटे बाद तक की जाती है। बेहतर रिज़ॉल्यूशन, विश्वसनीय और निर्बाध कनेक्शन के लिए आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी। ऑडिट उद्देश्य के लिए सभी माउस और कुंजी क्लिक को टाइम स्टैम्प के साथ रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। परीक्षा के शहर के बारे में जानकारी परीक्षा की वास्तविक तिथि से लगभग दस दिन पहले बताई जाती है। परीक्षा का स्थान/केंद्र परीक्षा से केवल चार दिन पहले उपलब्ध कराया जाता है। परीक्षा केंद्र को मैन्युअल हस्तक्षेप से बचते हुए कम्प्यूटरीकृत यादृच्छिक पीढ़ी के माध्यम से आवंटित किया जाता है। केंद्र के अंदर, प्रयोगशाला का आवंटन और बफर नोड्स सहित नोड्स, सभी स्वचालित, यादृच्छिक रूप से उत्पन्न होते हैं। संचालन दल और केंद्र के लोगों को परीक्षा से ठीक दो घंटे पहले उम्मीदवार के बारे में जानकारी मिलती है। परीक्षा केंद्रों में, उम्मीदवारों की जांच और तलाशी मेटल डिटेक्टरों से की जाती है।


**जिला-गढ़वा**
**निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) -सह- उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर**

**सूचना**

निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) –सह– उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर द्वारा खनिज संबंधित निम्नलिखित बकायादारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व की भुगतान नही होने के फलस्वरूप कुर्की वारंट निर्गत किया गया है :–

| क्रम सं० | प्रोसेस संख्या | देनदार का नाम एवं पता | मुकदमा संख्या | राशि | संबंधित थाना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 237 / 22.11.2024 | मो० ताज खान, पिता मो० नवाज खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 27 / 1990–1991 | 22435.00 | गढ़वा |
| 2 | 191 / 30.10.2024 | मो० जैनुल शेख, पिता मो० शेख अल्लामुद्धीन खान, ग्राम–कुद्धे खुर्द, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 20 / 1990–1991 | 12964.00 | गढ़वा |
| 3 | 190 / 30.10.2024 | मो० नसरूद्दीन खान, पिता मो० ताज खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 21 / 1990–1991 | 16156.00 | गढ़वा |
| 4 | 189 / 30.10.2024 | मो० युसूफ खान, पिता मो० सरीफ खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 23 / 1990–1991 | 18549.00 | गढ़वा |
| 5 | 188 / 30.10.2024 | श्री कमल कुमार चौधरी, पिता स्व० बाबुल चौधरी, रानी सती मंदिर, रातु रोड़, राँची। | 33 / 1990–1991 | 518451.00 | रातू, राँची |
| 6 | 180 / 30.10.2024 | श्री राम कृष्ण पाण्डेय, पिता श्री काशी पाण्डेय, ग्राम–पिपरा कला, पो०+थाना+जिला–गढ़वा। | 113 / 1993–1994 | 25310.00 | गढ़वा |
| 7 | 179 / 30.10.2024 | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, पिता श्री इन्द्रदेव प्रसाद यादव, ग्राम–मकरी, धंगरडीहा टोला, पो०+थाना – भवनाथपुर ,जिला–गढ़वा। | 32 / 1993–1994 | 143326.00 | भवनाथपुर |
| 8 | 52 / 19.02.2025 | श्री विषुनी सिंह, पिता स्व० बनवारी सिंह, ग्राम–हलिवन्ता खुर्द, पो०–हलिवन्ता कला, थाना–नगर उटारी, जिला–गढ़वा। | 35 / 1994–1995 | 158639.00 | नगर उटारी |
| 9 | 54 / 19.02.2025 | श्री अनिल कुमार सिंह, पिता श्री सिताराम सिंह, ग्राम+पो०–सोनपुरवा, थाना+जिला–गढ़वा। | 03 / 1994–1995 | 97188.00 | गढ़वा |
| 10 | 62 / 19.02.2025 | श्री बिजय सिंह, पिता श्री मुनर सिंह, ग्राम+पो०–मोखे, थाना–मझिआंव, जिला–गढ़वा। | 08 / 2002–2003 | 109824.00 | मझिआंव |
| 11 | 69 / 19.02.2025 | श्री ददन सिंह, पिता श्री मुन्द्रिका सिंह, ग्राम+पो० – मोखे, थाना–मझिआंव, जिला–गढ़वा एवं अन्य। | 09 / 2002–2003 | 143590.00 | मझिआंव |
| 12 | 61 / 19.02.2025 | श्री बुधन यादव, पिता श्री मंगी यादव, ग्राम–महबनिया, पो०–महबनिया, थाना–नगर उटारी, जिला–गढ़वा। | 13 / 2002–2003 | 62086.00 | नगर उटारी |
| 13 | 60 / 19.02.2025 | मो० रशीद, पिता मो० नुर मोहम्मद, ग्राम–धांगरडीह, पो०–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा। | 15 / 2002–2003 | 12163.00 | गढ़वा |
| 14 | 59 / 19.02.2025 | श्री अनिल तिवारी, पिता श्री खखन तिवारी, ग्राम–गिजनी, पो०–बेलहार, थाना+जिला–गढ़वा। | 17 / 2002–2003 | 33252.00 | गढ़वा |
| 15 | 58 / 19.02.2025 | श्री सुरेष भुईया, पिता श्री नकछेदी भुईया, ग्राम–महुलिया, पो०–सोह, थाना+जिला–गढ़वा। | 22 / 2002–2003 | 9067.00 | गढ़वा |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन) पलामू अंचल के न्यायालय को सूचित करें।

नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन)
पलामू अंचल, मेदिनीनगर

PR 347844 Urban Development (24-25)_D


## अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज धराए, जेल

**कुदरा (नबिटा सं.)।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। धराए धंधेबाजों से धंधे में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराया धंधेबाज विश्रामपुर गांव के अरुण चौधरी पिता हीरा चौधरी व नसेज गांव के पंकज कुमार पिता अजय सिंह दोनों थाना कुदरा जिला कैमूर के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि धंधेबाजों के पास से दस पीस शराब बरामद किया गया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

सतबरवा थाना कांड सं0–100 / 2024, दिनांक 25.08.2024, धारा–308 बी0एन0एस0, 25(1–बी0)ए0 / 26 / 35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथ0 अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ अखिलेश जी पे0 गुली यादव ग्राम हुटाई थाना पांकी जिला पलामू के संबंध में सूचना / जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सतबरवा :– 6207146741

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 347858 Police (24-25)_D

## एक नजर

### जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बने एजाज अली मुन्ना और प्रभाकर

**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के नए कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। जिसमें सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह अध्यक्ष बने हैं। इसके साथ-साथ मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर डॉ अनुज कुमार को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष के द्वारा एजाज अली मुन्ना को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ वरीय कांग्रेसी रहे कृष्ण कुमार प्रभाकर को भी कांग्रेस का प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर दोनों नेताओं ने पार्टी जिला अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि मीडिया के समक्ष हमेशा जनहित से जुड़े मुद्दे को रखने का प्रयास करूंगा। दूसरी तरफ कृष्ण कुमार प्रभाकर और एजाज अली मुन्ना को प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर दर्जनों कांग्रेसियों ने दोनों को बधाई दी है ।

### शराब के साथ सगे भाई गिरफ्तार

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मीना बाजार में 58.920 लीटर विदेशी शराब के साथ दो सगे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार क्या है। हिलसा प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मीना बाजार मे पुलिस गश्ती कर रही थी इसी दौरान शक के अनुसार गुमटी मे तलाशी ली गई जहां11.800 लीटर अंग्रेजी शराब मिला, गुमटी संचालक भट्टविगहा गांव निवासी धनेश प्रसाद के दोनों पुत्र मुकेश कुमार एवं अनु कुमार से पूछताछ किया गया। निसंदेही पर उसके घर भट्टविगहा गांव मे तैलाशी किया गया जहां अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। गुमटी एवं घर में कुल मिलाकर अंग्रेजी शराब 58.920 लिटर विदेशी शराब जब्त किया गया। वही दो कारोबारी को मौके पर धर दबोचा भी गया है। जो अनु कुमार एवं मुकेश कुमार दोनों सगे भाई हैं। हिलसा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश के समझ प्रस्तुत कर दिया गया है।

### चोरी की बाइक बरामद

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के सिपारा गांव में बुधवार को लावारिस हालत में एक बाइक को पुलिस ने बरामद किया है। हिलसा थाना के दरोगा दिलीप कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिला की सिपारा गांव के पास लावारिस हालत में सड़क किनारे एक बाइक पड़ा हुआ है। सूचना को सत्यापन करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे जहां बाइक को बरामद कर थाना मे लाया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हिलसा थाना में बाइक चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज खजुरबन्ना पूर्वी पटेल नगर निवासी चंद महतो के पुत्र मनोज कुमार जो कि बैंक कर्मी है उनके द्वारा कराया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटा के अंदर ही चोरी का बाइक पुलिस ने बरामद कर लिया गया। फिलहाल बाइक चोर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस जगह-जगह पर छापामारी कर रही है।

### आवास योजना के लाभुकों को बीडीओ ने दिया स्वीकृति पत्र

**पकरीबरावां।** प्रखंड कार्यालय पकरीबरावां में बुधवार को वित्तीय वर्ष-2024-25 में चयनित लाभुकों को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने स्वीकृति पत्र दी। साथ ही वित्तीय वर्ष- 2024- 25 के लाभुकों को जिन्होंने आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें सांकेतिक चाबी प्रदान की गई। बीडीओ ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में आवास पूर्ण करा चुके लाभुकों को सांकेतिक चाबी प्रदान की गई है। उनका गृह प्रवेश होना है। जिन लाभुकों को आवास बनाने हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द आवास निर्माण कराने को कहा गया। मौके पर एरुरी पंचायत के मुखिया विनय कुमार, आवास सहायक रणजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### डुमरावां संकुल में विद्यालय शिक्षा समिति की ट्रेनिंग 7 से

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के संकुल संसाधन केंद्र डुमरावां अंतर्गत सात विद्यालयों के विद्यालय शिक्षा समिति के छह सदस्यों का प्रशिक्षण 7 मार्च से 9 मार्च तक होगा। इसके लिए शिड्यूल जारी कर दिया गया है। विद्यालयों के प्रधानों को इसकी सूचना दे दी गई है।

### पकरीबरावां के 18 शारीरिक शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के 18 शारीरक शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 7 मार्च एवं 8 मार्च को डायट नवादा में होगा। इन शिक्षकों को शिक्षा एवं कल्याण का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण होगा।

### योगा परिवार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**नवादा।** योग परिवार की ओर से शहर के गांधी स्कूल मैदान में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पतंजलि योग गुरु सत्येंद्र कुमार, रिंकी देवी एवं संगठन मंत्री रंधीर कुमार ने इस समारोह का आयोजन बहुत ही धूमऽधाम से करवाया। पतंजलि योग परिवार के संगठन मंत्री रंधीर कुमार ने बताया कि सुबह 6 बजे योग शिविर में सभी उम्र के महिला एवं पुरुष शामिल हुए। मौके पर संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित होकर आपस में फूल और अबीर से होली खेली साथ ही एक दूसरे को स्वादिष्ट पकवान खिलाकर होली का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणु देवी, रितु कुमारी, शरद माथुर, अविनाश राज, रितेश कुमार, आदित्य जी, बबलू जी, भूषण जी, रतन जी, रूबी जी, नेहा जी, पुष्पा जी, मुस्कान राज, रेशमा जी, रुक्मिणी जी, तारा देवी, निभा जी आदि लोगों का योगदान रहा।

### आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन का मना 11वां स्थापना दिवस

**नवादा।** आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन का 11वां स्थापना दिवस नवादा के प्रेस भवन नवादा में पूरे धूमधाम से बुधवार को मनाया गया। आईरा से जुड़े पत्रकारों ने केक काटकर खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के मजबूती और उसके विस्तार पर चर्चा किया। आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश सचिव सुनील कुमार, मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, जिला अध्यक्ष सनोज कुमार संगम, सचिव अनंत कुमार सहित कई सदस्यों ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यह संस्था प्रखंड स्तर के साथ जिला और राज्य के साथ देश और विदेशों में भी पत्रकार बंधुओं की आवाज बनकर खड़ा है। अगर आईरा के किसी भी सदस्य के साथ खबर बनाने को लेकर कोई भी समस्या उत्पन्न होती है,तो आईरा संगठन हमेशा अपने सदस्यों के साथ खड़ा रहता है। वहीं प्रमंडल अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि आज का दिन पत्रकारों के लिए बहुत हीं बड़ा दिन हैं। विश्व के सबसे बड़े मीडिया संगठन आईरा इंटरनेशनल का 11वां स्थापना दिवस है।

## पेज 1 का शेष

### मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया ....

सरकारी कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों और बस पड़ावों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। सचिव ने बताया कि श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तर पर पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, श्रम संघों और एनजीओ के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी जिससे समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हो। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रखंड स्तर पर अधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर माइक्रो प्लान तैयार करेंगे। शिविरों के दौरान पर्याप्त मात्रा में ऐप से संबंधित पंजीकरण फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान की सख्त निगरानी के लिए हर जिले में श्रम अधीक्षक को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हर शाम अपने कार्यों का प्रतिवेदन श्रम अधीक्षक को देंगे। सहायक श्रमायुक्त हर दो दिन में और उप श्रमायुक्त साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मौके पर श्रमायुक्त राजेश भारती ने बताया कि सरकार ने इस विशेष अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों और एक श्रम अधीक्षक को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की भी घोषणा की है। बिहार सरकार इस ऐप के माध्यम से प्रवासी कामगारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उनके सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। यह ऐप न केवल प्रवासी श्रमिकों को एक मजबूत मंच देगा बल्कि राज्य के विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। तो यदि आप एक प्रवासी कामगार हैं, तो जल्द से जल्द 'बिहार प्रवासी कामगार ऐप' पर अपना पंजीकरण कराएं और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत तीन लाख लाभुकों को 1200 करोड़ रुपये की दी गई सहायता राशि

## प्रथम किस्त के रूप में राशि का हस्तांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभुकों के बैंक खातों में प्रथम किस्त के रूप में 1200 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार, नवादा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रसारण को दिखाया गया। नवादा जिले के अंतर्गत 10,071 लाभुकों को कुल 40 करोड़ 28 लाख 40 हजार रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त, द्वारा छह लाभुकों - गीता देवी, सुनैना देवी, पूजा देवी, प्रमिला देवी, सुनीता देवी एवं सीमा देवी को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शेष लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। जिन लाभुकों के आवास निर्माण पूर्ण हो चुके थे, उन्हें चाभी भी सौंपी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का उद्देश्य राज्य के बेघर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का आवास प्रदान करना है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को तीन किस्तों में कुल 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है,




जिसमें केंद्रांश 60 प्रतिशत (72,000 रुपये) तथा राज्यांश 40 प्रतिशत (48,000 रुपये) शामिल है। मनरेगा के तहत 90 दिनों की अकुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रुपये दिए जाते हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इस प्रकार, लाभुकों को कुल 1,54,050 रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत बिहार को 7,90,648 आवासों का लक्ष्य प्राप्त है, जिसमें से 6,75,915 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी जा चुकी है। अब तक 2,44,450 लाभुकों को प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है। आज के कार्यक्रम में तीन लाख लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 1200 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस योजना के तहत इन परिवारों को कुल 4,621.50 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्राप्त होगी।

# बीएमपी कैंप के लिए मगध आईजी ने स्थलों का किया भौतिक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में बीएमपी कैंप के लिए बुधवार को मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह ने तीन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान नवादा एसपी अभिनव धीमान, रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार रजौली क्षेत्र में बीएमपी कैंप बनाए जाने को लेकर प्रशासनिक गतिविधि में तेजी देखी जा रही है। बीएमपी कैंप के लिए लगभग 40 एकड़ जमीन की मांग बताई जा रही है।इसी को लेकर रजौली के रजौली पूर्वी पंचायत स्थित झिरझो, फरका बुजुर्ग पंचायत के चमरबिगहा एवं हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के पार स्थित सरकारी भूमि का भौतिक निरीक्षण मगध रेंज के आईजी ने किया हालांकि बीएमपी कैंप को लेकर अभी तक स्थल को चिन्हित नहीं किया गया है। वहीं आईजी एवं एसपी के क्षेत्र भ्रमण से खनन माफियाओं, शराब धंधेबाजों एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों में डर का माहौल है।रजौली क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत में दर्जनों अभ्रक खदान है, जहां दिन के उजाले से लेकर रात्रि के अंधेर में ब्लास्टिंग कर अवैध खनन माफियाओं के गिरोह द्वारा जारी है। वहीं दुर्गम घने जंगली क्षेत्रों में शराब निर्माण में जुड़े दर्जनों शराब धंधेबाजों के मन में भी भय व्याप्त है हालांकि पुलिस एवं उत्पाद बल शराब धंधेबाजों के विरुद्ध जंगली क्षेत्र में लगातार कार्रवाई करते आ रहे हैं, किंतु पुलिस के हटते ही दूसरे स्थलों का चयन कर शराब धंधेबाज पुनः शराब निर्माण में जुड़ जाते हैं। जंगली क्षेत्रों में बीएमपी कैंप लगाए जाने के बाद शराब धंधेबाजों पर नकेल कसा जा सकता है। इसके अलावे सवैयाटांड़ एवं हरदिया पंचायत के पहाड़ियों एवं घने जंगलों में अफीम की खेती करने वाले लोगों पर भी लगाम लग सकेगा।

# दिनदहाड़े बाइक सवार युवक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र इलाके में अब अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं। दिनदहाड़े गोली चला रहे हैं। पुलिस से कोई भय नहीं नजर आ रहा है। मामला रहुई थाना क्षेत्र के भंडारी मोड़ के पास की है। बुधवार की सुबह 10 बजे दिनदहाड़े बाइक सवार एक युवक की अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी की पहचान वेना थाना क्षेत्र के पैठना गांव निवासी धर्मवीर प्रसाद के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। अभिषेक बुधवार की सुबह बिंद थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव से बाइक से रहुई की ओर आ रहा था तभी भंडारी गांव के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने युवक को गोली मार दिया। जिससे युवक के दाहिने पैर गुठनि के उपर लगा और जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। बदमाशों ने मौके पर घायल युवक का बाइक लेकर बड़े आसानी से फरार हो गया। घटना की सूचना डायल 112 को दिया गया। जहां डायल 112 ने घटना की जानकारी रहुई थाना को दिया। सूचना पाकर डायल 112 और थाना पुलिस ने उक्त स्थल पर पुचकार जांच किया। जहां जख्मी युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई लाया गया। चिकित्सों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर जख्मी को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई हैं।

### शराब लेकर आ रहा धंधेबाज धराया

**बिहारशरीफ।** होली नजदीक आते हीं धंधेबाज सक्रिय हो गये। बुधबार को नालंदा रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने श्रमजीवी एक्सप्रेस से शराब लेकर आ रहा तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया। धंधेबाजों की पहचान गजराज बिगहा के अजय सिंह का पुत्र हेमंत कुमार, शिवकुमार सिंह का पुत्र सुमित कुमार तथा जयराम राम का नबालिक पुत्र है। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि शराब धंधेबाजों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ट्रेन से शराब आने की सूचना मिली। टीम गठित कर छापामारी की गई। युवक बाइक लेकर अपने साथी का इंतजार कर रहा था। तीनों बाइक पर सवार होकर जाने लगा। पुलिस ने जब बाइक को रोकने का प्रयास किया तो वे तेज गति से भागने लगे। खदेड़कर तीनों को पकड़ लिया गया। उसके पास ट्रॉली बैग में 30 बोतल विदेशी शराब मिला। बाइक को जब्त कर तीनों को उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय के सुपूर्त कर दिया गया। दूसरी ओर उत्पाद विभाग ने कुल गांव के ठाकुरबाड़ी के पास राम मंदिर के बगल के खेत से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया। उत्पाद अधीक्षक उमाशंकर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई।

### किसानों के बीच अनुदानित दर पर हाइब्रिड बीज का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर के किसान भवन में प्रखंड के किसानों के बीच अनुदानित दर पर मूंग और मक्के की हाइब्रिड बीज का वितरण किया जा रहा है। जिसे लेने के लिए दर्जनों की संख्या में किसान रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अप्लाई कर अंगूठा लगा अनुदानित दर पर चार केजी मक्का और आठ केजी मूंग का बीज का लाभ उठा रहे हैं। बिहार सरकार द्वारा किसानों को उन्नत बीच उपलब्ध कराने के लिए अनुदानित दर पर हाइब्रिड बीज वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें किसानों को पहले किसान रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बीच के लिए आवेदन देना होता है। उसके उपरांत मोबाइल पर प्राप्त हुए ओटीपी के आधार पर किसान भवन में फिंगरप्रिंट के माध्यम से उन किसानों को अनुदानित दर पर अच्छे किस्म और ज्यादा पैदावार के बीच उपलब्ध कराए जाते हैं। जिसमें अभी प्रत्येक किसान को 4 किलोग्राम मक्का और आठ किलोग्राम मूंग की उन्नत नस्ल की बीच

# एसएन सिन्हा व महिला कॉलेजों में गलत विषय के चयन से विद्यार्थी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा और महिला महाविद्यालय में सत्र 2024 28 सेमेस्टर वन की परीक्षा चल हो रही है। इस दौरान 2023 27 में नामांकित विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम किसी कारण से पेंडिंग में था। वैसे विद्यार्थी भी परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दे रहे हैं। लेकिन एडमिट कार्ड में गलत विषय रहने के कारण वैसे विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह रहे हैं या कॉलेज द्वारा सुधार करवा कर परीक्षा दे रहे हैं। जिनका परीक्षा परिणाम प्रभावित होना तय है। बता दें कि सत्र 2023-27 में नामांकित विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड में विश्वविद्यालय की गलती के कारण बड़ी मात्रा में त्रुटि मौजूद थी। जिसमें सुधार भी किया गया था। बावजूद एसएन सिन्हा महाविद्यालय के दर्जन भर विद्यार्थी के एडमिट कार्ड में त्रुटि मौजूद है। इस संबंध में कालेज कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार कला, विज्ञान व अन्य विषय के साथ एमडीसी में जो विषय लिया जाना चाहिए था। वह विषय नहीं लिया गया। जिस कारण इस प्रकार की परेशानी उत्पन्न हुई है।बता दें कि विश्वविद्यालय के पोर्टल पर युक्त सत्र के विद्यार्थियों का ऑनलाइन फॉर्म भरा गया था। जिसमें विषय आदि पहले से भरा हुआ था या रसीद में उपलब्ध था। जिसका भुगतान विद्यार्थियों करना था। लेकिन विज्ञान, कला व अन्य विषय के साथ कौन सा विषय को लिया जाना है की जानकारी नहीं रहने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए विषय पर ही भुगतान विद्यार्थियों द्वारा कर दिया गया। जिस कारण दर्जन भर से अधिक विद्यार्थी गलत विषयों के कारण परीक्षा से वंचित रह रहे हैं या सुधार कर परीक्षा लिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु प्रचार वाहन रथ को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा द्वारा 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन रथ को सिविल कोर्ट, नवादा के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन रथ नवादा शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाकर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं लाभों के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही, इस अवसर पर लोक अदालत से संबंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें एवं अपने लंबित वादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करवा सकें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की सचिव कुमारी सरोज कीर्ति, जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग आपसी सहमति से अपने मामलों का निपटारा कर सकते हैं। इससे न केवल लंबित वादों के बोझ में कमी आएगी, बल्कि वादी एवं प्रतिवादी पक्षों के बीच आपसी सुलह से मामलों का न्यायपूर्ण, शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सकेगा।

**राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ**

विवादों का त्वरित एवं समाधान।

आपसी सहमति से विवादों का निपटारा, जिससे कोई अपील नहीं करनी पड़ती।

समाज में सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में सहायक।

राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 8 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी।

# अपहृत बच्ची का कुएं में मिला शव, परिवार में मचा हाहाकार

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के करमा गांव से गायब 5 वर्षीय बच्ची की कोई अता पता नहीं चलने के आक्रोश में ग्रामीणों ने कौआकोल रोह पथ को करमा गांव के पास जाम कर पुलिस प्रशासन का विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि ओमप्रकाश यादव की बच्ची जीविका भारती को गायब होने के बाद इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को देकर खोजबीन करने का आग्रह किया गया था। पर पुलिस पूरी तरह से लापरवाही बरती। जिसके कारण ही बच्ची की हत्या कर दी गई। मामले को लेकर पुलिस सक्रिय हो जाती तो बच्ची की हत्या नहीं होती। जाम की सूचना पर कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष दीपक कुमार वहां पहुंच कर जाम को हटवाने का प्रयास किया पर ग्रामीण नहीं माने। इस दरम्यान पुलिस को ग्रामीणों का कोपभाजन का भी शिकार होना पड़ा। तथा ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।


**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

सैरातो की बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन

आम सूचना संख्या– 03/2024–25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रफीगंज की सशक्त स्थायी समिति में पारित प्रस्ताव के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज क्षेत्रान्तर्गत परिचालिक वाहन हेतु सैराती की बन्दोबस्ती तथा खूले डाक द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए दिनांक– 26.03.2025 को 11:00 बजे पुर्वाहन में नगर पंचायत, रफीगंज के सभा कक्ष में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष निष्पादन किया जाएगा :–

| क्र०सं० | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की सूरक्षित राशि | डाक बोलने से पूर्व जमा की जाने वाली प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | बस स्टैन्ड की बन्दोवस्ती | 11,92,358/- | 2,38,472/- |
| 02. | रफीगंज चरकावां बजार बन्दोवस्ती | 2,97,467/- | 59,493/- |
| 03. | चौक बाजार की बन्दोवस्ती | 3,59,538/- | 71,908/- |

PR. No.020775 (B&C ) 2024-25

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, नि:शुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19/2024–25

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 28.02.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 13.03.2025, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 19.03.2025, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि तक एवं समय : दिनांक 20.03.2025 अपराह्न 11:00 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद अन्तर्गत IM-II/III & Special/ Ordinary चापाकल के मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य में उपयोगी मैन पावर एवं किराया पर वाहन आपूर्ति का कार्य | | | | | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GR. NO | Block | IM-II | IM-III | Special/ Ordinary | | | | | |
| 1 | Aurangabad | 280 | 150 | 30 | 1088932 | 21800 | 2500 | 590 | 12 माह |
| | Barun | 140 | 50 | 50 | | | | | |
| 2 | Deo | 265 | 125 | 30 | 1351397 | 27100 | 2500 | 590 | 12 माह |
| | Madanpur | 270 | 125 | 30 | | | | | |
| 3 | Navinagar | 290 | 150 | 0 | 1194907 | 23900 | 2500 | 590 | 12 माह |
| | Kutumba | 170 | 100 | 60 | | | | | |
| 4 | Rafiganj | 270 | 140 | 50 | 1086148 | 21800 | 2500 | 590 | 12 माह |
| | Goh | 130 | 70 | 50 | | | | | |
| 5 | Haspura | 90 | 45 | 50 | 742145 | 14900 | 1250 | 590 | 12 माह |
| | Daudnagar | 75 | 45 | 75 | | | | | |
| | Obra | 75 | 45 | 75 | | | | | |

1. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
2. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।
3. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar वेववाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 020766 (PHED) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन)

उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, गया अन्तर्गत उत्तर कोयल जलाशय योजना के निर्माण के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई ए0एन0 सिन्हा, समाज अध्ययन संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि रफीगंज अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **12.0149** एकड़ कुल मौजा–4, कुल प्लॉट–65 में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रफीगंज | चौबड़ा | दिनांकः– 07.03.2025<br>समयः– 11.00 बजे पूर्वा0 से<br>स्थलः– रफीगंज प्रखण्ड सभागार |
| 2 | | हाजीपुर | |
| 3 | | करमामसूद | |
| 4 | | अहमदपुर | |

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, रफीगंज अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, रफीगंज, अंचल निरीक्षक, रफीगंज एवं हल्का कर्मचारी, चौबड़ा, हाजीपुर, करमामसूद एवं अहमदपुर लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR- 021055 (Revenue) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# बिना ई-केवाईसी के राशनकार्डधारी पीडीएस लाभुकों का राशन कार्ड से नाम हटा दिया जाएगा : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में अब बिना ई-केवाईसी के राशनकार्डधारी पीडीएस लाभुकों का राशन कार्ड से नाम हटा दिया जाएगा। राशनकार्ड से नाम हटने के बाद वैसे लाभुकों को सरकारी अनाज की सुविधा से वंचित कर दिया जाएगा। 31 मार्च तक हर हाल में पीडीएस लाभुकों को राशन कार्ड से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में पीडीएस लाभुकों का राशनकार्ड से ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया है। बैठक में डीडीसी, डीआरडीए निदेशक, सभी एसडीओ, खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी एमओ मौजूद थे। डीएम ने कहा कि आपूर्ति विभाग द्वारा 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं का नाम राशनकार्ड से हटाते हुए उनको अनुदानित खाधान्न की आपूर्ति नहीं की जाए जिनका राशनकार्ड में नाम अंकित है तथा आधार भी जुड़ा हुआ है, लेकिन, ई-केवाईसी नहीं हुई है वैसे उपभोक्ता अपने नजदीकी पीडीएस दुकान पर जाकर पीडीएस दुकानदार के पास उपलब्ध ई-पॉश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करवा सकते हैं। ई-केवाईसी राशनकार्ड में अंकित सभी सदस्यो का करवाना अनिवार्य है। ई-केवाईसीके लिए कार्डधारी को स्वयं अपना राशनकार्ड और आधार कार्ड के साथ पीडीएस दुकान पर जाकर ई-पॉश मशीन पर अपना अंगूठा लगवाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना पड़ेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा मोबाइल से भी ई-केवाईसी कराने की भी सुविधा दी गयी है जो कि प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। अब राशनकार्ड उपभोक्ताओं को प्ले स्टोर से फ़ेसियल ई-केवाईसी एवं मेरा ई-केवाईसी एप्प डाउनलोड करना है। ताकि अब घर बैठे भी ई-केवाईसी की जा सकेगी।डीएम ने कहा कि फतेहपुर, डोभी, परैया एवं मोहरा में काफी प्रगति खराब है। डीएम ने सभी एमओ को कहा कि अपने क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक पर राशन कार्डधारी को इ-केवाईसी हर हाल में 20 मार्च तक तेजी से करवा लें। डीएम ने सभी एसडीओ को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में आधार बनाने का काउंटर संचालित है। कुछ प्रखंड में आधार बनाने का कार्य बंद है। उन प्रखंडों एवं उन क्षेत्रों में बगल के प्रखंड के साथ टैग करते हुए प्रतिदिन के हिसाब से पंचायत बार हर प्रखंड में रोस्टर तैयार करते हुए जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के माध्यम से राशन कार्ड को आधार से जोड़ने एवं ई-केवाईसी करवाने का निर्देश दिया गया है।

## दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रौशनगंज।** थाना क्षेत्र के बरमोरिया गांव में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती पर रौशनगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने गांव में पहुंचकर करीब दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। रौशनगंज थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार रात करीब आठ बजे गुप्त सूचना मिली थी कि बरमोरिया गांव में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे खेत को कब्जे में लेते हुए फसल को नष्ट कर दिया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर अवैध खेती को नहीं पनपने दिया जाएगा। अफीम की खेती में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जिले में पहले भी इस तरह की अवैध खेती की शिकायतें आती रही हैं, लेकिन इस बार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो एकड़ में लगी पूरी फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## मारपीट के बाद युवक को दिया जहर, घायल अवस्था में भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में मारपीट के बाद मुंह में जहर देने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया और प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज शिकायत में ग्राम पंचायत परसावां के ग्राम रूपसपुर निवासी वादी कृष्णा प्रसाद पिता दूधेश्वर यादव ने बताया है कि बीते दिन शाम साढ़े पांच बजे मेरा पुत्र पीयूष कुमार उर्फ टप्पू को अज्ञात लोगों ने जिनकी संख्या तीन था। तीनों लोग पल्सर बाइक से आये और मुर्गा फार्म का दरवाजा खुलवाकर फार्म के अंदर घुस गए और मुर्गा मांगने लगे। पीयूष ने जवाब में कहा कि मेरे फार्म में मुर्गा नहीं है। यह बात सुनकर तीनों लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। इतना ही नहीं दिवाल में गेट के पास जबरदस्ती मुंह में जहर दे दिया। उसके बाद वह पीयूष भागकर घर पहुंचा और जानकारी दी और जहर के प्रभाव से बेचैनी हुआ तो वह बेहोश होकर गिर गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बुधवार के दोपहर पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## तस्करी कर लाई जा रही अंग्रेजी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया-कोडरमा रेल सेक्शन पर आरपीएफ ने तस्करी कर लाई जा रही 21 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष सर्च अभियान के दौरान बुधवार कोडरमा स्टेशन पर विभिन्न स्थानों से लावारिस हालत में 21 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इसमें रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की ब्रांड का 750 एमएल की 6 बोतल, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की का 375 एमएल की 10 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व बी 7 ब्रांड का 750 एमएल की 4 बोतल व लेमन प्रीमियम रम ब्रांड का 750 एमएल की एक बोतल अंग्रेजी शराब है। उन्होंने बताया कि लावारिस हालत में शराब बरामद हुई।इसलिए इसमें किसी की गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है।

## ककोलत जलप्रपात से मां मुंडेश्वरी तक पर्यटन कॉरिडोर बनाए जाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार को नवादा में ककोलत जलप्रपात से ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय से राजगीर होते हुए जहानाबाद के बनावर में बाबा सिद्धेश्वर नाथ, गया में कोटेश्वर धाम, औरंगाबाद में देव सूर्य मंदिर, सासाराम में तुतला भवानी, कैमूर में मां मुंडेश्वरी पर्यटन कोरिडोर बनाने के लिए सरकार से तारांकित प्रश्न के माध्यम से मांग की। डॉ चंद्रवंशी ने कहा यह सभी बिहार में ऐतिहासिक धरोहर हैं एवं इसको पर्यटन कॉरिडोर बनाकर बिहार का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है जिस पर मंत्री, पर्यटन विभाग राजू कुमार सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा गया जिलान्तर्गत कोटेश्वर धाम मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास हेतु 7.86 करोड़ रुपये का कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से तथा रोहतास के तुतला भवानी मंदिर के विकास हेतु 64.48 लाख रुपये का कार्य वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास के माध्यम से कराया गया है। जहानाबाद के बराबर पर्वत पर रोपवे निर्माण हेतु 23.92 करोड़ रुपये एवं कैमूर के मुंडेश्वरी पर्वत पर रोपवे निर्माण हेतु 7.35 करोड़ रुपये का कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से तथा औरंगाबाद के सूर्य मंदिर का विकास एवं सौंदर्यकरण हेतु 9.53 करोड़ रुपये एवं कैमूर में मां मुंडेश्वरी विहार होटल के जीर्णोद्धार हेतु 4.25 करोड़ का कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से कराया जा रहा है, योजना का कार्य प्रगति पर है जल्द इसे पूर्ण कर लिया जाएगा।

## एबीवीपी अनुग्रह कॉलेज गया इकाई का पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनुग्रह कॉलेज, गया इकाई का पुनःगठन बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से गौरव कुमार को इकाई अध्यक्ष, साहिल कुमार को इकाई मंत्री बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एबीवीपी की नीतियों एवं उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश सह मंत्री मंतोष सुमन ने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने वाला आंदोलन है। हमें छात्र-छात्राओं के अकादमिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्थान के कार्यों को भी आगे बढ़ाना है। एबीवीपी के एसएफडी संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि एबीवीपी छात्र नेता नहीं, देशभक्त पैदा करता है, एबीवीपी संगठन न केवल शैक्षिक सुधारों और विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता है, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। वही मैक्स अवस्थि ने कहा कि एबीवीपी ने हमेशा भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के संकल्प को मजबूत किया है। महानगर मंत्री विनायक कुमार ने कहा कि छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति के मंत्र को लेकर एबीवीपी हर युवा में देशभक्ति की भावना जगाने का कार्य कर रही है। अनुग्रह कॉलेज के अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि गया कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा व एबीवीपी छात्रों की समस्याओं के समाधान, शैक्षिक सुधार और सामाजिक चेतना बढ़ाने के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

## मगध में चाणक्य के वंशधरों का तेवर बदलेगा : आचार्य पंडित सच्चिदानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसिद्ध समाजसेवी आचार्य पंडित सच्चिदानंद मिश्र ने नईकी रफीगंज स्थित अपने आवास पर ब्राह्मणों के वर्तमान राजनीतिक भविष्य संबंधी बुधवार को प्रेस द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर देते हुए कहा कि आज संपूर्ण राष्ट्र में राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मण विरोधी मुहिम राजनीतिक रंगमंच का एक आवश्यक अंग बन गया है और यह ऐसे नहीं हुआ है, यह एक सोची समझी कुटिल राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा रहा है। इसका कारण भी बड़ा स्पष्ट है। हम ब्राह्मण जिन्हें विरोध करते हैं वे हमें घोर दुश्मन मानते हैं, जो स्वाभाविक भी है, किंतु आश्चर्य है कि जिन्हें हम समर्थन देते हैं वे हमें बंधुआ मजदूर मान बैठते हैं। आचार्य मिश्र जी ने मगध का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां के समाज में एक से बढ़कर- एक त्यागी -तपस्वी, निष्ठावान एवं समर्पित व्यक्तित्व उदय हुआ जबकि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि ब्राह्मण ही एकमात्र ऐसा समुदाय है जो सामाजिक न्याय का प्रबल पक्षधर रहा है। आचार्य मिश्र ने आगे कहा कि परंपरागत वोट के नाम पर अपने नौजवानों को राजनीतिक भविष्य के लिए विकल्प देने के लिए हम सब कटिबद्ध हैं जिन प्रमुख व्यक्तियों ने समर्थन किया उनमें आचार्य राधामोहन मिश्र माधव आचार्य वल्लभ जी महाराज स्वामी गोपला चार्ज डॉ राकेश दत्त मिश्र, डॉ अनीता पाठक अमरनाथ पांडे किरण पाठक, शैलेश पराशर, हरि नारायण त्रिपाठी, सत्येंद्र दुबे, गजाधर लाल पाठक, गजाधर लाल कटरियार, कृष्णवलभ शर्मा, प्रो. विपिनबिहारी, डॉ बी एन पांडे, डॉ ज्ञानेश भारद्वाज, आचार्य अजय मिश्रा, डॉ भोला बाबू, आचार्य अभय कुमार पाठक, संजीव मिश्रा, रंजना पांडे, रंजीत पाठक, पवन मिश्रा, सुनील गिरी, रीता पाठक, श्वेता पांडे, प्रो. योगेंद्र मिश्र, प्रो. उमेश मिश्र शिव, योगेश्वर त्रिवेदी, श्यामाशंकर त्रिपाठी, रविभूषण भट्ट, विनयलाल टाटक, ऋषिकेश गुर्दा, दीपक पाठक अधिवक्ता, प्रीतम पाठक अधिवक्ता, मुन्ना बाबू अधिवक्ता, सुरेंद्र कुमार पाठक, विश्वजीत चक्रवर्ती, शीला त्रिपाठी, मनोज पाठक, प्रेमलता गिरी, पुष्प लता, चौबे रमाशंकर मिश्रा, गणेश मिश्रा, हरिद्वार मिश्रा आदि उल्लेखनीय हैं।

## दिलीप जायसवाल के बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश परिषद की बैठक बापू सभागार पटना में सर्वसम्मति से दिलीप जायसवाल को पुनः बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भारी बहुमत से सरकार बनाएगा। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि दिलीप जायसवाल संगठन कौशल और जनहितैषी नीतियों के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने बिहार में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवसर भाजपा के जिला उपध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने विश्वास जताया कि प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में 2025 के चुनाव में बिहार में प्रचंड बहुमत से एनडीए सरकार बनेगी। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्वी विजय कुमार मांझी, जिला अध्यक्ष पश्चिम प्रेम प्रकाश चिंटू, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रभारी शंभू केसरी, जिला मंत्री भुवन मोहिनी, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला महिला मोर्चा के मंत्री जिया वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता अखोरी निरंजन, हेराम सिंह, विनोद सिंह, अनिल पासवान, बबलू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्रथम किस्त की राशि प्रत्येक लाभुक को ऑनलाइन अंतरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** ग्रामीण विकास विभाग पटना के द्वारा राज्य के 3 लाख वैसे परिवारों जिनके पास आवास नहीं था, के खाते में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रथम किस्त की राशि प्रति लाभुक 40 हजार रुपए ऑनलाइन हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में सदर प्रखंड के 597 लाभुकों के खाते में भी राशि प्राप्त हुई है। गया जिले के 9590 लाभुकों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2024-25 अन्तर्गत गृह निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में 38 करोड़ 36 लाख रू0 जारी की गई। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 मे 18266 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम एवं डीडीसी नवीन कुमार द्वारा नगर प्रखंड के तीन लाभुकों गुल्फशा खातून, लाडली खातून और नूरशमा खातून तथा मानपुर प्रखंड के मो. नसीम, बेबी खातून एवं दीपा देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र और प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। साथ ही नगर प्रखंड क्षेत्र के पिंकू सिंह एवं अमर सिंह तथा मानपुर प्रखंड क्षेत्र के अमीर कुमार एवं चम्पा देवी को आवास पूर्ण होने पर गृह प्रवेश प्रतीक चाबी प्रदान की गई। जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में निदेशक (डीआरडीए), बीडीओ सदर और मानपुर तथा विभिन्न पंचायतों के आवास सहायक और पर्यवेक्षक मौजूद थे।


**कार्यालय,**
**नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 27 / 2024–25 (2nd Call)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 17.03.2025 को अपराह्ण 03.00 बजे से कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के सभागार में की जायेगी।

1. बंदोबस्ती कर्ता का नाम – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार रू0) प्रति आवेदन शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।
3. अवोदन जमा करने की तिथि – दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।

**डाक बन्दोबस्ती की जाने वाली सैरातों की विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि | डाक शुल्क (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | • रेहला हाट (शुक्र बाजार) की बंदोबस्ती<br>• रेहला थाना चौक से रेलवे स्टे शन अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ वि क्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती<br>• सनातन विद्या निकेतन, रेहला से महाबीर चौक होते हुए बी0 मोड के अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ विक्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती। | 300000.00 | 30000.00 | 1000.00 |
| 02 | • पंचमुखी मदिर, बिश्रामपुर हाट (बुधवार एवं रविवार) की बंदोबस्ती<br>• बिश्रामपुर हाट (डेली मार्केट) अंतर्गत सोरडीहा पुल से भारतीय स्टेट बैंक, बिश्रामपुर, गाँधी चौक, बिश्रामपुर से होते हुए पाण्डु रोड (ब्लॉक मोड, बिश्रामपुर) तक अस्थायी फुटपाथ विक्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दु कान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती। | 225000.00 | 22500.00 | 1000.00 |

डाक में भाग लेने के इच्छुक डाकवक्ता कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, बिश्रामपुर में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, / **https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Notices.aspx** पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR.NO.347812 District(24-25):D


## युवाओं ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित दिया रक्त अग्रदूत बिहार के बैनर तले मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व विष्णु आनंद और नवनीत प्रिय कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी छः मार्च से नौ मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन पूर्णाहुति होगी। उसमें युवक एवं युवतियां रक्तदान करेंगी। साथ ही मीडिया प्रभारी सह मगध युवा प्रकोष्ठ के संचालक अमित कुमार ने कहा रक्तदान शिविर का नेतृत्व मगध युवा प्रकोष्ठ के संरक्षक मुकेश कुमार करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू**
**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना हेतु**
**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 148 / मत्स्य / राँची, दिनांक 29 / 01 / 2025 के आलोक में पलामू जिले के सभी जनजातीय समुदाय के सदस्यों / मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रयोजित योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा **''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना''** नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रयोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिषरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँवों में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना** के ही कुछ कम्पोनेन्ट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90प्रतिशत (केन्द्रांश60% : राज्यांश40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान हो जिला स्तर पर DLC एवं SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की आधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से पलामू जिला के 12 प्रखण्डों के कुल 91 आकांक्षी गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगो से स्वीकार किया जाएगा।

**पलामू जिलान्तर्गत चिन्हित / आकांक्षी गाँवों की सूची इस प्रकार है :–**

| DISTRICT | BLOCK | PANCHAYAT | VILLAGE |
|---|---|---|---|
| PALAMU | BISHRAMPUR | BAGHMANWAN | Gharatia |
| PALAMU | BISHRAMPUR | GHANSIDAG | Jamari |
| PALAMU | CHAINPUR | BHABHANDI | Chenrabar |
| PALAMU | CHAINPUR | KARSO | Pachlewa |
| PALAMU | CHAINPUR | SEMRA | Khura Khurd |
| PALAMU | CHAINPUR | SALATUA | Bahera |
| PALAMU | CHAINPUR | BUDHIBIR | Jainagra |
| PALAMU | CHAINPUR | BHARGAONA | Kurka |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Khapia |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Sokra |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Alagdiha |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Duba |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Pindrahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Khendhora Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | KAWAL | Kurkuta |
| PALAMU | CHHATARPUR | RUDWA | Okraha |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Sahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Kekri Kalan |
| PALAMU | CHHATARPUR | CHERAI(1) | Kekri Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Jaura |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Bisaipur |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chilho Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Hulsam |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chuchrumanr |
| PALAMU | CHHATARPUR | HUTTUKDAG | Hutukdag |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Erua |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Kubua |
| PALAMU | LESLIGANJ | PURNADIH | Urhulia |
| PALAMU | LESLIGANJ | JURU | Turkadih |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Tanrwa |
| PALAMU | MANATU | PADAMA | Tetardih |
| PALAMU | MANATU | BANSHIKHURD | Bhitkila |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Surgiya |
| PALAMU | MANATU | DUMARI | Kedal |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Chukru |
| PALAMU | MEDININAGAR | SUA | Sua |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Ganke |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Jorkat |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Pirhia |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Kundelwa |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Tamdaga |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Sohdag Kalan |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Mahugain |
| PALAMU | NAWA BAZAR | SOHDAGKHURD | Rajdiria |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | KARKATA | Nawadih. |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | DAGRA | Ratnag |
| PALAMU | PANKI | ASEHAR | Kusri |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Ahirgurha |
| PALAMU | PANKI | KARAR | Parsotimpur |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Surjaun. |
| PALAMU | PANKI | HOTAI | Mahugain |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Bihra |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Irgu |
| PALAMU | PANKI | TAL | Khajuri |
| PALAMU | PANKI | TAL | Matuli |
| PALAMU | PANKI | TAL | Abun |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Jhari Nimia |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Siki Kalan |
| PALAMU | PATAN | SEMARI | Kisaini |
| PALAMU | PATAN | LOINGA | Angra |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Pokharia |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Kosiara |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Tisibar |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Rol |
| PALAMU | PATAN | RUNDIDIH | Khajuri |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Homia |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Sarhauwa |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Hisra |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Gore |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Karma |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Chorhat |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Kundpani |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Musurmu |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Uldanda |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Banalat |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Nawadih |
| PALAMU | RAMGARH | HUTAR | Chando Alias(Mayapur) |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Ulman. |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Kokaru |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Chungra Bansdih |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Pinrhe |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Muru |
| PALAMU | SATBARWA | RABADA | Rabda |
| PALAMU | SATBARWA | PONCHI | Nalumanr |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Dulsulma |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Murma |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Ekta |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Daruna |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Sohri |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Chanpi |
| PALAMU | UNTARI ROAD | LUMBA SATBAHINI | Gaurletwa |

**''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना'' अन्तर्गत योजनाएँ निम्नांकित है :–**

| क्र0 | योजना का नाम | | इकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदान 90प्रतिशत (लाख में) | लाभुक अंशदान (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 2 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन आदि के लिए इनपुट (नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 3 | बायोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाखरू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1हे0 में | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 4 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10टन / कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 5 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 6 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (100घनमीटर क्षमता का 01टैंक) | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 7 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 8 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / आईस प्लांट निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 9 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन। | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | इनसुलेटेड वाहन। | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 11 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 12 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा) | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 13 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 14 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 15 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0 में | 100.00 | 90.00 | 10.00 |

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–**

1. संलग्न किये गये आवश्यक दस्तावेज भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र(L.P.C), जाति प्रमाण–पत्र (ST), मत्स्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित हो तो प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R) स्वंय के खर्च से बनवा कर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना उरोक्त दस्तावेज के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं बिना कारण बताए आवेदनों को रद् समझा जाएगा।
2. एक आवेदक एक ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है। योजनओं का दोहरीकरण नहीं किया जाएगा।
3. अंशदान लगाकर कर कार्य करने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यह प्रारम्भिक चरण है इस योजना अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात ही कार्य रूप दिया जायेगा।
5. योजनाओं के क्रियान्वयन में नियम एवं शर्ते भी लागू है जिसकी जानकारी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से विस्तृत रूप में प्राप्त की जा सकती है।
6. **आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 / 03 / 2025 है।**

**नोट :– पलामू जिला के उपरोक्त पंचायत में चिन्हित गाँवों की सूची में से ही अनुसूचित जनजाति सामुदाय के ग्रामीण ही जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन कर सकते है।**

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
पलामू

PR 347876 (District)24-25*D

संपादकीय

# बहनजी की मनमर्जी !

बसपा सुप्रीमो मायावती ने जिस तरह ताबड़तोड़ तरीके से अपने भतीजे आकाश आनंद को सारे पदों से हटाया फिर पार्टी से ही निकाल दिया, साथ ही अपने भाई तथा आकाश के पिता को नेशनल को?आर्डिनेटर बना दिया, उसका बाकी लोगों के लिए यही संदेश है कि बसपा में मायावती के अलावा किसी का भी राजनीतिक भविष्य सुरक्षित नहीं है। खुद को हटाए जाने पर आकाश आनंद ने संयत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहनजी का आदेश सरकार आंखों पर, लेकिन मेरे लिए बड़ी चुनौती आगे है। इसे एक तरह से आकाश के राजनीतिक कॅरियर पर पूर्ण विराम माना जा रहा है। आकाश को हटाने के पीछे मायावती ने आकाश और उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की मनमानी को बताया है। लेकिन जिस तरह दोनो को दूध में मक्खी की तरह से निकाल फेंका गया, वह भी पार्टी का हित कम मायावती की मनमानी ज्यादा है। जानकारों का कहना है कि आकाश और सिद्धार्थ बसपा को दो फाड़ करने की फिराक में थे, इसकी भनक मायावती को लग गई और उन्होंने पार्टी को बचाने दोनो को चलता कर ि?दया। साथ में यह घोषणा भी कर दी कि आखिरी सांस तक उनका कोई राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं होगा। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी संगठन को फिर से खड़ा करने और उसे मजबूती देने के लिए यह कदम उठाया गया है। दोनो को हटाने के बाद बसपा में बड़े पैमाने पर बदलाव संभावित हैं। मायावती की यह चिंता समझी जा सकती है कि दलितों की मुख्य पार्टी समझी जाने वाली बसपा का बीते एक दशक में वोट शेयर लगातार गिरता जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उसका वोट शेयर घटकर 2 फीसदी रह गया। बसपा 13 सीटों पर लड़ी थी और केवल 1 सीट पर जीत पाई। इसका मुख्य कारण बसपा की गलत रणनीति और संगठन का तार-तार होना है। मायावती के बाद पार्टी में कौन है, इसका जवाब दुनिया के सबसे कठिन सवालों में हो सकता है। यूपी में मायावती का भाजपा के साथ अघोषित ताल मेल भी पार्टी के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। कार्यकर्ताओं को न तो यह पता है ?कि उन्हें करना क्या है और यह भी कि बसपा सत्ता के पक्ष में है या विपक्ष में, कोई नहीं जानता। कुल मिलाकर पार्टी मायावती की समझ, सनक और विवेक पर चलती है। पार्टी में कब कौन पदाधिकारी बना दिया जाए और कब चलता कर दिया जाए, यह कोई नहीं जानता। अब कहा जा रहा है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सिक्स मंथ प्लान लागू कर अगले छह महीने तक सभी काम रोककर पार्टी को मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। यह सारी तैयारी यूपी में 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर की जा रही है। नए प्लान के तहत हर मंडल में 4 4 कोऑर्डिनेटर बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, दो जिला प्रभारी और दो विधानसभा प्रभारी भी बनाए गए हैं। रविवार को हुई राष्टीय कार्यकारिणी की बैठक में अगले छह महीने में पार्टी को मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। पार्टी की कोशिश है कि बसपा के साथ अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के साथ ही मुस्लिमों को जोड़ा जाए। यह कितना हो पाएगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि बसपा का कोर वोटर दलित भी पार्टी से दूर जा रहा है। किसी भी पार्टी को संजीवनी उसके सत्ता में होने से मिलती है। बसपा 15 सालों से सत्ता से दूर है और उसकी ताकत लगातार घटती ही जा रही है। आकाश आनंद को हटाने के पक्ष में मायावती ने तर्क दिया? कि उनके लिए परिवार से पहले पार्टी है। इसे सही भी मान लें तो बहनजी गैरपरिवार के किसी सदस्य को भी आगे नहीं बढ़ने देतीं।

# महाराष्ट्र हो या मिर्जापुर, कहानी सब जगह एक जैसी

**पुणे के स्वारगेट एसटी स्टेशन पर 26 वर्षीय महिला पर हमले की घटना ने महाराष्ट्र के हर कोने में हलचल मचा दी है। अभी कल ही मिर्जापुर में न्यायालय ने षड्यंत्र के तहत किशोरी बहला फुसलाकर भगाने व सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो दोषी को 20-20 वर्ष व एक महिला दोषी को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 17 जून 2016 को नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध नाबालिग पुत्री को षड्यंत्र के तहत बहला फुसलाकर भगाने व सामूहिक दुष्कर्म करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**

**अशोक भाटिया**

पुणे रेप का आरोपी महाराष्ट्र के शिरूर तहसील के केगुनाट गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। अब भले ही आरोपी पकड़ा गया। यक्ष प्रश्न अब भी वही है कि सुबह 5.30 बजे एसटी स्टेशन परिसर में खड़ी बस में जब यह घटना हुई तो सुरक्षा एजेंसियां क्या कर रही थीं? इस पर भी अब सवाल उठने लगा है कि क्या 26 साल की महिला सुबह एसटी को पकड़ने एसटी स्टेशन आती है, क्या कोई उसे बंद बस में ले जाता है? क्या पुरुष बस में चढ़ते ही महिला को प्रताड़ित करता है और क्षेत्र को बिना किसी बाधा के छोड़ देता है? ये सभी घटनाएं अविश्वसनीय और परेशान करने वाली हैं। इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि क्षेत्र के राजनीतिक नेता वसंत मोरे ने एसटी स्टेशन परिसर में बसों में तोड़फोड़ करने के बाद निरीक्षण किया और उनमें कंडोम और अन्य सामग्री पड़ी देखी। यह घटना इसलिए सामने आई है क्योंकि युवती ने पुलिस से शिकायत करने की हिम्मत की। उन महिलाओं, युवतियों, स्कूली छात्राओं को कौन नहीं बताता जिनके साथ दुर्व्यवहार किया गया है, इस डर से कि समाज क्या कहेगा और समाज उन्हें कैसे देखेगा? इसी से ऐसी अमानवीय घटनाओं पर से पर्दा उठता है और उनकी हिम्मत बढ़ती है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना की सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। दोषियों का पता लगाया जाएगा, दोषियों को सजा भी मिलेगी। लेकिन क्या कोई जवाब दे सकता है कि समय बीत जाएगा? पीड़िता जीवन भर सदमे से उबर नहीं पाएगी। राज्य के कोने-कोने में अब संदेश पहुंच गया है कि राज्य सरकार के एसटी स्टेशन में अब महिलाएं, लड़कियां और लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। इससे राज्य सरकार की छवि और राज्य की छवि भी धूमिल हुई है। यह पता चला है कि निगम द्वारा नियुक्त निजी सुरक्षा तंत्र विफल हो गया है। जांच के दौरान पता चला कि पुलिस ने घटना के दिन दोपहर 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच बस स्टैंड पर दो बार गश्त की थी। रात 1:30 बजे और फिर 3 बजे सीसीटीवी फुटेज में यह सब साफ दिखाई दे रहा है, इसलिए पुलिस ने अपनी ड्यूटी ठीक से निभाई है।



एसटी निगम ने एक निजी सुरक्षा एजेंसी को यह काम सौंपा था; लेकिन एजेंसी के सुरक्षा गार्डों ने अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन नहीं किया और अगर उन्होंने जागरूकता दिखाई होती तो घटना से बचा जा सकता था; लेकिन जो कुछ हुआ उसके लिए राज्य सरकार निजी एजेंसी को दोषी ठहराकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती क्योंकि डिपो प्रबंधक यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार था कि निजी सुरक्षा प्रणाली ठीक से काम कर रही थी। लेकिन उसने काम ठीक से नहीं देखा। इसीलिए घटना हुई। मौके पर 10-15 लोग मौजूद थे।लेकिन किसी को शक नहीं हुआ। इसी वजह से आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना को नजरअंदाज नहीं किया है। पुलिस की जिम्मेदारी अलग है और एसटी स्टेंड क्षेत्र की सुरक्षा एसटी निगम और निजी सुरक्षा एजेंसियों पर निर्भर करती है। सरकार इस घटना को लेकर पुलिस का पक्ष ले रही है, जबकि डिपो के कर्मचारी राज्य सरकार के दायरे में हैं। हालांकि घटना के बाद राज्य सरकार और घरेलू एजेंसियां अत्यधिक सतर्क थीं, लेकिन अगर यह अलर्ट पहले दिखाया गया होता, तो दोषियों में इस तरह की अमानवीय हरकत करने की हिम्मत नहीं होती। एसटी स्टेशन पर खड़ा शिवशाही का आरोपी एक आदतन अपराधी था, उसके खिलाफ अतीत में कई मामले दर्ज हैं और वर्तमान में जमानत पर बाहर है। पुणे पुलिस ने उसकी तलाशी के लिए 1 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है और स्वारगेट स्टेशन पर उसके परिवार की जांच शुरू कर दी है। तैनात 23 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

इस घटना ने एक ऐसी तस्वीर बना दी है कि एसटी स्टेशन महिलाओं, लड़कियों के लिए रात में, आधी सुबह में सुरक्षित नहीं हैं। दोषियों को सबक सिखाना होगा। आम लोगों को भी चौकीदार की भूमिका छोड़ देनी चाहिए और घटनाओं के बारे में जागरूकता दिखानी चाहिए। यहां तक कि अगर स्टेशन पर मौजूद 10-15 लोग लड़की के साथ जाते तो भी लड़की के साथ इस बात को लेकर उत्सुकता से चले जाते कि लड़की बंद ट्रेन में क्यों जा रही है। शायद आज हमने एक अलग तस्वीर देखी होगी। घटना होने पर अगर घटना होने से पहले बिना गुस्सा या गुस्सा जाहिर किए जागरूकता दिखाई जाए तो आने वाले दिनों में किसी के पास गुस्सा जाहिर करने की फुर्सत नहीं होगी।

इस घटना से स्पष्ट है कि कोई भी क्षेत्र, राज्य या देश अपराध-मुक्त नहीं हो सकता। ऐसे लोग हैं जिनके पास अपराध है। पुलिस से उनमें से प्रत्येक की रक्षा करने की उम्मीद करना भी अनुचित है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए, सरकार पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर बलात्कार के बारे में बात नहीं कर सकती। इस राज्य में अपराधियों के लिए अभयारण्य जैसा वातावरण बनाने के लिए सरकार को दोषी ठहराया जाना चाहिए। वे सुझाव देते हैं। अगर हमारे क्षेत्र को बीड में तब्दील होने से बचाने का आह्वान पुणे जैसे शहर के नागरिकों को एक आह्वान देना है, जिसे कभी 'पूर्व का ऑक्सफोर्ड' कहा जाता था, जो अपने ज्ञान-संचालित ज्ञान-उन्मुख उद्योगों के लिए जाना जाता है, तो यह अभयारण्य को एक स्वाद देगा। और यह सब पुणे में। मराठवाड़ा में जो हो रहा है उसका अभी भी कोई अंत नहीं है। उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक के उन सभी की तुलना में बुद्धिमान हैं। उन्होंने राजनेता बनना पसंद किया और की भाषा को राजनीति में लाया। विदर्भ की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। कोंकण में पूरे महाराष्ट्र में जो लोग कल के महाराष्ट्र के 'हिंदू हृदय सम्राट' बनना चाहते हैं, वे आजाद हैं। यह कहना मुश्किल है कि मालवन में हाल ही में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद कथित देशविरोधी नारे लगाने वाले 15 वर्षीय लड़के की शिकायत पर जो हुआ वह कानून के शासन की अवधारणा के विपरीत नहीं है। यह सब क्या दर्शाता है? अराजकता की ओर राज्य की प्रगति। अकेले पुणे में पिछले कुछ दिनों की घटनाओं की समीक्षा से इस तथ्य का पता चल जाएगा। इस नवीनतम बलात्कार की घटना के बाद, उस जिले के अभिभावक मंत्री अजीत पवार बड़े मुंह से कहते हैं कि दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए। आरोपी को अभी-अभी पुलिस ने खोजा है परन्तु सवाल यह है कि अपराध को हल करने में 24 घंटे क्यों लगने चाहिए? बलात्कार जैसे अपराध को साबित करने के लिए न्यूनतम समय की आवश्यकता होती है। यहां, अपराध की रिपोर्ट होने में 24 घंटे लगते हैं। फिर भी, जब प्रशासनिक अनुभव रखने वाले अजितदादा आरोपी को फांसी देने की मांग करते हैं, तो वह अपनी पार्टी की सबसे पठनीय महिला प्रवक्ता के स्तर पर आते हैं। यह आरोपी एक राजनीतिक कार्यकर्ता बताया जाता है और उसके खिलाफ कुछ अन्य अपराध भी प्रतीत होते हैं। राजनीति बदमाशों की पहली शरणस्थली बन गई है। देश का कोई भी हिस्सा अपवाद नहीं है।

अध्यात्म

## जीवन का मार्ग एवं उद्देश्य होना चाहिए

प्रकृति के हर बीज के जीवन का उद्देश्य है। एक बीज था उसका नाम जीवन था। जीवन ने एक बार फूलों को देखा। फूलों की सुंदरता देखकर वह चकित रह गया। उसने सोचा, काश! मैं भी बड़ा होकर सुंदर सा फूल बन जाऊं। अब यह जैसे उसके जीवन का सबसे बड़ा सपना बन गया था। परंतु, जीवन अभी बहुत ही छोटा सा नन्हा सा था। अभी उसकी अपनी कोई पहचान नही थी। उसने ठान लिया था कि मुझे अपने सपने को पूरा करना है चाहे कितनी भी अड़चनें आए। अपने आप को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए वह प्रतिदिन मेहनत करता प्रतिदिन पर्याप्त पानी पीता और धूप खाता। कुछ दिनों के बाद कि बात है। बरसात का मौसम आया था। हवाएं तेज चल रही थीं। जीवन को बहुत डर लग रहा था। उसे लग रहा था कहीं मैं अपने पेड़ से अलग न होजाऊँ। परंतु, अपने सपनों को पूरा करने के लिए हर एक को अपने सुविधा घेरे से बाहर निकलना ही पड़ता है। हवा बार बार जीवन से टकरा रही थी। जीवन ने हवाओं से कहा, तुम इतनी कठोरता से क्यों टकरा रही हो? हवा ने उत्तर दिया, जीवन! अपने सपनो को पूरा करने के लिए या अपने कर्तव्य को पूर्ण करने के लिए कठोरता से टकराना ही पड़ता है। मेरा कर्तव्य है की मैं नए बीजों को अपने संग उड़ा कर उन्हें उगने के लिए नई जमीन दूँ। तुमसे तो केवल मैं कठोरता से टकरा रही हूं। तुम जरा सोचो! मैं तो न जाने कितने पेड़ों से, फूलों से, बीजों से, पत्थरों से टकराती रहती हूं। क्या मुझे तकलीफ नही होती होगी? होती है! परंतु, अपने कर्तव्य को अपने सपने को तकलीफों के आगे रखना चाहिए। यदि तुम भी पेड़ बनना चाहते हो तो समय की कठोरता से टकराना सीखो। खुद को संभालना सीखो। निरंतर मेहनत करना सीखो। जीवन को हवा की बातें सुनकर हिम्मत मिली। वह अब अपने डर से आगे आकर, हवा के साथ अनजान जमीन तक उड़ने के लिए तैयार हो गया। जब हवा ने जीवन को उड़ाया तो जीवन डर से चिल्लाने लगा। हवा ने उसे चारो ओर से घेर लिया और फिर से जीवन को समझाया। जीवन! किसी भी प्रयोजन में सफल होने के लिए निरंतर मेहनत के साथ साथ अपने आप पर भरोसा होना जरूरी है। विषम परिस्थिति में घबराना नही चाहिए, धैर्य से डटे रहना चाहिए। तुम भी घबराओ मत। धैर्य से डटे रहो। हवा की बातें सुन कर जीवन में मानो नई ऊर्जा का संचार हुआ हो। वह अपने डर को पीछे कर, धैर्य एवं स्वयं के भरोसे के साथ अपनी नई जमीन की तलाश में उड़ता जा रहा था। तभी हवा ने जीवन को बताया, वह सामने वाली जमीन पर तुम्हे स्थापित होना है। वहां तुम्हे उतारने के लिए मैं अपनी ऊर्जा कम कर रही हूं। हवा का वेग कम होते के साथ ही जीवन हवा से अलग हो जमीन पर गिर पड़ा। हवा के कारण मिट्टी भी उड़ रही थी और जीवन को ढक रही थी। कुछ समय के बाद, जीवन मिट्टी से पूरे तरीके से ढक गया। अब एक बार फिर उसे डर सताने लगा। परंतु, उसने हवा की बातों को याद कर धैर्य बनाये रखा।

# महिलाओं में तेजी से बढ़ती कैंसर मृत्यु दर

**महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में हो रही वृद्धि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे। कैंसर का शीघ्र निदान और समय पर उपचार मृत्यु दर को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। महिलाओं के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि आने वाले वर्षों में इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके और भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाया जा सके।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। यह रोग केवल शरीर को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को गहरे तक प्रभावित करता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन (GLOBOCAN) 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 प्रतिशत से 4.4 प्रतिशत तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरुषों में यह वृद्धि 1.2 प्रतिशत से 2.4 प्रतिशत तक रही है। ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कुछ कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच की भी बड़ी भूमिका है।

भारत में हर पाँच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आँकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएँ अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियाँ, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जाँच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरुआती लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी होती है। यह देरी कैंसर के इलाज को और कठिन बना देती है और मृत्यु दर को बढ़ा देती है।महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसे कैंसर, जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएँ, तो इनका इलाज संभव है। लेकिन दुर्भाग्यवश, महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। पैप स्मीयर टेस्ट, मैमोग्राफी, और अन्य आवश्यक जाँचें या तो करवाई नहीं जातीं, या फिर बहुत देर से करवाई जाती हैं। इस कारण बीमारी के बढ़ने के बाद ही इसका पता चलता है और तब तक इसका इलाज अधिक जटिल और महंगा हो चुका होता है। इसके अलावा, भारतीय महिलाओं की जीवनशैली में हुए बदलाव भी कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण माने जा सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएँ अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है।एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर, और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। यदि किसी महिला के परिवार में पहले किसी को यह कैंसर हुआ है, तो उसके लिए इसका खतरा अधिक हो जाता है। लेकिन इस जोखिम के बावजूद, महिलाएँ अक्सर जाँच करवाने में देरी कर देती हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पाँच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर एचपीवी (HPV) संक्रमण के कारण होता है और इसकी रोकथाम टीकाकरण और नियमित जाँच से संभव है, लेकिन भारत में इसको लेकर जागरूकता बहुत कम है। फेफड़ों का कैंसर धूम्रपान, वायु प्रदूषण और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण बढ़ रहा है। इसी तरह, अंडाशय और कोलोरेक्टल कैंसर भी महिलाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं।इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जाँच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है।

भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जाँच और उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएँ भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से परहेज, तथा मानसिक तनाव को कम करने से कैंसर के खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है।

योग और ध्यान जैसी प्रथाओं को महिलाओं के दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य सुधरे, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी मजबूत हो। महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में हो रही वृद्धि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे। कैंसर का शीघ्र निदान और समय पर उपचार मृत्यु दर को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। महिलाओं के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि आने वाले वर्षों में इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके और भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाया जा सके।

## आज का कार्टून

महाकुंभ समापन के बाद भी संगम स्नान का सिलसिला जारी




## राशिफल

**मेष**
महत्वपूर्ण कार्य लम्बित हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में दस्तावेजों के कारण समस्या हो सकती है। चिड़चिड़ेपन के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृषभ**
पुराने निवेश से आपको लाभ हो सकता है। कारोबार में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। सन्तान के व्यवहार से आपको प्रसन्नता होगी।

**मिथुन**
नौकरीपेशा लोगों को आज कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क**
धर्म-अध्यात्म के प्रति मन में रुचि जागृत होगी। विदेश में रह रहे लोग स्वदेश लौटने का विचार कर सकते हैं। व्यापार में बड़ी डील मिलने की सम्भावना बन रही है।

**सिंह**
घर-परिवार के लोगों के बीच आपको अच्छा नही लगेगा। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना चाहिये। अड़ियल रवैये के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कन्या**
घर में प्रसन्नता का माहौल रहने से आप सन्तुष्ट रहेंगे। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करें। पिता के व्यवहार से थोड़ा निराश हो सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। अपना गुस्सा सहकर्मियों पर न उतारें। बिगड़े हुये सम्बन्धों को सुधारने का प्रयास करें।

**वृश्चिक**
अनावश्यक कार्यों को लेकर आप परेशान रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने में हिचकिचा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है।

**धनु**
भविष्य की योजनाओं को लेकर गम्भीर रहेंगे। सहकर्मियों का प्रति मन में द्वेष पनप सकता है। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। मन में नया कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। धन को लेकर अटके व बिगड़े काम बनेंगे। झूठ बोलने से परहेज करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**मीन**
किसी मांगलिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। सभी काम बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत महसूस करेंगे।

# 100 दिनों के अंदर 389 लाभुकों ने किया गृह निर्माण पूरा

## लाभुकों को प्रेरित कर शीघ्र आवास पूर्ण कराने का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंथन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंडों से 03-03 लाभुकों को प्रतीक स्वरूप स्वीकृति पत्र दिया गया, जिसमें अरियरी प्रखंड से रूबी खातुन, सोनी देवी (बरबीघा), बेबी देवी (चेवाड़ा), सुनीता देवी (घाटकुसुम्भा), सुनिता देवी (शेखपुरा) एवं क्रांति देवी (शेखोपुरसराय) शामिल थी। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा घर का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, उन्हें गृह प्रवेश के तहत जिला पदाधिकारी ने चाबी सौंपीं। चाबी पाने वालों में अरियरी से बबीता देवी, शोभा देवी (बरबीघा) पिंकी देवी (चेवाड़ा) हरिकांत महतो (घाटकुसुम्भा), शर्मिला देवी (शेखपुरा) तथा सिंहाता देवी (शेखोपुरसराय) रही। जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक एवं आवास सहायकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी मिलकर लाभुकों को प्रेरित कर शीघ्र ही उनका आवास पूर्ण करायें। जिलान्तर्गत भविष्य के लिए लाभुकों के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है, उसे अच्छी तरीका से करायें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों स्वयं प्रत्येक शनिवार को पंचायतों में जनप्रतिनिधियों को लेकर आमजन के मध्य बैठक कराये। जिसमें कि योग्य लाभुकों के चयन करने को लेकर विचार-विमर्श हो। साथ ही आवास पर्यवेक्षकों एवं सहायकों के द्वारा की जा रही सर्वे का औचक रूप से निरीक्षण करें। व्यापक स्तर पर आमसभा का आयोजन कराया जाए। जिला स्तर से भी पदाधिकारियों का दल बनाकर आमसभा में भेजा जाएगा, साथ ही उनसे भी औचक निरीक्षण कराकर जांच कराई जाएगी। वैसे योग्य लाभुक जो भूमिहीन है, उन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि वे लोग अपना घर का निर्माण कर सकें।

**2926 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि की जाएगी अंतरित**

डीडीसी संजय कुमार द्वारा बताया गया कि इस जिला को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कुल 6358 लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 17 अक्टूबर 2024 को प्राप्त 1852 लक्ष्य के विरूद्ध 100 दिनों के अंदर 389 लाभुकों के द्वारा गृह निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जिन्हें आज गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत चाभी सौंपी गयी। वही नए मिलें 4506 लक्ष्य के विरूद्ध आज 2926 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कुल 03 किस्तों में लाभुकों को आवास बनाने हेतु सहायता राशि दी जाती है, जिसमें 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार का तथा 40 प्रतिशत हिस्सा बिहार सरकार का है। इसमें साथ ही मनरेगा के तहत 90 दिन की अकुशल मजदूरी के अलावा शौचालय निर्माण हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 12 हजार की सहायता राशि दी जाती है। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थें।

### डीएम ने लाभुकों को सौंपी चाबी

**आरा/कोइलवर/भोजपुर।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम तनय सुलतानिया ने सांकेतिक रूप से कोईलवर प्रखंड के 5 लाभुकों को उनके पूर्ण आवास की चाबी सौंपी। साथ ही, उनके द्वारा कोइलवर प्रखंड के अन्य 5 लाभुकों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। बताया जा रहा है कि 5 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 बजे सुबह राज्य स्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्यभर में 3 लाख 30 हजार आवासों की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही तीन लाख लाभुकों के बैंक खातों में प्रथम किस्त के रूप में कुल 1200 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। इस योजना के अंतर्गत भोजपुर जिले के 11,402 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में कुल 45.60 करोड़ रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए।

## ऋण वितरण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार, विशेष कार्य पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान बैंकवार समीक्षा की गई, जिसमें बैंकों को निर्देश दिया गया कि 31 मार्च तक शत-प्रतिशत ऋण स्वीकृति एवं भुगतान सुनिश्चित करें। शिविर में उपस्थित लाभुकों के बीच पीएमईजीपी योजना के तहत दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक द्वारा कुल 04 लाभुकों को 36.18 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। वहीं, पीएमएफएमई योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, आईसी आईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा कुल 13 लाभुकों को 85.72 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता (स्थापना) ने बताया कि जिन लाभुकों द्वारा ऋण की वापसी नहीं की जा रही है, उनके विरुद्ध बैंकों द्वारा पीडीआर एक्ट के तहत वाद दायर कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता (स्थापना), महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीपीएम जीविका, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, सभी बैंक के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## मलई बराज से 5630 हे. भूमि में सिंचाई समस्या होगी दूर

### डीएम ने किया मलई बराज योजना के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण, दो वर्ष में पूर्ण होगा कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बक्सर/केसठ।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार को मलई बराज योजना के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बराज निर्माण के कार्य एवं शेष कार्य पर संबंधित अधिकारी से वार्ता किया। इस दौरान डीएम ने बताया कि सिंचाई योजना सहित मलई बराज योजना के लिए द्वितीय पुनरीक्षित का निर्माण कार्य के लिए दो सौ चार करोड़ पंचानबे लाख चौसठ हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसपर मई माह से कार्य शुरु कर दिया जाएगा। साथ ही वर्ष 2027 में मलई बराज निर्माण कार्य को संपन्न होने के साथ बराज से खेतों के सिंचाई का पानी मिलने लगेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान जिलान्तर्गत उद्वह सिंचाई योजना व मलई बराज योजना के द्वितीय पुनरीक्षित का निर्माण कार्य की सौगात मिली है। इसकी घोषणा सीएम ने की थी जिसके बाद इस परियोजना के पुनरीक्षित निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिपरिषद द्वारा 25 फरवरी को मिल गई है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राकेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी नावानगर आलोक नारायण वत्स, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल नावानगर, रूपसागर मुखिया बृज कुमार सिंह , सीओ व स्थानीय कृषक मौजूद थे।

**केसठ-3 वितरणी एवं भोजपुरी वितरणी के अंतिम छोर तक सिंचाई में होगी सुविधा:**

मलई बराज के निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से जिला के सोन नहर प्रणाली के अंतिम छोर चौंगाई, ब्रह्मपुर, केसठ, नावानगर के किसानों को खेतों में सिंचाई करने में परेशानी से रुबरु होना पड़ता था।

## 15 दिनों के अंदर लंबित मामले का करें निपटारा : डीआईजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जगदीशपुर/भोजपुर।** शाहाबाद डीआईजी सत्य प्रकाश बुधवार को भोजपुर के जगदीशपुर पहुंचे और उन्हें अनुमंडल परिसर में पुलिस पदाधिकारी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। बैठक में डीआईजी ने एसडीपीओ राजीव चंद सिंह, जगदीशपुर, बिहियां और शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों और सभी पुलिस पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंदर लंबित मामलों को निष्पादन करने, जो भी वारंट निकला है, उन वारंटियों को गिरफ्तार करने, असामाजिक तत्वों पर सुसंगति धाराओं में कार्रवाई करने, चोरी की घटना पर लगाम लाने और चोरी की गई मामलों को तुरंत निष्पादन करने, पंचायत स्तर पर गश्ती के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिय। साथ ही जो भी लूटपाट सहित अन्य मामले के तकनीकी और विज्ञानी अनुसंधान के तहत कार्रवाई करने का सख्त हिदायत दिया गया। वही पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो भी थाने में आम जनता आ रहे हैं उनकी समस्याओं को सुनकर सुलह तरीके से निष्पादन करें। इस दौरान बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को रोको टोको अभियान चलाने, नियमित वाहन चेकिंग करने और मादक पदार्थ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पहुंचे और उन्हें अनुमंडल परिसर में पुलिस पदाधिकारी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बैठक की और पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में डीआईजी ने एसडीपीओ राजीव चंद सिंह, जगदीशपुर, बिहियां और शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों और सभी पुलिस पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंदर लंबित मामलों को निष्पादन करने, जो भी वारंट निकला है, उन वारंटियों को गिरफ्तार करने, असामाजिक तत्वों पर सुसंगति धाराओं में कार्रवाई करने, चोरी की घटना पर लगाम लाने और चोरी की गई मामलों को तुरंत निष्पादन करने, पंचायत स्तर पर गश्ती के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिय। साथ ही जो भी लूटपाट सहित अन्य मामले के तकनीकी और विज्ञानी अनुसंधान के तहत कार्रवाई करने का सख्त हिदायत दिया गया। वही पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो भी थाने में आम जनता आ रहे है, उनकी समस्याओं को सुनकर सुलह तरीके से निष्पादन करें। इस दौरान बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को रोको टोको अभियान चलाने, नियमित वाहन चेकिंग करने और मादक पदार्थ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वही-पीरो-बिहियां स्टेट हाईवे पर जाम की समस्याओं को लेकर पदाधिकारी को जाम की समस्या से निपटने के लिए प्लान तैयार कर जाम की समस्या से निपटने का निर्देश दिया गया।

## कार के तहखाने से दो लाख की विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर होली पर्व को देखते हुए मद्यनिषेध विभाग ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया।

टीम ने बक्सर पटना फोरलेन के नवानगर मोड़ से इंडिका कार 528 पीस विदेशी शराब पकड़ा है। जिसकी बाजार में किमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। वही शराब तस्करी में शामिल पटना जिले के दीघा थाना क्षेत्र के निवासी अरुण राय के पुत्र राजू कुमार व सनोज राय के पुत्र सन्नी कुमार है। दोनों 25 वर्ष के नीचे के उम्र के थे। विभाग ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक टाटा इंडिका कार से भरी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से लाया जा रहा है। अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। छापेमारी टीम बुधवार को बक्सर पटना फोरलेन पर नवानगर मोड़ के पास बड़ी सफलता मिली। जब एक टाटा इंडिका कार को रोका गया। वाहन के तलाशी करने पर कार में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन के चालक सहित एक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

वाहन से 180 एमएल के आफ्टर डार्क हि्वस्की 528 पीस करीब 95.040 लीटर था। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ साथ सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। होली पर्व को देखते हुए मद्यनिषेध विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## बलिया-डुमरांव-डिहरी रेल लाईन निर्माण की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बलिया-डुमराव-डिहरी रेल लाईन निर्माण को लेकर पदाधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक की गई। समिति के संस्थापक सह महासचिव उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस रेल लाइन का निर्माण कराने के लिए संघर्ष समिति 19 वर्षों से लगातार माँग करती आ रही है जिसपर रेल मंत्रालय ने अपनी आंखें बंद कर कुम्भकर्णी नींद सो रही है। मंत्रालय अगर इसी तरह सोता रहा तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय लोगों का हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। अध्यक्ष अरविंद कुमार उर्फ रमेश गुप्ता ने कहा कि इस कार्य को करवाने हेतु बक्सर लोकसभा के उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी जी से मुलाकात करूंगा। इस कदम को सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने सही बताया। तदुपरांत अध्यक्ष ने तत्परता दिखलाते हुए दूसरे ही दिन पटना बीजेपी कार्यालय पहुंच उक्त नेता जी से मिल कर इस बात से अवगत कराया। साथ ही इस रेल परियोजना की जानकारी देते हुए माँग पत्र सौंपा। श्री तिवारी ने मांग की सराहना करते हुए कहा कि इस माँग को मैं अपने जी जान से लगकर करवाऊंगा। यह माँग तो दशकों पहले पूरा हो जाना चाहिए थ । आगे कहा कि यह रेल लाइन तो बहुत जरूरी मार्ग है। इससे पूरे देश की जनता को लाभ होगा। साथ ही साथ रेल मंत्रालय को भारी राजस्व भी प्राप्त होगा। इस कार्य को कराने के लिए मैं बहुत जल्द रेल मंत्री से मुलाकात कर इसको करवाऊंगा। वर्चुअल बैठक में अध्यक्ष अरविंद कुमार उर्फ रमेश गुप्ता, महासचिव उमेश कुमार गुप्ता, सचिव अधिवक्ता सुनील तिवारी, भारत सोनार, अमर नाथ मिश्रा, विकास कुमार, कमलेश, गुप्ता, रोहित रॉय, डॉ पवन गुप्ता, कृष्णकांत त्रिपाठी, मोहन जायसवाल, सुदर्शन पासवान, विमलेश कु सिंह, शम्भू नाथ यादव, राधेश्याम जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर।** भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुलतानिया ने बुधवार को कोईलवर प्रखंड अंतर्गत सकड्डी पंचायत के वार्ड संख्या 5 एवं 10 स्थित महादलित टोला का दौरा किया।

उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से सीधा फीडबैक प्राप्त किया। उनकी जरूरतों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष शिविरों के माध्यम से महादलित टोलों में सभी पात्र लाभार्थियों को 100% आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान तहत शौचालय निर्माण, जन्म प्रमाण पत्र निर्माण, हर घर नल-जल योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वच्छता कार्यक्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। इसके बाद, जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विकास मित्रों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। विशेष रूप से, उन्होंने बच्चों को विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पर बल दिया। इस अवसर पर निदेशक (डीआरडीए), जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सलाहकार (स्वच्छता), अंचलाधिकारी, कोईलवर, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सीडीपीओ, एमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'तरकारी आउटलेट' के जरिए मुनाफा कमाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण : किशोर कुणाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर राजद विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने बिहार के बजट पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबों, किसानों, मजदूरों और नौजवानों के हित में नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यह बजट जदयू-भाजपा सरकार का हवा-हवाई बजट है, जो बिहार के हित में नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा, पहले केंद्र सरकार ने बिहार को बजट में ठगा, और अब राज्य सरकार भी खोखला बजट लेकर आई है। विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का यह आखिरी बजट है, इसलिए उम्मीद थी कि बिहारवासियों को कम से कम महंगाई और बेरोजगारी की मार से कुछ राहत मिलेगी। उधर, युवा नेता किशोर कुणाल ने भी बजट पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि इसमें रोजगार की बात होगी, महंगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार की बात भी नहीं हुई, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की बात भी नहीं है, और पेंशन योजना के तहत मिलने वाले 400 रुपये को बढ़ाया भी नहीं गया।

**गरीब विरोधी है बजट**

वहीं राजद नेता किशोर कुणाल ने बजट को लेकर कहा, बीते 20 सालों से जो बजट पेश किया जा रहा है वो बिल्कुल गरीब विरोधी है। इस बजट से हम लोगों को उम्मीद नहीं है। लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में गरीबों को हक मिला है, लेकिन अब गरीबों का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलायन सबसे अधिक बिहार से होता है, लेकिन फैक्ट्री लगाने की बात बिहार में बजट में नहीं की गई है। नौकरी और रोजगार कैसे युवाओं को उपलब्ध कराएंगे। इसकी बात बजट में नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि रोजगार की बात होगी, महंगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, युवाओं के लिए रोजगारयुक्त प्रशिक्षण की बात होगी, महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की बात होगी, लेकिन सब के सब ढाक के तीन पात। महंगाई को कम करने की जगह सरकार 'तरकारी आउटलेट' के जरिए मुनाफा कमाने की कोशिश में लग गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## दुर्घटना में सब्जी विक्रेता की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** कुसुम्भा थाना क्षेत्र के खखड़ा गांव में बेकाबू बाइक ने एक सब्जी विक्रेता को टक्कर मार दी। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शेखपुरा-शाहपुर मुख्य पथ को जाम दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। मृतक की पहचान छेमा गांव निवासी 50 वर्षीय मिथिलेश सिंह के रूप में की गई है। जाम की सूचना मिलते ही कुसुम्भा थानाध्यक्ष अमरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस की बात मानने से इंकार कर दिया। हालांकि मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा आश्वासन दिए जाने के पश्चात लोगों ने जाम को हटाया। अपने परिवार का भरण-पोषण इसी व्यवसाय से करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पांच बेटियां हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियों की शादी अभी बाकी है। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। बता दें कि मृतक पेशे से सब्जी विक्रेता है और अपने परिवार का भरण-पोषण इसी व्यवसाय से करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पांच बेटियां हैं।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक सहित तीन घायल

**शेखपुरा।** मटोखर गांव के समीप एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ई-रिक्शा चालक गोलू कुमार, जो देवरा गांव का निवासी है और वह शेखपुरा की ओर जा रहा था।

## एक नजर

### बधार में मिला अज्ञात का शव

**गड़हनी/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर सिवाना के बधार से पुआल में छिपाया अज्ञात महिला का शव बरामद होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पूरी तरह सड़ा गला था। गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार को एक महिला की शव मिलने की सूचना मिली। तत्काल स्थल पर पहुचें। देखा की एक महिला का शव पुआल में छुपाकर रखा हुआ है। महिला कहां की है। पहचान नही हो सका है। शव के पहचान के लिए पुलिस ने अपने चौकीदार व मुखबीरों को सूचना देकर पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि शव की हत्या एक माह पूर्व किसी और स्थान पर की गई होगी। बाद में यहां लाकर फेंक दिया गया है। शव के बारे मे फिलहाल कुछ पता नही चल पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धिपुर कार्यालय के शामिल स्थित नव स्थापित हनुमत मंदिर में मंगलवार की रात हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्राम की कीर्तन मंडली ने देर रात तक बजरंगबली के भजन और संकीर्तन प्रस्तुत किए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह दिखा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हनुमान जी की आराधना की। जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयघोष गूंजे। 12 घंटे के अखंड हरि कीर्तन से पूरा वातावण भक्तिमय बना हुआ था। कीर्तन मंडलियों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के स्वरों से हरे रामा.. हरे कृष्ण का गुणगान किया। इसी कड़ी में इस आयोजन को लेकर सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धिपुर के कनीय अभियंता पप्पू कुमार ने भव्य भंडारण का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि इस आधुनिकता के दौर में लोग अपने संस्कृतिकों को भूलते जा रहे हैं। हमें अपनी पुरानी परंपराओं को जागृत रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजू यादव सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्ति का रसपान किया।

### जावेद हबीब ने किया सैलून का उद्घाटन

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के युवाओं को स्टाइलिश बनाने के लिए जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी सैलून अब शेखपुरा में भी खुल गया है। बुधवार को शहर के वीआईपी रोड में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हेयर एंड ब्यूटी सैलून द जावेद हबीब ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक युवती के बाल भी डिजाइन किए। इस मौके पर जावेद हबीब ने लोगों को आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवाओं में बालों को लेकर काफी क्रेज हो गया है। जब बाल जवां तो आपका दिल जवां हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बालों को रोजाना शैंपू से धोना चाहिए, लेकिन शैंपू करने से महज आधा घंटा पहले बालों में तेल लगाने से बाल काफी मुलायम और स्वस्थ रहते हैं। आज के दौर में हर कोई स्टाइलिश बाल रखने को आतुर है। रात में सोते समय कभी भी बाल में तेल नहीं लगाना चाहिए क्योंकि उससे अधिक बाल झड़ते हैं।

### 300 लीटर शराब व ऑटो जब्त

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार से पुलिस ने 300 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। शराब के संग एक नाबालिक को पकड़ा गया। बताया जा रहा कि नाबालिक ऑटो चालक है। वह ऑटो में 300 लीटर महुआ शराब लादकर सरैंया बाजार के रास्ते जा रहा था। तभी पुलिस को शक हुई। जब तलाशी ली गई तो उसमे रखे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने ऑटो व शराब को जब्त कर दिया। दूसरी ओर 2 माह से फरार मारपीट के आरोपी झोकीपुर निवासी अरबिंद कुमार उर्फ सूरज गिरफ्तार कर लिया। वह बालेश्वर महतो का पुत्र है। जमीन विवाद में 2 माह पूर्व मारपीट हुआ था।

### 200 लीटर देसी शराब बरामद

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र में रूपबांध गांव से पुलिस ने एक वेस्ट बंगाल नंबर की टोयोटा कार से 200 लीटर देसी शराब बरामद की है। हालांकि, शराब तस्कर भागने में सफल रहा जगदीशपुर थाना अध्यक्ष बिकाऊ राम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी की और शराब जप्त की। पुलिस ने शराब तस्करी में शामिल तस्कर की पहचान कर ली है और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब व राइफल छोड़ भागे तस्कर

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चौरी थाना क्षेत्र के बाबूबांध बिंद टोली से पुलिस ने एक देशी राइफल, एक जिंदा कारतूस और 40 लीटर देशी शराब बरामद की है। शराब तस्करों के इकट्ठा होने और शराब की खरीद बिक्री होने की गुप्त जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापामारी की थी। अहले सुबह हुई इस छापामारी के लिए गए पुलिस को दूर से आता देख शराब तस्कर अपना सामान छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अवैध देशी राइफल, जिंदा कारतूस व 40 लीटर महुआ शराब जप्त करते हुए अज्ञात पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शेखपुरा-चेवाड़ा मुख्य सड़क मार्ग पर एकसारी बीघा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक टुनटुन राम की इलाज के दौरान पावापुरी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, उनके साले संतोष राम का इलाज अभी भी पावापुरी अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि गिरिहिंडा मोहल्ला निवासी टुनटुन राम तीन दिन पहले अपने साले संतोष राम के साथ बाइक पर सवार होकर लखीसराय स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान एकसारी बीघा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल लाया गया।

# सेना के सामर्थ्य और पराक्रम का कल होगा प्रदर्शनः राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मोतिहारी।** 7 एवं 8 को मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित सेना के शौर्य प्रदर्शन कार्यक्रम में आम जनता के लिए किसी पहचान पत्र या पास की आवश्यकता नहीं होगी। आम जनता गांधी मैदान के गेट नंबर 4,5, 6 एवं 7 से प्रवेश करेगी। उक्त बातें स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने सेना के द्वारा आयोजित शौर्य वेदनम कार्यक्रम के तैयारियों की जानकारी के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने जिला वासियों से अपील भी की है की सेना के शौर्य एवं पराक्रम के कार्यक्रम को देखने के लिए लोग गांधी मैदान आएं। यह कार्यक्रम सुबह के 9:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा और इसका प्रारंभिक सत्र बहुत ही महत्वपूर्ण होगा जिसमें एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। आगामी 7 और 8 मार्च, 2025 को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भारतीय सेना(आर्मी) शौर्य वेदनम कार्यक्रम का आयोजन कर रही है जिसमें सेना के सामर्थ्य एवं पराक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 7 मार्च को सुबह 10:00 बजे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, सभापति रक्षा संबंधी स्थाई समिति, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सह स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह एवं सेना के वरिष्ठतम अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। वहीं 8 मार्च को इस कार्यक्रम में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शिरकत करेंगे। गांधी मैदान में इस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। आज सेना के वरीय अधिकारीगण के द्वारा शौर्य वेदनम कार्यक्रम से संबंधित सभी इवेंट्स की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि सेना के सामर्थ्य और पराक्रम का विभिन्न तरह से प्रदर्शन कराया जाएगा जिसमें सेना के तीनों विंग स्थल, जल और वायु सेना के जवान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना द्वारा उपयोग की जा रही आधुनिकतम हथियारों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें वह बोफोर्स तोप, टी-90 टैंक, बोफोर्स गन, एक-47 सहित विभिन्न प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र रहेंगे। पूरी प्रदर्शनी आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस दौरान डॉग शो, रोबोटिक मल्स,मार्शल आर्ट, मोटरसाइकिल डिस्प्ले, ऑपरेशनल डेमो सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ,भांगड़ा, खुकरी डांस आदि प्रस्तुत किया जाएगा। वस्तुतः यह आयोजन अपनी आर्मी को निकट से जानने-पहचानने का एक अवसर है जिसमें इक्विपमेंट्स प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं एडवेंचरस डिस्प्ले किया जाएगा। शौर्य वेदनम कार्यक्रम में युवा वर्ग को आकर्षित करने के लिए आर्मी का जॉब फ़ेयर भी लगेगा। इस जॉब फेयर में एक आर्मी की दिनचर्या क्या होती है, इसे बताया जाएगा साथ ही आर्मी से सेवानिवृत्ति के पश्चात भी सेवा के क्षेत्र में क्या-क्या संभावनाएं है, इसकी जानकारी दी जाएगी जो आर्मी के रिटायर्ड लोगों के लिए लाभकारी होगी। मौके पर मेजर जेनरल विकास भारद्वाज, लेफ्टिनेंट जेनरल पी एच शेखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, उप मेयर डॉध लालबाबू गुप्ता एवं सुधांशु रंजन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मोदी सरकार ने गांधी व अटल की सोच को धरातल पर उतारा : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** देश की आत्मा गांव में बस्ती है, जिसके के करण पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। वही पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा दिया। वही से किसानों की हित और विकास की सोच आगे बढ़ी। परन्तु बीच के सरकारों ने किसानों की हित सोच फाइलों में बंद कर दिया। जब गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना तो महात्मा गांधी व अटल जी के सोच को धरातल पर उतारा। उक्त बातें बुधवार को स्थानीय महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि विविधीकरण और पारिस्थितिक- क्षेत्रीय खेती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम दिन किसानों को सम्बोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री सह स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने कही। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह, विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, पूर्व विधायक सचिन्द्र सिंह, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, एमजीआईएफआरआई के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे, पूर्व निदेशक डॉ. केजी मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद श्री सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी अनुसूचित जाति के विकास के लिए कई योजना लाई है। जिसमें अनुसूचित जाति उपयोजना लागू किया है। जिसके अंतर्गत आईसीएआर के माध्यम से कृषि सम्बन्धित प्रशिक्षण देकर रोजगार उन्मुख बनाया जा रहा है। इसी योजना के तहत स्थानीय एमजीआईएफआरआई सत्र 2018 से 23-24 तक 1523 महिलाओं एवं 3029 पुरुषों को कृषि का प्रशिक्षण दिया गया। पीएम मोदी अनुसूचित जाति के लोगो को शौचालय व गैस कनेक्शन देने का काम किया। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा की अम्बेडकर के नाम पर राजनीतिक करने वाले भारत रत्न नही दियाद्य संविधान की हत्या बिहार में हुई थी, बहु बेटी सुरक्षित नहीं थी, जंगलराज कायम हो गया था। पीएम मोदी व सीएम नीतीश कुमार ने मिलकर अनुसूचित जातियों के समृद्धि के लिए टोला सेवक व विकास मित्र बहाली की। कोरोना काल में कोई भूखे नही मरा। पीएम व सीएम ने गरीब व अनुसूचित जातियों के लिए पंजीकृत मजदूरों के खाते में बहुत जल्द राशि डाले जायेंगे।

## रामगढ़वा थाना के नए भवन पर 'नक्सल थाना' लिखे जाने का विरोध

**रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)।** रामगढ़वा थाना के नए भवन पर 'नक्सल थाना' लिखे जाने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि गृह मंत्रालय ने 2021 में इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया था, ऐसे में थाने का नाम 'नक्सल थाना' रखना अनुचित है। जैसे-जैसे यह मामला सार्वजनिक हो रहा है, लोगों का विरोध भी तेज होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों, समाजसेवी संगठनों और राजनीतिक दलों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। युवा रामगढ़वा संघ समेत कई संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि थाने का नाम बदलकर 'आदर्श थाना' किया जाए।

विरोध करने वालों का कहना है कि यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किन निर्देशों के तहत थाने का नाम 'नक्सल थाना' रखा गया। उन्होंने मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्रशासन से जल्द से जल्द नाम बदलने की अपील करने वालों में विकास कुमार सिंह, शमीर खान, अमन पासवान, अमित सिंह, राशिद कमाल, अंकित तिवारी, मुरारी ओझा, साजन गुप्ता और जागृत बरनवाल सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

## यूक्रेनी नागरिक नेपाल सीमा पर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** एसएसबी 47वीं बटालियन की टीम ने मंगलवार रात नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक यूक्रेनी नागरिक को गिरफ्तार कर हरैया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बोरी बान्द्रेको बताया और कहा कि वह पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित भक्तिसिद्धांत सरस्वती रोड पर निमंत्रण भवन में रह रहा था। बोरी बान्द्रेको ने बताया कि वह नेपाल घूमने के अलावा अपने मोबाइल को नेपाली सिम से जोड़कर यूक्रेनी मुद्रा को भारतीय रुपये में बदलना चाहता था। उसका कहना था कि भारत में यूक्रेनी सिम रोमिंग में काम नहीं करता, जबकि नेपाल में वह सक्रिय हो जाता है। इसलिए वह मोबाइल बैंकिंग के जरिए अपने बैंक खाते में पैसा ट्रांसफर करने की योजना बना रहा था।

## पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**ढाका (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमावर्ती कुंडवा चैनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के खरूआ पुल के पास से बुधवार सुबह दो अपराधियों को एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार राय के नेतृत्व में छापेमारी कर दोनों अपराधियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान दीपक कुमार और प्रदीप कुमार, निवासी कुंडवा चैनपुर, के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुछताछ के बाद जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति बदहाल

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** जिला पार्षद रूबी देवी ने मंगलवार को सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कई केंद्रों की स्थिति बेहद दयनीय है और वहां एक भी कर्मी मौजूद नहीं था। रूबी देवी ने बताया कि जमुनभार, गम्हरिया खुर्द, हरपुर समेत कई स्वास्थ्य केंद्र या तो बंद रहते हैं या उनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कोरैया, भेड़ियाही और लक्ष्मीपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को भी बेहद जर्जर हालत में पाया। इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## जन सुराज पार्टी की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** जन सुराज पार्टी की समीक्षा बैठक मंगलवार को सहनी मार्केट, कोटवा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ. के. बी. सिंह ने की, जबकि संचालन संभावित विधानसभा उम्मीदवार डॉ. मंतोष कुमार साहनी ने किया। इस बैठक में जन सुराज पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, पूर्वी चंपारण जिला प्रभारी राघवेंद्र पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 6 मार्च को कल्याणपुर प्रखंड के बाकरपुर मध्य विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित उद्घोष सभा की तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने उद्घोष सभा की सफलता के लिए विचार-विमर्श किया और जिम्मेदारियां तय कीं।

## वारंट के बावजूद गिरफ्तारी नहीं

**मोतिहारी।** न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद सुगौली थाना पुलिस ने अब तक धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। इस संबंध में कोल्हूआरवा वार्ड नंबर 17 के निवासी पन्नालाल गिरी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पन्नालाल गिरी ने अपने आवेदन में बताया कि मोतिहारी न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया था, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 2 जनवरी 2025 को भी आदेश दिया गया था। लेकिन, अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है।

## पुलिस को आता देख ऑटो छोड़ भागा चोर

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सुप्पी गांव के समीप पुल निर्माण में छड़ की चोरी कर रहे एक चोर को पुलिस ने मौके वारदात पर धर दबोचा का प्रयास किया। लेकिन बताया जाता है कि छड़ चोरी कर रहा चोर ऑटो से आया था जो ऑटो छोड़कर फरार हो गया। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि सुप्पी गांव के समीप पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें कुछ अज्ञात चोरों द्वारा छड़ की चोरी किया जा रहा था तभी टेहटा थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं एसआई सुमन पेट्रोलिंग करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की गाड़ी आता देख चोर छड़ एवं ऑटो छोड़कर फरार हो गया। वहीं पुलिस छानबीन कर ऑटो को जब्त कर थाने लाई है।

## बेहतर कार्य के लिए वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसन्धान संस्थान में आयोजित कृषि विविधकरण एवं क्षेत्रीय पर्यावरण आधारित खेती के बढ़ावा को लेकर दो दिवसीय संगोष्ठी के समापन सत्र के अवसर पर कई वैज्ञानिको को सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम सत्र में खाद बनाने के दौरान सूक्ष्म जीव गतिशीलता और इंजमेटीक गतिविधियों के लिए अल्पना कुशुम, द्वितीय पुरस्कार अभिषेक कुमार तथा तृतीय पुरस्कार त्रिदीप मंडल को दिया गया।

# किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी प्रतियोगिता कार्यक्रम का जिला पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के द्वारा 5 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन काको रोड स्थित संयुक्त कृषि भवन परिसर में किया जा रहा है। बुधवार को इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कृषकों के बीच कृषक हितकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं प्रचार-प्रसार में सहायक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उद्यान प्रदर्शनी प्रतियोगिता किसानों का उत्साहवर्द्धन एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य करेगा। उन्होंने किसानों से इस मेले में जुड़ने का आह्वान किया कि जिले के किसानों को इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ उठाना चाहिए। उनके द्वारा किसानों को नवीनतम तकनीक अपनाने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि इस जिला के किसान मुख्य रूप से धान, गेहूं, दलहन, तेलहन फसलों की खेती करते हैं। इन फसलों की खेती में उन्हें सीमित लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने जिले के किसानों से अनुरोध किया कि वे धान गेहूं आदि सीरीअल क्रॉप के साथ उद्यानिक फसलों जैसे- सब्जी, फल, फूल, मसाला की खेती तथा मशरूम उत्पादन, मधुमक्खीपालन एवं शहद उत्पादन तकनीक अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जलवायु अनुकूल खेती, जैविक खेती, फसल विविधीकरण एवं फसल चक्र अपनाने पर हमें जोर देना चाहिए। जिला पदाधिकारी ने कृषि विभाग के कर्मियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस जिला के भी कुछ किसान नई तकनीक अपनाकर वैज्ञानिक ढंग से खेती कर रहे हैं। अन्य किसानों को जागरूक करने हेतु उन किसानों के प्रक्षेत्र पर परिभ्रमण कराकर प्रेरित किया जा सकता हैं। उन्होंने किसान मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फल, फूल, सब्जी, मशरूम, शहद आदि की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कृषि विभाग एवं उससे सम्बद्ध विभागों/ कार्यालयों/ प्रगतिशील किसानों एवं कृषि यंत्र विक्रेताओं द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा श्रीमती संभावना के द्वारा कृषि एवं आत्मा कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया की यह मेला तीन दिवसीय 7 मार्च तक संचालित है, इसमें आयोजित उद्यान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रादर्श लाने वाले किसानों को मूल्यांकन के उपरांत मेला के अंतिम दिन 7 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर इस जिला के किसानों द्वारा लायी गई फल, फूल, सब्जी, मशरूम, शहद, आचार इत्यादि कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा है। कार्यक्रम में हर्ष लोक मंच, पुनपुन, पटना के कलाकारों द्वारा कला जत्था/नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कृषक हितकारी योजनाओं एवं अन्य कृषि की नई-नई तकनीकों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में किसानों को सुलभता पूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु कृषि, आत्मा, भूमि संरक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, पौधा संरक्षण, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई प्रमंडल, जीविका, इफको आदि कार्यालयों के साथ-साथ आरोग्यम् मशरूम हाउस, नेरा पिकल्स, बराबर एवं सर्वसिद्धांता कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि कृषक एवं प्रगतिशील कृषक- शिव नारायण यादव तथा कृषि यंत्र विक्रेताओं के द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व मिशन गृह प्रवेश के तहत प्रतिकात्मक चाभी सौंपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जहानाबाद जिला को प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के विरुद्ध 843 लाभुकों का प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध कराई गई है।

ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी जहानाबाद अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों से आए पात्र लाभुकों को जिला पदाधिकारी द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्व में प्राप्त लक्ष्य से आवास पूर्णता वाले लाभुकों को जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतीकात्मक चाभी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने तीन माह के अंदर आवास पूर्ण कराने के लिए सभी लाभुकों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा लाभुकों को मनरेगा के अभिसरण से 90 दिनों का मजदूरी भुगतान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लाभुकों को शौचालय का निर्माण निश्चित रूप से कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर लेखा प्रशासन एवं स्व नियोजन पदाधिकारी, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी, भी उपस्थित थे।

## कर्पूरी ग्राम और खुदीरामबोस पूसा को समस्तीपुर मंडल में किये जाने को लेकर केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री ने डीआरएम को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** यात्री सुविधा को देखते हुए बरौनी से नई दिल्ली के लिए वाया समस्तीपुर पाटलिपुत्र एक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए। साथ ही वर्तमान में सोनपुर रेल मंडल अंतर्गत स्थित खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन को समस्तीपुर रेल मंडल में शामिल करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए। उक्त बातें केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर को लिखे एक पत्र में लिखा है। इसके अलावा अपने पत्र में श्री ठाकुर ने 12947-12948 पटना अहमदाबाद एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन बरौनी से वाया समस्तीपुर चलाने, 12211-12212 मुजफ्फरपुर आनंद विहार गरीब रथ को समस्तीपुर से प्रतिदिन चलाने, 15027-15028 मौर्य एक्सप्रेस, 18181-18182 टाटा-थावे एक्सप्रेस, 13419-13420 मुजफरपुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 13225-13226 जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस का कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिये जाने, तथा मौर्य एक्सप्रेस को बरौनी स्टेशन पर ठहराव के समय को संशोधित करने का आग्रह किया है।

## होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना परिसर में होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने किया। इस आशय की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई है। जिसमें सभी समुदाय के लोगों को मिलजुल कर होली पर्व मनाने एवं आपसी भाईचारा सद्भाव बनाए रखने को लेकर बात की गई साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर होलिका दहन को लेकर पूर्व में विवाद का मामला सामने आया है। इस संबंध में विवादित स्थानो पर विशेष तौर पर पुलिस बल को तैनात किया जाएगा साथ ही होलिका दहन वाले दिन और होली के दिन विशेष पेट्रोलिग की जाएगी। उन्होंने आम जनों से भी आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाते हुए पर्व मनाने का अपील किया हैं।

# डीएम ने सौंपे पीएम आवास के पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत राज्य के तीन लाख परिवारों को प्रथम किस्त के रूप में 1200 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लीक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के वित्तीय वर्ष 2024-25 के पाँच लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं पांच आवास पूर्ण करने वाले लाभुकों को प्रतिकात्मक चाभी प्रदान किया। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्तीपुर जिले को ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना द्वारा समस्तीपुर को कुल-44477 लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें से अबतक दो चरणों में कुल 38286 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में इस दूसरे चरण में कुल 26206 आवास की स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके विरूद्ध आज मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा इस जिलें के कुल 23517 लाभर्थियों को प्रथम किस्त की राशि मो0-94,06,80,000.00 (चैरानबे करोड़ छह लाख अस्सी हजार रूपये मात्र) का भुगतान किया जा रहा है। जिलें में इस वित्तीय वर्ष में कुल 35114 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्तीपुर जिले को ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना द्वारा कुल-44477 लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें कुल 4509 आवास को पूर्ण कराया जा चुका है। इस मौके पर संदीप शेखर प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर, आशुतोष आनंद, परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, लेखा प्रशासन के साथ ग्रामीण विकास विभाग के जिला / प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर में आयोजित होगा विकसित भारत की युवा संसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसीत भारत युवा संसद - 2025 के तहत आयोजित होने वाली चयन प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर को दो जिला (समस्तीपुर एवं बेगूसराय) का नोडल नियुक्त किया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य समझौता पर हस्ताक्षर किया गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मीना प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला युवा अधिकारी अमित कुमार, डॉ. खुर्शीद अहमद खान, डॉ. राहुल मनहर, डॉ. रोहित प्रकाश, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. महेश कुमार चैधरी एवं मंतोष कुमार शामिल थे।

# करोड़ों की लागत से बना पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल के नए भवन में स्थानांतरण हुए करीब ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब भी मरीजों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। रेफरल अस्पताल पालीगंज को वर्ष 2014 में उत्क्रमित कर पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा दिया गया था। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। जांच की सुविधा न होने के कारण मरीजों को निजी लैब में महंगी दरों पर जांच करवानी पड़ रही है। अस्पताल में स्वीकृत 30 डॉक्टरों के पदों में से केवल 17 पदों पर ही चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें से सात विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। वहीं, स्वीकृत 50 जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) पदों में से केवल 24 कार्यरत हैं, जिनमें से चार पटना में प्रतिनियुक्त हैं। अस्पताल की लेबर रूम और इमरजेंसी सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रतिदिन कम से कम 12 जीएनएम की आवश्यकता होती है, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते 19 जीएनएम के सहारे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा, लैब टेक्नीशियन, ड्रेसर, ओटी असिस्टेंट और अन्य तकनीकी पद रिक्त होने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। फार्मासिस्ट के पांच स्वीकृत पदों में से केवल एक पद पर ही कर्मी कार्यरत हैं।

**सीजेरियन सुविधा नहीं, मरीजों को जाना पड़ता है पटना**

अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण सीजेरियन डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। ऐसे में प्रसव पीड़िताओं को 50 किलोमीटर दूर पटना के अस्पतालों में जाना पड़ता है या फिर महंगे निजी क्लिनिक का सहारा लेना पड़ता है।

**आवासीय सुविधा और परिवहन की समस्या**

अस्पताल की उपाधीक्षक आभा कुमारी के अनुसार, जीएनएम की कमी के कारण अस्पताल संचालन में सबसे अधिक समस्या हो रही है। इसके अलावा, लैब टेक्नीशियन, ओटी असिस्टेंट, ड्रेसर, तकनीकी कर्मचारी और जांच उपकरणों की कमी के कारण भी मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है, लेकिन चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधा की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा, परिवहन व्यवस्था भी अत्यधिक खराब है, जिससे डॉक्टरों और स्टाफ को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में बाउंड्री वॉल भी नहीं है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बनी हुई हैं।

## प्रगति रथ के माध्यम से घोषी प्रखंड में आमजनों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर घोसी प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों एवं टोलों तथा घोषी नगर पंचायत क्षेत्रों में प्रगति रथ का परिचालन कर बिहार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस प्रगति रथ का परिचालन 4 मार्च को जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र तथा गांव एवं टोलों में किया गया। बताया गया कि आज 6 मार्च, 2025 को काको प्रखंड में, 7 मार्च, को रतनी फरीदपुर प्रखंड क्षेत्र में, 8 मार्च को मोदनगंज प्रखंड में, 9 मार्च को हुलासगंज प्रखंड में तथा 10 मार्च, 2025 को मखदुमपुर प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता रथ का परिचालन किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्याः जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांकः 04.03.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा "बढ़ते हुए वैगन पीओएच लक्ष्यों को पूरा करने के लिए घटक निर्माण के लिए बीएसटी शॉप के क्रमोन्नयन के संबंध में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था और विद्युतीय वायरिंग" कार्य के लिए **ई-निविदा सूचना संख्याः जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांक 24.01.2025 के मार्फ़त** ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा **संशोधनी सूचना संख्याः जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांक 24.02.2025** के मार्फ़त "निविदा बंद होने की तारीख एवं समय" को 04.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक बढ़ा दिया गया था। अब, इस स्तर पर, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय फिर से 10.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक बढ़ाया** जा रहा है। बोलीदाता सिर्फ विस्तारित बंद होने की तारीख और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ जमा कर सकेंगे। और, अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने के नियमों और विनियमों तथा पद्धति के विवरण के लिए **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(MISC-364/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.-झलझलिया, जिलाः मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्याः ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-345, दिनांकः 03.03.2025। कार्य का नामः** मालदा में वन्दे भारत ट्रेनों के लिए रखरखाव बुनियादी ढांचे एवं रखरखाव सुविधाओं के विकास के लिए विद्युतीय कार्यों के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,55,57,329.97। **बयाना राशिः** ₹ 2,27,800। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 11.03.2025 से 25.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in**। सूचना पट्टः वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(MLD-238/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्याः सीएमएसजेएमपीएलपीआरसी2024-आरई-2, दिनांकः 04.3.2025।** एसीएमएस, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा का शीर्षकः** अनुबंध के शुरू होने की तारीख से 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए वर्कशॉप रेलवे अस्पताल, पूर्व रेलवे, जमालपुर के लिए दिन-प्रतिदिन की स्थानीय खरीद के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और उपभोज्य की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। बोलीदाता को बोलीदाता द्वारा प्रत्येक समूह के लिए 100 रुपये के तहत छूट की दर या प्रतिशत में छूट की दर उद्धृत करना आवश्यक है। **मूल्यांकन मानदंडः** समूहवार। **पूर्व-बोली सम्मेलन की आवश्यकताः** नहीं। **निविदा अनुभागः** स्टोर। **निरीक्षण एजेंसीः** कन्साइनी। **मद श्रेणीः** सामान्य। **अनुमोदित स्रोतों से प्राप्तिः** नहीं। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 09.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 365 दिन। **बयाना राशि (आईएनआर):** ₹ 75,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत (आईएनआर):** ₹ 0। **प्रकाशन की तारीख/समयः** 04.03.2025 को सुबह 10.51 बजे। **जहाँ बोली लगानी होगीः** आईआरईपीएस। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा पत्र डाउनलोड किया जा सकता है: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ बंद होने की तारीख और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।

(MED-15/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# कोहली अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर हैं : माइकल क्लार्क





**नई दिल्ली ।** चेज मास्टर विराट कोहली ने एक बार फिर भारत के लिए शानदार जीत की नींव रखी, जिसमें उन्होंने दुबई में असहज परिस्थितियों में अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई, ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी माइकल क्लार्क ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अब तक का सबसे महान वनडे क्रिकेटर करार दिया।

कोहली आईसीसी नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर उतरे और शानदार स्ट्रोक प्ले और बुद्धिमानी से स्ट्राइक रोटेशन के साथ जीत के अंतर को कम किया, अंत में उनके नाम केवल पांच चौके थे, जिससे मुश्किल सतह पर रन बनाने की उनकी क्षमता का पता चलता है। क्लार्क ने जियो हॉटस्टार से कहा, एक बार फिर, उन्होंने परिस्थितियों का शानदार ढंग से आकलन किया। एक बेहतरीन खिलाड़ी, उन्हें पता था कि उनकी टीम को क्या चाहिए और उन्हें मैच जीतने की स्थिति में कैसे लाना है। हमने पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक में भी यही देखा। विराट के पास हर शॉट है - बाउंड्री लगाने की उनकी क्षमता पर कोई सवाल नहीं है। मेरी राय में, वह अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर हैं, और वह सबसे बड़े मंच पर, सबसे ज्यादा दबाव में भी इसे साबित करते रहते हैं। उन्हें पता है कि क्या करना है, और जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, कोहली की पारी अपर्याप्त साबित हो सकती थी अगर उन्हें श्रेयस अय्यर का साथ न मिलता। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पावर प्ले के अंदर शुभमन गिल और रोहित शर्मा के आउट होने के बाद क्रीज पर समय बिताया।

क्लार्क ने अय्यर की पारी की सराहना की और दावा किया कि दोनों ने एक दूसरे की तारीफ की। उन्होंने कहा, एक साझेदारी की तत्काल आवश्यकता थी क्योंकि दुबई की स्पिन-अनुकूल पिचों पर और अधिक विकेट गिरने से टीम का पतन हो सकता था और यह अय्यर ही थे जिन्होंने तीसरे विकेट के लिए कोहली के साथ 91 रनों की साझेदारी की और एक बार फिर वनडे सेट अप में शीर्ष क्रम के लिए एक विश्वसनीय विकल्प साबित हुए। उन्होंने कहा, श्रेयस ने वाकई बहुत अच्छा खेला। उनके पास आक्रामक दृष्टिकोण और शानदार इरादे हैं और वे हमेशा अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करते हैं, जिससे उनके बल्लेबाजी साथी पर से दबाव कम हो जाता है। वे और विराट कोहली एक दूसरे के पूरक हैं। विराट के अनुभव के कारण वे जरूरत पड़ने पर श्रेयस का मार्गदर्शन कर सकते हैं और उन्हें संयमित रख सकते हैं। उनकी साझेदारी मैच जीतने वाली थी, इसमें कोई संदेह नहीं है। क्लार्क ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने कुछ विकेट लेने में कामयाबी हासिल की और अगर उन्होंने पहले ही इस साझेदारी को तोड़ दिया होता, खासकर विराट को आउट कर दिया होता, तो खेल पूरी तरह से अलग हो सकता था। लेकिन भारत को श्रेय जाता है- उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा खेला।

## चैंपियंस ट्रॉफी में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरज़ई बने नंबर-1 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अजमतुल्लाह ओमरजाई आईसीसी की वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर आ गए हैं. आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की, अजमतुल्लाह अपने ही देश के मोहम्मद नबी को पीछे छोड़कर टॉप पर काबिज हो गए. नबी दूसरे नंबर पर खिसक गए. आईसीसी की ताजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में अजमतुल्लाह ओमरजाई ने 2 स्थान छलांग लगाकर टॉप का स्थान हासिल किया. उनके 296 रेटिंग पॉइंट्स हैं. पहले टॉप पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी थे, जो अब 292 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 2 पर आ गए हैं.



अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तीनों मैच खेले थे. दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इतिहास रचा था. वह चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच में 40 प्लस स्कोर (41) और 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने थे. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 67 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया था. अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में कुल 7 विकेट लिए थे और 126 रन बनाए थे. चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान ने एक ब?ा उलटफेर किया था, उन्होंने अपने दूसरे मैच में इंग्लैंड को हराया था. इसके बाद उसके पास चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहुंचने का चांस बन गया था, उसे तीसरा मैच ऑस्ट्रेलिया से जीतना था. लेकिन बारिश के कारण तीसरा मैच रद्द करना पड़ा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी.

## ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल जीत में फील्डर ऑफ द मैच बने श्रेयस अय्यर



**दुबई, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत की जीत में बुलेट की तरह शानदार थ्रो के लिए श्रेयस अय्यर को फील्डर ऑफ द मैच का पदक प्रदान किया। विराट कोहली के वीरतापूर्ण 84 रन के बाद, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तनावपूर्ण रन-चेज के बाद भारत को लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया।

जब एलेक्स कैरी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल को अपने नाम करने का प्रयास कर रहे थे, तब श्रेयस के प्रभावशाली क्षेत्ररक्षण प्रयास ने भारत को बहुत जरूरी विकेट दिलाने में मदद की। कैरी ने 61 रनों की पारी खेली और ऐसा लग रहा था कि वे ऑस्ट्रेलिया को 275 रनों के पार ले जाएंगे, लेकिन श्रेयस ने डीप से सीधे हिट करके बाएं हाथ के बल्लेबाज को आउट कर दिया और ऑस्ट्रेलिया की गति को रोक दिया।

जीत के बाद, भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को संबोधित किया और फील्डिंग में उनके प्रयासों की सराहना की और सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग सम्मान के दावेदारों का खुलासा किया, इससे पहले उन्होंने पूर्व कोच शास्त्री को श्रेयस को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। एक वीडियो में दिलीप ने कहा, नॉकआउट गेम में मौजूदगी और जागरूकता की जरूरत होती है; इसके लिए एक फील्डिंग यूनिट की जरूरत होती है जो प्रतिक्रिया न करे बल्कि ऐसी चीजें बनाए जो हो रही हैं। हमने बिल्कुल यही किया... जिस तरह से हमने फील्डिंग में कोण बनाए, जिस तरह से हमने सुनिश्चित किया कि आउटफील्ड पर कोई दूसरा रन आसानी से न बने। और यह भी सुनिश्चित किया कि उन्होंने जो भी रन बनाए, वह बेहतरीन फील्डिंग प्रयास का सबूत है, जो कौशल और इच्छाशक्ति का संयोजन है।

शास्त्री ने अपने भाषण में कहा, व्यक्तिगत प्रतिभा आपको केवल एक निश्चित स्तर तक ले जाएगी, लेकिन सामूहिक टीम प्रयास ही आपको अंतिम रेखा तक ले जाएगा। आज दो चैंपियन खेल रहे थे; दबाव का खेल, दिखाया गया चरित्र, टीम प्रयास, मैदान पर प्रतिभा की झलक हमेशा फर्क डालती है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में जीत के साथ, भारत ने ऑस्ट्रेलिया से बदला भी ले लिया, जिससे वे 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार गए थे। अब वे 9 मार्च को दुबई में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। शास्त्री ने कहा, आप इस टूर्नामेंट में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं, एक और जीत बाकी है।

# भारत के दिग्गज टीटी खिलाड़ी शरत कमल ने किया संन्यास का एलान, बताया कब खेलेंगे आखिरी मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा।

**शरत ने संन्यास का एलान करते क्या कहा** – 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

शरत कमल ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस के पुरुष एकल में 16 साल बाद स्वर्ण जीता था। इससे पहले उन्होंने 2006 में पुरुष एकल में स्वर्ण जीता था। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सातवां स्वर्ण पदक रहा था। बर्मिंघम में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में पुरुष एकल और पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में पुरुष युगल में स्वर्ण और 2018 में पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं।

शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा शरत एशियन गेम्स में दो पदक जीत चुके हैं। 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में मेन्स टीम और मिक्स्ड डबल्स इवेंट में शरत कमल ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह एशियन चैंपियनशिप्स में दो कांस्य भी जीत चुके हैं। 2021 दोहा एशियन चैंपियनशिप्स में कांस्य जीता था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान, विराट कोहली को मिली ये खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ओर जहां टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में एंट्री कर ली है वहीं दूसरी ओर आईससीसी ओडीआई रैंकिंग का ऐलान हो गया है और बड़ी खबर ये है कि टॉप 10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय खिलाड़ी हैं. शुभमन गिल पहले नंबर पर बरकरार हैं वहीं विराट कोहली ने एक पोजिशन की छलांग लगाकर चौथी पोजिशन हासिल कर ली है. हालांकि कप्तान रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान हुआ है. वो दो पोजिशन नीचे गिरकर पांचवें स्थान पर लुढ़क गए हैं. बाबर आजम की बात करें तो वो दूसरे नंबर पर बरकरार हैं और हेनरिक क्लासेन नंबर 3 पर हैं. आइए अब आपको बताते हैं कि रोहित को आखिर आईसीसी वनडे रैंकिंग में क्यों नुकसान हो रहा है? दरअसल रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. वो लगातार चार मैचों में फेल रहे हैं. उन्हें शुरुआत तो अच्छी मिली है लेकिन ये खिलाड़ी बड़े रन बना पाने में नाकाम रहा. सेमीफाइनल में भी अच्छी शुरुआत के बावजूद भारतीय कप्तान 28 रन पर खराब शॉट खेलकर आउट हो गए. रोहित शर्मा को इसी का खामियाजा भुगतना पड़ा है.

### विराट कोहली का जलवा

रोहित को नुकसान हुआ है लेकिन विराट कोहली का जलवा है. इस दिग्गज बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने के बाद अब सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को भी धो डाला. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 98 गेंदों में 84 रन बनाए. उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर ही टीम इंडिया ने 4 विकेट से सेमीफाइनल मैच जीता. दूसरी ओर लगातार दो मैचों में फेल होने वाले शुभमन गिल नंबर 1 पर तो हैं लेकिन उनके रेटिंग प्वाइंट घटे हैं. अब गिल, बाबर और विराट के अंकों में ज्यादा अंतर नहीं रह गया है. अगर विराट कोहली ऐसा ही प्रदर्शन करते रहे तो वो शुभमन गिल को सीधी चुनौती दे सकते हैं. वैसे चैंपियंस ट्रॉफी के दो मुकाबलों में अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है. ये खिलाड़ी नंबर 9 से 8वीं पोजिशन पर पहुंच गया है.

## वरुण चक्रवर्ती ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

● **आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है. मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं. वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है. भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है. दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया.

### चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन

वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं. इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं. इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं. उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं. मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं.

### टॉप 100 में पहुंचे वरुण चक्रवर्ती

अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने टॉप 100 में एंट्री ले ली है. वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

### वनडे के नंबर वन गेंदबाज महीश तीक्षणा

आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं. साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं.

# लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले पहले NBA खिलाड़ी बने



**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8~34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं। पिछले साल दिसंबर में जेम्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स की सैक्रामेंटो किंग्स पर जीत के दौरान लीग के इतिहास में सबसे अधिक मिनट खेलते हुए छह बार के एनबीए एमवीपी करीम अब्दुल-जब्बार को पीछे छोड़ दिया। वह 7 फरवरी, 2023 को अब्दुल-जब्बार के नियमित-सीज़न स्कोरिंग रिकॉर्ड को पार करने के बाद पहले से ही लीग के शीर्ष स्कोरर थे और 25 मई, 2017 को माइकल जॉर्डन के प्लेऑफ स्कोरिंग रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# पीटी उषा ने तदर्थ समिति नियुक्त करने का बचाव किया

## बोलीं- बीएफआई जिम्मेदारी पूरी करने में विफल रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के फैसला का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह कदम जरूरी था।

**गगन नारंग ने उषा पर मनमाने आदेश जारी करने के लगाए थे आरोप**– उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। बीएफआई द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है।



### उषा ने नारंग को भेजा जवाब

उषा ने नारंग को भेजे जवाब में कहा, नारंग आपके इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इस निर्णय या मेरी ओर से किसी कथित मनमानी कार्रवाई के कारण खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है। तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय मनमाना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बहाल करने, उचित प्रशासन सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक आवश्यक कदम था। दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता यह है कि बीएफआई पिछले वर्ष राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने सहित अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेल (2026) नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में नई प्रतिभाओं की पहचान करने, होनहार मुक्केबाजों का चयन करने और भारत की पदक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण या अभ्यास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए बहुत कम या कोई प्रयास नहीं किया गया है।

### पांच सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया था

आईओए ने 24 फरवरी को देश में मुक्केबाजी के मामलों की देखरेख के लिए पांच सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया था। आईओ एक का आरोप है कि बीएफआई समय पर राष्ट्रीय महासंघ का चुनाव कराने में विफल रहा। बीएफआई ने आईओए के फैसले को अवैध करार दिया और आदेश को रद्द करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। नारंग ने यह भी दावा किया कि बीएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का उषा का फैसला आईओए की कार्यकारी समिति के परामर्श या अनुमोदन के बिना किया गया था। उन्होंने उषा से आदेश वापस लेने और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए कार्यकारी समिति की आपातकालीन बैठक बुलाने का आग्रह किया था।

# चमकी बुखार व जेई से निपटने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

## एइएस की रोकथाम को लेकर दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शेखपुरा।** सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में एईएस/जेई (चमकी बुखार/मस्तिष्क ज्वर) का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी सीएचओ शामिल हुए।

यह प्रशिक्षण पटना से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के द्वारा मौजूद सभी प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक दिया गया। जिसमें एईएस/जेई का इलाज एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों को एईएस रोकथाम के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने बताया, आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों को चमकी बुखार (एईएस/जेई) के कारण, लक्षण, बचाव और समुचित इलाज की विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी संबंधित मरीजों को सुविधाजनक तरीके जरूरी इलाज कर सके और मरीजों को इलाज के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़े।

प्रशिक्षक जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ.अशोक कुमार सिंह ने बताया कि चमकी बुखार से बचाव के लिए सामुदायिक स्तर पर जन जागरूकता भी बेहद आवश्यक और जरूरी है। इसलिए, प्रशिक्षण के दौरान संबंधित मरीजों की जरूरी समुचित जांच और इलाज के साथ-साथ इस बीमारी से बचाव के सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने की भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही तमाम जिले वासियों से अपील करता हूँ कि बच्चों को एईएस से बचाने के लिए माता-पिता को शिशु के स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहना चाहिए। समय-समय पर देखभाल करते रहना चाहिए। स्वस्थ बच्चों को मौसमी फलों, सूखे मेवों का सेवन करवाना चाहिए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। छोटे बच्चों को माँ का दूध पिलाना बेहद आवश्यक है। अप्रैल से जुलाई तक बच्चों में मस्तिष्क ज्वर की संभावना बनी रहती है। बच्चे के माता-पिता चमकी (मस्तिष्क) बुखार के लक्षण दिखते ही तुरंत जांच और जांच के बाद आवश्यक इलाज कराना चाहिए।

### ये हैं चमकी बुखार के लक्षण

- लगातार तेज बुखार रहना।
- बदन में लगातार ऐंठन होना।
- दांत पर दांत दबाए रहना, सुस्ती चढ़ना।
- कमजोरी की वजह से बेहोशी आना।
- चिउंटी काटने पर भी शरीर में कोई गतिविधि या हरकत न होना

### प्रखंड स्तर पर भी दिया जाएगा प्रशिक्षण

वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी श्याम सुंदर कुमार ने बताया, जेई/एईएस को रोकने के सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। जिसे सार्थक रूप देने के लिए जिस तरह राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए प्रशिक्षकों ने आज जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिए। उसी तरह जिला में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अपने-अपने स्वास्थ्य संस्थानों के कर्मियों को प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण देंगे।

## आवास योजना की राशि का वितरण

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांव से सैंकड़ों पक्का आवासहीन लोगों को बुधवार को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पहली किस्त की चालीस हजार रुपया भेज दिया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि हर एक पंचायतों से पांच पांच लाभुकों को प्रखंड कार्यालय परिसर में बुलाकर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत घर की स्वीकृति लेटर दी गई है। कुल 636 लाभुकों का आवास स्वीकृत किया गया जिसकी बुधवार को पहली किस्त की राशि सीधे उनके खाते में भेज दिया गया है। साथ ही नए आवास लाभुकों को भी वर्तमान समय में नाम जोड़ने का काम चल रहा है जिसमें सभी कर्मी को किसी से भी एक भी रुपया नहीं लेने का निर्देश दिया गया है अगर कोई कर्मी या व्यक्ति आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर रुपये की मांग करता है तो उसकी सूचना अविलंब बीडीओ से करें उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का : सांसद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अलीनगर (दरभंगा)।** अलीनगर विधानसभा अंतर्गत अंदौली गांव में अग्निकांड की घटना अत्यंत दुखद तथा कारुणिक है। इस तरह की आपदा की हर घटनाओ में केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा संसदीय क्षेत्र के अलीनगर विधानसभा अंतर्गत अंदौली गांव में अग्निकांड में दो दर्जन से अधिक घरों अग्निकांड से हुई क्षति का मुआयना किया तथा अग्निपिरितों को हर संभव मदद के लिए पहल की। सांसद डा ठाकुर ने स्थानीय अंचल अधिकारी को हर संभव सरकारी सहायता का निर्देश देते हुए कहा कि मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आपदा पीड़ितों की हर संभव सेवा की जाय। सांसद डा ठाकुर ने सरकारी खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला हक बताते हुए कहा कि अनहोनी की घटना तो ईश्वर प्रदत्त हैं लेकिन इसके बचाव के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा दो दर्जन से अधिक अग्निपीड़ितों के बीच सूखा राशन, पॉलीथिन, तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराई गई है तथा प्रति परिवार 12 हजार रुपए का चेक दिया गया है तथा सरकारी आवास एवं अन्य सहायता के लिए पहल की जा रही है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि अग्निकांड के कारण बिजली आपूर्ति सहित अन्य सुविधा बहाली के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओ के द्वारा घटना स्थल पर मुस्तैदी से राहत एवं बचाब कार्य चलाया जा रहा है और अधिकारियों से समन्वय बनाकर अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए पहल की जा रही है।

## यूडीआईडी कार्ड को लेकर 6 मार्च से 24 अप्रैल तक लगेगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले के सभी दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के तहत सहायक उपकरण के आवेदन से संबंधित सहायता हेतु प्रत्येक प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु यूडीआईडी कार्ड एकल दस्तावेज के रूप में मान्य है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक अभिजीत सोनल, सहायक निदेशक ने बताया कि विशेष शिविर में मेडिकल बोर्ड की उपस्थिति में दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जायेगा। शिविर का आयोजन प्रत्येक प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह 11 बजे से शाम 03:30 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विशेष शिविर में दिव्यांगजनों की भागीदारी को अधिकतम करने हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज यथा- पहचान पत्र/आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, आवासीय प्रमाण पत्र एवं पूर्व से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जरूरी है। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को भी सदर अस्पताल, शेखपुरा में यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है।

## 20 लाभुकों को दी गई वित्तीय सहायता

**शेखपुरा।** बुधवार को समाहरणालय के मंथन सभागार में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि कैम्प के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत कुल 12 तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत कुल-08 इस प्रकार दोनों योजनाओं से कुल 20 लाभुकों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में 166.45 लाख रूपये वितरित किया गया। जिससे लाभुक अपना स्वरोजगार स्थापित कर स्वयं तथा दूसरे लोगों को लाभ देगें। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि शेखपुरा जिला अधिक से अधिक लघु उद्योगों की स्थापना हो सके। इसके 12 मार्च तथा 24 मार्च को पुनः मेगा कैम्प का आयोजन किया जाएगा। आयोजित बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा एवं उद्योग विभाग सभी पदाधिकारी, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक के साथ सभी बैंक के प्रबंधक उपस्थित हुए।

## लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन को किया गया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पवन कुमार पांडेय ने बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के जागरूकता रथ को रवाना की। मौके पर व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश मौजूद थे। न्यायाधीशों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को ग्रामीण इलाके में भेजा गया। मालूम हो कि आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रितु कुमारी ने बताया कि 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पवन कुमार पांडेय के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबंधक एवं न्यायिक पदाधिकारी और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला न्यायालय में लंबित 1200 सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर करीब 3600 लोगों को नोटिस जारी कर पारा विधिक स्वयं सेवकों के द्वारा तामील कराया गया है। वहीं, बैंक एवम अन्य मामलों में करीब 3700 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही लोक अदालत की सफलता को लेकर 01 मार्च से ही प्री-सिटिंग किया जा रहा है। अब तक लगभग 150 मामलों में प्री-सिटिंग किया जा चुका है।

### इन मामलों में लोग ले सकते हैं लाभ

8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों में लोगों को लाभ मिलेगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद, बैंक ऋण वाद, चेक बाउंस के वाद, क्लेम वाद, माप तौल वाद, बाल श्रम वाद, तलाक को छोड़कर अन्य वैवाहिक वाद आदि मामलों का आपसी सुलह के आधार पर निपटारा कराया जाएगा। सचिव रितु कुमारी ने बताया कि इस तरह के राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद है कि लोगों को अनावश्यक पैसा और समय के खर्च और परेशानी से हमेशा के लिए तत्काल मुक्ति दिलाया जाय।

## अपराधियों के साथ मुठभेड़ में शामिल होमगार्ड के जवान किये गये पुरस्कृत : डीआईजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया धाम में 3 मार्च को अपराधियों के साथ लोहा लेने वाले जांबाज होमगार्ड जवान को बुधवार को डीआईजी आशिस भारती ने पुरस्कृत किया गया। मिथिलांचल की आस्था का केंद्र पर जिले के अपराधी के साथ-साथ सीमावर्ती जिलों के अपराधी भी सिमरिया में बड़ी घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि पुलिस के द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों पटना जिला से आए अपराधियों के द्वारा अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए आए लोगों से रंगदारी की मांग की गई थी। छीन छोर की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई थी। लेकिन वक्त रहते चकिया थाने की पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपराधियों को घेर लिया। अपराधियों के द्वारा भी फायरिंग की गई। जब पुलिस के द्वारा जवाबी कार्रवाई की जाने लगी तब अपराधी नाव के माध्यम से पटना जिले के मराची थाना क्षेत्र की ओर भाग गए। इस मामले को बेगूसराय की पुलिस ने भी गंभीरता से लिया है। सिमरिया में गस्ती एवं पुलिस बल को बढ़ाया गया है। साथ ही साथ उक्त घटना को नाकाम करने में शामिल होमगार्ड जवानो को डीआईजी आशीष भारती के द्वारा सम्मानित भी किया गया। उन लोगों से बात भी की गई। बेगूसराय खगड़िया रेंज के डीआईजी आशीष भारती ने कहा है कि अपराधियों के मंसूबे को नाकाम करने के लिए बेगूसराय एवं खगड़िया की पुलिस लगातार काम कर रही है।

## एनटीपीसी कांटी में 4 से 10 मार्च तक मनाया जाएगा सुरक्षा सप्ताह

### कर्मचारियों को दिलाई गई सुरक्षा की शपथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** एनटीपीसी कांटी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा। प्रातः 09.30 बजे सुरक्षा पार्क में परियोजना प्रमुख मधु एस. ने सुरक्षा ध्वज फहराया एवं उपस्थित सारे कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए खुद को सुरक्षित रखना चाहिए ताकि हम परिवार के साथ-साथ संस्था एवं देश के प्रगति में अपना योगदान दे सके। इस वर्ष की सुरक्षा थीम है ''सुरक्षा और स्वास्थ्य - विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक। सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन सप्ताह भर किया जाएगा। इस मौके पर महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन) तापस साहा, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) विभागाध्यक्ष अभिषेक जैन, सीआईएसएफ के कर्मचारीगण, कामगार बंधु आदि मौजूद रहे।

## कुलपति ने छात्र संघ चुनाव से संबंधित जानकारी देने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में नव- निर्मित सभागार का उद्घाटन किया। इसी नवनिर्मित सभागार में कुलपति की अध्यक्षता में प्रधानाचार्यों की बैठक आहूत की गई। विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी चार जिलों के अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रभारी प्राचार्य और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में कुलपति के आदेश कई मुद्दों पर विचार रखे गए। कुलपति ने विगत बैठकों में लिए गए निर्णयों पर कार्यान्वयन की प्रगति की सुनवाई की। कुलपति ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधानाचार्यों को छात्र संघ चुनाव संबंधित तैयारियों की जानकारी पंद्रह दिनों के भीतर संपादित करने के सख़्त निर्देश दिए। उन्होंने साफ-साफ कहा कि सभी प्रधानाचार्य अपने स्तर से सुनिश्चित करें कि वोटर लिस्ट तैयार करने के साथ ही चुनाव संबंधित अन्य सभी महत्वपूर्ण तैयारी करके विश्वविद्यालय को सूचित करें। कुलपति ने मई तक चुनाव संपन्न कराने पर ज़ोर देते हुए कहा कि छात्र संघ चुनाव मेरी प्राथमिकता की लिस्ट में है, अतएव सभी प्रधानाचार्यों को वर्तमान में नामांकित विद्यार्थियों की वोटर लिस्ट तैयार करके प्रोक्टर कार्यालय को प्रेषित करने के सख़्त निर्देश दिए। ज्ञाताव्य हो कि विश्वविद्यालय द्वारा सहयोगी रवैया अख्तियार करते हुए चुनाव संबंधित दिशा निर्देश सभी कॉलेजों को भेजे जायेंगे, ताकि छात्र- संघ चुनाव निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जा सके। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए कुलपति ने सभी महाविद्यालयों को नैक की अद्यतन ब्यौरा सीसीडीसी कार्यालय को सात दिनों के भीतर सुनिश्चित रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए। महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कुलपति ने यूजी कॉनवोकेशन की चर्चा की और इस कड़ी में अलुमनी एसोशिएशन के सहयोग द्वारा वाइस- चांसेलर मेडल के प्रस्ताव को रखा। आगामी होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कुलपति ने सभी कॉलेजों में कार्यरत नियमित शिक्षकों व कर्मियों के साथ साथ और अतिथि शिक्षकों व दैनिक एवं आउटसोर्स कर्मियों को वेतन भुगतान करने का सख़्त आदेश दिया। अपने कुशल नेतृत्व में कुलपति ने महाविद्यालयों की समस्याओं को धैर्यतापूर्वक सुनते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा सभी महाविद्यालयों को यूनिट कॉस्ट के हिसाब से अग्रिम राशि देने की राहत प्रधानाचार्यो को दी। वहीं किसी भी कॉलेज को बैंक आईडी परिवर्तन की सूचना कुलसचिव कार्यालय को भेजने की अनिवार्यता रखी।

## कुलपति से मिला एबीवीपी का प्रतिनिधि मंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** अभाविप का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कुलपति से मिलकर जिले के शैक्षिक समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से जिले के श्रीकृष्ण महिला महाविद्यालय एवं आरसीएस कलेज मंझौल में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई, जीडी कॉलेज की पुरानी छात्रावास की भूमि पर शोध केंद्र निर्माण, सभी जिलों के लिए एक-एक परीक्षा नियंत्रक को विश्वविद्यालय स्तर पर समन्वय बनाने हेतु जिम्मेदारी देने, त्रुटि रहित परीक्षा परिणाम जारी करने सहित 16 बिंदुओं पर मांग पत्र गयास इस पर कुलपति महोदय ने इसी सत्र से विभिन्न महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करने तथा बेगूसराय जिले के समस्याओं के समाधान हेतु परीक्षा नियंत्रक एवं छात्र कल्याण अध्यक्ष को आदेशित किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का प्रयास शीघ्र रंग लाएगा। कई वर्षो से हम सब महिला कलेज एवं आरसीएस कलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई हेतु प्रयासरत थे। साथ ही जीडी कलेज के पुरानी छात्रावास की भूमि पर मिथिला विश्वविद्यालय के शोध विश्वविद्यालय के उप केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी दिया गया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने दूर के जिले के छात्र-छात्राओं के सभी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक जिले के एक नोडल अधिकारी के रूप में एक परीक्षा सह नियंत्रक को आदेशित करने का भी काम किया। इस अवसर पर जीडी कलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने भी जिले के छात्र-छात्राओं के मांग को कुलपति महोदय के समक्ष रखा। पुनः एक महीने के बाद एबीवीपी का प्रतिनिधि मंडल कुलपति से मिलकर स्वीकृत कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेंगे।

## एक नजर

### अगलगी की दो घटनाओं में नौ घर जले

**कुशेश्वरस्थान (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दो अलग-अलग गांवों में बुधवार को अगलगी की दो घटनाओं में 9 घर जलकर राख हो गये। अगलगी की पहली घटना में चौकीया गांव में 5 तथा तिलकपुर में 4 घर जले। तिलकपुर में हुई अग्निकांड में दो बकरियां झुलसकर मर गई और एक बाइक जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकीय गांव में बिजली के सर्ट सर्किट से सुरेन राय के घर में आग लगी और देखते ही देखते आग विनोद राय, दिलखुश राय, रुपेश राय तथा तारा कांत राय के घर को अपने चपेट में ले लिया। पांचों घर धू धू कर जलने लगी। आग की लपेटे देख कर ग्रामीण जुटे और अपने संसाधनों से आग बुझाने में लग गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखे सभी सामान आग की भेंट चढ़ गए। बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आकर आग की बचे अवशेष को बुझाया। वहीं दूसरी ओर तिलकपुर गांव में हुई अगलगी की घटना में नीतीश यादव, पंकज यादव, सनोज यादव तथा मनोज यादव का घर जलकर खाक हो गया। सीओ गोपाल पासवान ने अगलगी की दोनों घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि राजस्व कर्मचारी से घटना का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने पर पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा दिए जाने वाले सभी सरकारी सहायता दी जाएगी।

### आईरा इंटरनेशनल का मनाया गया स्थापना दिवस

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आईरा इंटरनेशनल पत्रकार संगठन का 11वां स्थापना दिवस पूरे धूमधाम से प्रेस क्लब दरभंगा में बुधवार को मनाया गया। आईरा से जुड़े पत्रकारों ने केक काट कर खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के मजबूती और उसके विस्तार पर चर्चा की गई। आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश सचिव कौशल किशोर कर्ण, प्रमंडल अध्यक्ष संतोष दत्त झा, जिलाध्यक्ष भवन कुमार मिश्रा, सहित कई सदस्यों ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव कौशल किशोर कर्ण ने कहा कि यह संस्था प्रखंड स्तर पर ही नहीं बल्कि राज्य, देश और विदेशों में भी पत्रकार बंधुओं की आवाज बनकर खड़ा है। इस अवसर पर प्रमंडल अध्यक्ष संतोष दत्त झा, जिलाध्यक्ष भवन कुमार मिश्रा, राज कुमार रंजन, पंकज महासेठ, सरफराज, मोहन चन्द्रवंशी, पप्पू कुमार, नासीर, अभय कुमार सहित अन्य मीडिया बंधु उपस्थित थे।

### लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 467 लाभुकों के बीच विमर्श कक्ष में स्वीकृति पत्र का वितरण बुधवार को किया गया। बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि सभी लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि आरटीजीएस के माध्यम से भेजने की प्रक्रिया जा रही है। डफरपुर पंचायत के 34, हसनपुर बागर पंचायत के 48, महेशवाड़ा पंचायत के 37, नावकोठी पंचायत के 58, पहसारा पूर्वी पंचायत के 41, पहसारा पश्चिमी पंचायत के 52, रजाकपुर पंचायत के 69, विष्णुपुर पंचायत के 92 तथा समसा पंचायत के 42 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया है। इसमें हसनपुर बागर पंचायत के 17,रजाकपुर पंचायत के 12 तथा विष्णुपुर पंचायत के 33 अल्पसंख्यक समुदाय के लाभुक शामिल हैं। स्वीकृति पत्र पाकर लाभुकों के चेहरे खुशी से चमक उठे। मौके पर बीडीओ चिरंजीव पांडेय के अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास पर्यवेक्षक मुकेश कुमार, लेखापाल दीनानाथ कुमार, कार्यपालक सहायक सुरेश कुमार ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने समसा से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा के सत्य नारायण महतो का पुत्र विजय महतो है। इस पर कोर्ट परिवाद के तहत गाली गलौज करने, मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय भेजा गया है। इस गिरफ्तारी में स्वयं प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पुलिस ने आठ बदमाशों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग भागों में हुई अपराधिक घटनाओं में शामिल पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर उपलब्धि हासिल किया है। इन सभी पर अपराध की घटना में आरोप है। पुलिस ने गीधा थाना के मटियारा निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र संजीव कुमार, कुबेरचक धनडीहा निवासी श्रीराम सिंह के पुत्र कुंदन कुमार उर्फ पंकज कुमार, सकड्डी निवासी स्व हरेराम राय के पुत्र मुकेश कुमार राय व जनेश्वर नाथ के पुत्र धीरज कुमार,आरा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री भगवान राय के पुत्र कन्हैया कुमार, पटना जिला के बिहटा थानांतर्गत डुमरी निवासी शैलेंद्र राय के पुत्र विकास कुमार, मटियारा निवासी सच्चिदानंद सिंह के पुत्र रोशन कुमार व स्व अर्जुन सिंह के पुत्र निलेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### विहिप व बजरंगदल का होली मिलन समारोह आयोजित

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का होली मिलन समारोह बुधवार को कुल्हड़िया टोल प्लाजा अवस्थित बजरंगबली मन्दिर परिषर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बजरंग दल के जिला संयोजक ऋतिक कुमार ओझा ने नेतृत्व किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के भोजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संघ के प्रांत बौद्धिक प्रमुख उपेन्द्र त्यागी, जिला प्रचारक राणा जी, उपेन्द्र तिवारी, प्रांत बालोपासना प्रमुख उपेन्द्र बजरंगी, प्रांत सत्संग प्रमुख रमेश मिश्रा, विभाग संयोजक मोनू निराला, जिला सह संयोजक रितिक ओझा, प्रखंड अध्यक्ष रणविजय सिंह, प्रखंड संयोजक सुमित सिंह, जिला विद्यार्थी सह प्रमुख राहुल सिंह, कुल्हड़िया मुखिया विनय प्रताप सिंह, पैक्स अध्यक्ष मितेश सिंह, विष्णु कुमार, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य कई शामिल थे।

### मानाचक में शराब बरामद करने गई पुलिस को मिला देसी कट्टा व गोली

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के मानाचक गांव में शराब पकड़ने गई पुलिस को अभियुक्त के घर से शराब के साथ साथ देशी कट्टा व जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई है। हालांकि धंधेबाज पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। एसडीपीओ आरा सदर 2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को मानाचक गांव के रमेश राय के घर में भारी मात्रा में शराब लाए जाने की जानकारी मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रमेश राय के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में 13 लीटर अंग्रेजी शराब व 25 लीटर देशी शराब की बरामदगी की गई। इधर पुलिस घर में छिपे धंधेबाज की तलाश कर रही थी। तलाशी में पुलिस को एक देशी कट्टा व छह जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभियुक्त भागने में सफल रहा। पुलिस आरोपी को नामजद बनाते हुए एफआईआर दर्ज करा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों की झड़प में दो घायल

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव में 4 मार्च 2025 को दो पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिसमें दो युवक चाकू लगने से घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, विवाद धीरज यादव और अनुप यादव (पिता- जितेंद्र यादव) तथा ऋतिक ओझा, विक्की ओझा और धनंजय ओझा (पिता- धनंजय ओझा) के बीच हुआ। झड़प के दौरान धीरज यादव और अनुप यादव चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें रसूलपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेजा। वहीं, ऋतिक ओझा और धनंजय ओझा को हल्की सिर में चोट आई, जिनका पुलिस की निगरानी में इलाज कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है।

### हथियार लहराते हुए युवक का वीडियो वायरल

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस कप्तान अमितेश कुमार के निर्देश पर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने अन्य थानों की पुलिस के साथ गुठनी के सोहगरा में छापेमारी कर हथियार लहराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सोहगरा के धुमनगर निवासी राम प्रवेश पासवान के पुत्र अभिषेक कुमार तथा सुधीर रावत के पुत्र अमन रावत है। पुलिस ने इस मामले में थाना कांड संख्या 61/25 धारा 25(1) (अ) आर्म्स एक्ट के तहत चार युवकों को अभियुक्त बनाया है। इस मामले में दो युवक गिरफ्तार नही हो सके है पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा बनाये गये अभियुक्त युवकों द्वारा हथियार में गोली भरते व लहराते हुये का वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो पर पुलिस कप्तान ने संज्ञान लिया और गुठनी पुलिस को करवाई का निर्देश दिया।

### शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह 9 मार्च को

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बंगरा गांव के रघुवीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में आगामी रविवार को कार्यक्रम का आयोजन होगा. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह शामिल होंगे. बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रवक्ता कुमार राजकपूर टीपू ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय राम सिंह शर्मा, महासचिव दिनेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अंकेक्षक सुर्यनारायण यादव के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम की तैयारी को ले अंचल इकाई के अध्यक्ष सुधीन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में 11सदस्यीय स्वागत समिति व कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई.

### होली सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देता है : मनोज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर इनरवा के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि के निजी आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ परम्परागत फाग गीतों को गाकर किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि ने कहा कि होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है। ये सामाजिक सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इस दौरान एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई भी दी गई। इस अवसर पर इनरवा के उप मुखिया आनंद मिश्रा पैक्स अध्यक्ष बुनीलाल शाह, दीपेंद्र पटेल रवि गिरी मनु शाह,अनारूल मियां माजिद मियां मनु कुशवाहा,कन्हैया शाह,अर्जुन महतो आदि मौजूद रहे।

### आंख के मरीजों का समृद्ध वर्मा ने जाना हाल



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रामपुर हाई स्कूल में विगत दो मार्च को सिकटा-मैनाटांड के पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व भाजपा युवा नेता समृद्ध वर्मा के सौजन्य से नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था. जिसमें विधानसभा क्षेत्र से 450 मरीजों की फ्री जांच हुई। उसमें से डॉक्टर ने पच्चास मरीजों को ऑपरेशन करने की सलाह दी। समृद्ध वर्मा ने अपनी निजी कोस से सभी मरीजों को बेहतर इलाज कराने का जिम्मा उठाया। वही श्री वर्मा ने बताया कि बुधवार को पटना के अस्पताल में हो रहे आंख का ऑपरेशन वाले मरीजों से मिल उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि अस्पताल के आईवार्ड में मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ-साथ कई अन्य प्रकार की आंखों से संबंधित बीमारियों का ऑपरेशन व इलाज किया जा रहा है।

### दुष्कर्म का एक आरोपित गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले एक को गिरफ्तार किया है।इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि पीड़िता नावालिग के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी सूरज कुमार उम्र 19 वर्षो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वही नाबालिग को मेडिकल जांच एंवम 164 के ब्यान के लिये बेतिया भेज दिया गया है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर जिलाध्यक्ष द्वय ने डॉ दिलीप जायसवाल को दी बधाई



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल के निर्वाचित होने पर भाजपा समस्तीपुर जिला संगठन उत्तरी और दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा एवं नीलम सहनी द्वारा जिला के नेताओं के साथ उनका अभिवादन करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि पटना बापू सभागार में आयोजित एक बैठक में सर्वसहमति से केन्द्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप जायसवाल के निर्वाचित होने की घोषणा की। घोषणा के साथ ही भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड गई। इसी बीच भाजपा समस्तीपुर जिला के संगठन जिलाध्यक्ष शशिधर झा और नीलम सहनी के साथ समस्तीपुर जिला के प्रदेश परिषद सदस्य, मंडल अध्यक्ष, जिला के वरिष्ठ नेता राम सुमिरन सिह, उपेन्द्र कुशवाहा, प्रो विजय कुमार शर्मा, जवाहर प्रसाद सिह, चन्द्रकांत चैधरी, शशिकांत आनंद, प्रभात ठाकुर, प्रो अमरेन्द्र सिह, कौशल पाण्डेय, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिह, विरेन्द्र यादव, प्रदीप शाह शिवे, सहित कई भाजपा नेताओं ने नवनिर्वाचित प्रदेश डॉ दिलीप जायसवाल को पुष्प गुच्छ से अभिवादन कर बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि आपके प्रदेश अध्यक्ष मानोनित होने से भाजपा कार्यकताओं में अपुर्व उर्जा का संचार हुआ है। हमे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा को अपेक्षाकृत अधिक मजबूती मिलेगी।

## ब्रिक्स सीसीआई की महिला इकाई ने किया वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन एवं अभिनंदन 2025 का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई ने महिलाओं की अगुवाई में विकास की भावना का जश्न मनाते हुए वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन एवं अभिनंदन 2025 का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन का थीम महिला चेंजमेकर्स : दुनिया को बदलना, भविष्य को आकार देना था। इस सम्मान समारोह में आईपीएस (सेवानिवृत्त) एवं पोंडीचेरी की पूर्व उप राज्यपाल डाक्टर किरण बेदी, इथियोपिया की उप राजदूत बिजुनेश मेसेरेट, ब्रिक्स वुमेन्स बिजनेस एलायंस, दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय अध्यक्ष लेबोगैंग जुलु, अभिनेत्री, इको इनवेस्टर, यूएनईपी की गुडविल एंबेसडर दिया मिर्जा, डब्लू20 ऑस्ट्रेलिया की प्रतिनिधिमंडल प्रमुख चिओऊ सी एंडरसन, लिडर डे जेनेरियो स्टार्टअप 20- टास्क फोर्स ईएसजी, जी20 ब्राजील 2024 की प्रेसिडेंट एट इंस्पायरिंग वुमेन जियोवाना क्वाद्रोस, वुमेन इन मैनेजमेंट (डब्लूआईएम) की डाक्टर सुलोचना सेगेरा, बायोफूडलैब की सीईओ व संस्थापक एलेना शिफ्रिना, इंटरनेशनल एक्सिलरेशन प्रोग्राम ब्रिक्स बिजनेस इनक्यूबेटर और एससीओ बिजनेस इनक्यूबेटर की निदेशक तातियाना सेलिवरस्तोवा, एंटा ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट क्रिस्टिना ली (ली लिंग) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्ट्रैटेजी, चाइनीज एकैडमी ऑफ सोशल साइंसेज में एसोसिएट प्रोफेसर एवं सीनियर फेलो यांग शियाओपिंग को सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस और भाजपा समान रूप से गुनहगार : पीके



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि लालू प्रसाद एवं नीतीश कुमार ने पिछले 35 वर्षों में बिहार को बर्बाद कर दिया है और इस बबार्दी के लिए कांग्रेस और भाजपा समान रुप से गुनाहगार है। लौरिया में आयोजित जन सुराज उदघोष यात्रा के दौरान बेतिया पहुंचे पीके ने पत्रकारों को संबोधित करते उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी बिहार आने पर नीतीश जी को बिहार का लाडला मुख्यमंत्री बता रहें थे। मैं मोदी जी से अपील करता हूं, अगली बार बिहार आएं तो उन्हें यह घोषणा करनी चाहिए कि यही लाडले व्यक्ति अगले 5 वर्ष भी मुख्यमंत्री रहेंगे। यह घोषणा करने पर भाजपा को चम्पारण में एक एक सीट पर हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपाई नीतीश कुमार को खाली मुखौटा बना कर वोट लेना चाहते हैं, चुनाव जीतने के बाद इसबार नीतीश कुमार को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाएंगे।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नीतीश कुमार किसी स्थिति में बिहार के अगले मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, उनके दल को इतनी कम सीटें आएंगी कि उनके किसी तरफ पलटने का फायदा नहीं होगा। कहा नीतीश कुमार में इतना दम नहीं है कि पलटी मार लें, वह चुनाव जीतने के बाद पलटी मारते हैं। वह मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले हैं। बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रशांत किशोर का हमला, बोले - इस बजट में ऐसी कोई योजना नहीं जिससे बिहार की स्थिति को सुधारा जा सके। प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट पिछले 18-19 वर्षो से एक जैसा है, जिसमें न तो प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने की योजना है और न ही पलायन रोकने की। शिक्षा सुधार, रोजगार और उद्योग स्थापना पर भी कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। पीके ने सवाल उठाया कि बिना ठोस नीति के बिहार की स्थिति में कैसे सुधार आएगा।उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी की सरकार बनी तो सबसे पहले शराबबंदी को हटाया जायेगा। शराबबंदी से बिहार को 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह नुकसान वाली राशि सीधे भ्रष्ट अफसरों, शराब माफियाओं के पास जा रहा है। बिहार में शराबबंदी कानून है लेकिन शराब सभी जगह उपलब्ध है। मौके पर विधान पार्षद अफाक अहमद, अजय कुमार द्विवेदी, ललन यादव, म. नेयाज, किशोर कुमार मुन्ना, सरवर अली, विकास सिंह, नंदकिशोर कुशवाहा, सिकंदर चंद्रा आदि भी मौजूद रहे।

### शहर में पीके का हुआ भव्य स्वागत



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसुराज उदघोष यात्रा के दौरान बेतिया से लौरिया जाने के क्रम में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। सर्किट हाउस से निकलने के बाद जगह जगह उनका सर्मथकों ने स्वागत किया। सुप्रिया सिनेमा रोड में अष्ट विनायक हास्पीटल के निदेशक अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में सैकड़ो जनसुराज सर्मथकों ने प्रशांत किशोर पर फुल बरसाये। और बैंड बाजे के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर सुभाष राव, बृजकिशोर राव, विकास बिहारी सिंह, अजय सिंह, डा. विवेक कुमार कर्ण, डा. राकेश रौशन बलवंत सिंह, प्रदीप सिंह समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## नरकटियागंज सुगर मिल्स ने किया किसानों के बीच कृषि यंत्र वितरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के तहत सूबे के किसानो को सरकार हरेक द्दष्टिकोण से मजबुत बना रही है। सरकार जहां अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि संयत्र उपलब्ध करा रही है वही प्रति क्वींटल 10 रुपए अतिरिक्त गन्ना मुल्य का भुगतान भी कर रही है। यह जानकारी बुधवार को नरकटियागंज न्यू स्वदेशी सुगर मिल्स पहुंचे गन्ना उद्योग विभाग के सचिव बी कार्तिकियन धनजी ने दी। उन्होने किसानो के बीच कृषि संयत्र का वितरण किया और उनकी समस्याओ को सुना। सचिव श्री धनजी ने किसानो को आश्वस्त किया है कि सरकार के लिस्ट में जो कृषि संयत्र नही है उसे अगले लिस्ट में शामिल किया जाएगा ताकि राज्य के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान चंपारण में प्रति क्वींटल 10 रुपए गन्ना अनुदान दने की घोषणा की थी।

## जिला पार्षद पुलिस हिरासत से हुआ फरार

**गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोहगरा मंदिर के महंत अरविंद गिरी के साथ मारपीट के बाद पिस्टल के साथ पुलिस द्वारा हिरासत में लिये जाने के बाद जिला पार्षद छोटेलाल यादव पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। थाने परिसर से उसके फरार होने के बाद पुलिस परेशान हो गयी और चारो तरफ उसकी खोजबीन शुरू कर दी । समाचार प्रेषण तक पुलिस फरार अभियुक्हात को तलाश नहीं कर पाई थी हालांकि उसका पिस्टल पुलिस के पास जप्त है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर जिला पार्षद छोटेलाल यादव अपने दस समर्थकों के साथ सोहगरा पहुचा। सोहगरा पहुचने के बाद उसने अपने द्वारा बनवाये जा रहे शौचालय के साइड को देखा और महंत जी पर बालू व ईट चोरी किये जाने का आरोप लगाकर गाली देने लगा। उसके द्वारा अभद्र गाली देने का महंत जी द्वारा जब विरोध किया गया तो पिस्टल निकाल कर जान से मारने की नीयत से उनपर भिड़ा दिया। महंत के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और पिस्टल छीनते हुये पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुच गयी और पिस्टल को जप्त करते हुये छोटेलाल को हिरासत में लेकर थाने लायी। महंत अरविंद गिरी ने जिला पार्षद के खिलाफ आवेदन भी दिया है।

# चाकू मार छात्र की हत्या, कोचिंग संस्थान में आगजनी, दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्वी करगहिया आईटीआई मुहल्ले में मंगलवार की शाम एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। मामले में पुलिस दो युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस की देखरेख में किशोर का अंतीम संस्कार कराया गया। मृतक के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी युवको मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकराहां निवासी सरफराज आलम एवं मेराज आलम को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। विदित हो कि मंगलवार की संध्या 6.30 बजे अपने घर से सामान लेने गये किशोर पूर्वी करगहिया अपने मामा के घर रह रहे नरकटियागंज के पांडेय टोला निवासी राजकिशोर दास के पुत्र दिव्यांशु कुमार सौरभ को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जैसे हीं घटना की सूचना मिली लोग आक्रोशित हो गये। और घटनास्थल पर पहुंच कोचिंग संस्थान सह लाइब्रेरी में आग लगा दी। जिससे काफी क्षति हुयी। घटना की जानकारी होते हीं पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन एवं एसडीपीओ विवेक दीप समेत अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कोचिंग में छिपे दोनो आरोपी युवको को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकराहा निवासी सगे भाई सरफराज आलम व मेराज आलम को गिरफ्तार किया गया है। मृतक के पिता राजकिशोर दास ने दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में बताया है कि उनका पुत्र दिव्यांशु कुमार पूर्वी करगहिया स्थित अपने आवास से थोड़ी दूरी पर स्थित आरडी सेंटर कोचिंग सेंटर के लाइब्रेरी में पढ़ता था। इंटर की परीक्षा देने के बाद वहां जाना छोड़ दिया था। मंगलवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी मां सामान लाने भेजी थी। पूर्व की दुश्मनी को लेकर साजिश के तहत दोनों सगे भाई सरफराज व मेराज ने चाकू मार दिया। उसने कोचिंग व लाइब्रेरी संचालक पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

## निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये पर बीज वितरण पर किसान आक्रोशित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड ई किसान भवन में बुधवार को मूंग बीज वितरण में निर्धारित दर से अधिक रुपए लिए जाने पर किसानों ने आक्रोश जताया। किसानों ने बीज वितरक एजेंसी के खिलाफ वितरण में मनमानी करने का आरोप लगाया। राजपुर गांव के सुरेंद्र प्रसाद, अरविंद चौरसिया, कटहरी गांव के मंजूर आलम, जिक्रूल्लाह , केहुनियाँ रोआरी के अशोक साह, सोनासती के अशेश्वर चौबे, मठिया के रमेश मिश्रा समेत कई अन्य किसानों ने बताया कि मूंग बीज वितरण में डिमांड नंबर आने के बाद भी वितरक द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि एक पॉकेट में 8 किलो मूंग के बीज का निर्धारित मूल्य 254 रुपए 40 पैसे की जगह 260 रुपए लिए जा रहे हैं। अधिक रुपए लिए जाने का विरोध करने पर वितरक एजेंसी के कर्मी किसानों से उलझ जा रहे है। विरोध करने वाले किसानों को बीज नहीं देने की धमकी भी दे रहे हैं। किसानों ने बताया कि शिकायत करने के लिए वे बगल के कक्ष में बीएओ कार्यालय और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के पास भी गए थे। लेकिन कोई अधिकारी कार्यालय में नहीं था। किसानों ने बीज वितरण में कर्मी से लेकर अधिकारियों की मिली भगत का आरोप लगाते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये लिए जाने की बात कही।

# आरडीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन




**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आरडीएस पब्लिक स्कूल छपरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रामजयपाल महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश बबलू, कांग्रेस नेता अनिल सिंह, विद्यालय के निदेशक जगदीश सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान और पारंपरिक नृत्य से हुई, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक, संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेई ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जीवन मूल्यों को अपनाकर समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। डॉ. रवि प्रकाश बबलू ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मकता और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को सामने लाने का एक उत्तम मंच है। वहीं, कांग्रेस नेता अनिल सिंह ने शिक्षा और संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्कूल छपरा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय के निदेशक जगदीश सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। पूरा आयोजन उत्साह और उमंग से भरा रहा, जिसमें अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पॉकेट मनी जोड़कर बच्चों ने मनाया प्रधानाचार्य का जन्मदिन

**जीरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय रेपुरा में बुधवार का दिन बेहद ही खास था । क्योंकि स्कूल के प्राचार्य कामेश्वर मांझी का जन्मदिन बच्चों ने अपने पॉकेट खर्च को जोड़कर मनाया। बेहद सामान्य परिवार से आने वाले इन बच्चों ने शिक्षक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया ।शिक्षक को उनके जन्मदिन पर बधाई भी इन बच्चों द्वारा दिया गया। बच्चों द्वारा धन्यवाद देने का यह अंदाज प्रखंड स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है कि शिक्षक के प्रति बच्चों का प्यार देखकर लोगों आज के समय में गुरु शिष्य के बीच ऐसे लगाव को मिशाल मान रहे हैं। शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के लिए मंडल स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक कामेश्वर मांझी हर महीने के अंतिम दिन उस माह में जन्मे सभी छात्रों का केक काटकर जन्मदिन मनाते है।

# वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से किसानों की बढ़ेगी आय : अनुराधा



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विविधीकरण और क्षेत्रीय पर्यावरण पर ई किसान भवन में राष्ट्रीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की. श्री कुमार ने कहा महाराजगंज समेत बिहार की मिट्टी सोना उगलने वाली है. यहां के किसानों को वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण की जरूरत है, जिससे वे पर्यावरण अनुकूल कृषि कार्य कर सकें. उन्होंने कहा कि बिहार का पर्यावरण अन्य राज्यों की तुलना में कम प्रदूषित है. यहां के किसान खेतों के किनारे पेड़ लगाते हैं और खेती भी करते हैं.

किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गईं, लेकिन भौतिक आवश्यकताओं की मांग बढ़ने के अनुपात में कृषि उत्पादों की दर नहीं बढ़ी.इससे किसानों की आय दोगुनी करने में कठिनाई हुई. मधुमक्खी पालन, दुग्ध उत्पादन, टमाटर और दलहन उत्पादन कर प्रोसेसिंग से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है. वही भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि देसी गायों के विलुप्त होने के लिए किसान दोषी नहीं हैं.इसमें हमारी भी कमियां रहीं, जिससे अन्य नस्लों को बढ़ावा मिला. हालांकि, यहां के लोग भाग्यशाली हैं कि उत्कृष्ट पशु प्रजनन केंद्र खुला है. इसके माध्यम से देसी गायों का विकास कर अधिक दुग्ध उत्पादन लिया जा सकता है. बैठक में कृषि और पशुपालन विभाग के अलावा कई दर्जन किसान भी शामिल थे .

# रामकृष्ण मिशन आश्रम में श्रीरामकृष्णचरितमानस पर प्रवचन, श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक लाभ



**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण मिशन आश्रम, छपरा में मंगलवार को श्रीरामकृष्णचरित्र मानस पर प्रवचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम, राजगीर के अध्यक्ष पूज्यपाद श्रीमत स्वामी रामतत्वानंद जी (राम महाराज) ने प्रवचन दिया। उन्होंने भगवान श्रीरामकृष्ण के जीवन, उपदेशों और साधना पद्धति पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। संध्यारति के पश्चात शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक आयोजित इस सत्संग में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। स्वामी रामतत्वानंद जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान रामकृष्ण ने भक्तों पर कृपा करने के लिए कलियुग में अवतार लिया और उन्होंने सिखाया कि प्रत्येक व्यक्ति शिव है, जिसकी सेवा करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बताया कि भगवान रामकृष्ण ने माँ शारदा देवी को अपनी दिव्य माँ के रूप में स्वीकार किया और समर्पण एवं साधना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "सत्य ही धर्म का आधार है। जो कोई भी ईश्वर को प्राप्त करना चाहता है, उसे सत्य के मार्ग पर चलना होगा।" इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। रामकृष्ण मिशन आश्रम, छपरा के पदाधिकारियों ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि वे सत्संग व प्रवचन में नियमित रूप से भाग लें और अपने जीवन को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाएं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं ने मिशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रथम रेफरल इकाइयों में किया जाएगा नसबंदी : सिविल सर्जन




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिवार नियोजन सेवा सप्ताह के दौरान प्रथम रेफरल इकाइयों में नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा. हालांकि कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफल संचालन के के लिए आईसीडीएस, जीविका और पीरामल स्वास्थ्य सहित अन्य के द्वारा विभाग स्वास्थ्य विभाग को सहयोग किया जाएगा.उक्त जानकारी देते हुए सिविल सर्जन श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि दंपति संपर्क पखवाड़े के दौरान आम से खास के बीच जागरूकता लाने के लिए सही उम्र में शादी, शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दिया जाएगा.

**10 मार्च से 16 मार्च तक दंपति संपर्क पखवाड़ा का किया जाएगा आयोजन**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान कार्यक्रम के तहत आगामी 10 मार्च से 29 मार्च तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. लेकिन 10 मार्च से 16 मार्च तक दंपति संपर्क पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 मार्च से 29 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा.उन्होंने बताया कि गर्भ निरोधक सूई अंतरा सेवा की उपलब्धता सभी स्थानीय स्तर पर सीएचसी सहित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर होगा. विभागीय अधिकारियों द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा.साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत उपलब्ध अस्थायी एवं स्थायी उपायों के संबंध में भी आमजन को जागरूक किया जाएगा.

**वीएचएसएनडी साइट पर सास - बहू सम्मेलन का होगा आयोजन**

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम विशाल कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान का आयोजन जिले के सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित किया जाएगा. इस अभियान के दौरान जिले में 5 दिन प्रत्येक प्रखंड में ई- रिक्शा के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा. जबकि जिले के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर 21 मार्च को परिवार नियोजन दिवस मनाया जाएगा एवं वीएचएसएनडी साइट पर सास - बहू सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा. इस दौरान सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, बीसीएम सरफराज अहमद, जीविका के विजय प्रताप, आईसीडीएस की ओर से महिला पर्यवेक्षिका पिंकी कुमारी, पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे.

# मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से बदल जायेगी देव की सूरत

## क्षेत्र के विकास के साथ लोगों को स्थानीय स्तर पर प्राप्त होंगे रोजगार के अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कभी जिले के पिछड़े प्रखंडों में गिने जाने वाला देव प्रखंड में मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड एवं स्पोर्टस कम्प्लेक्स के बनने से एक तरफ जहां क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर ही लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा देव प्रखंड अंतर्गत घोषित मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जानकारी लोगों को दी गई। विदित हो कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण के लिए 400 करोड़ 29 लाख की राशि स्वीकृत हो गई है। कुल 33.77 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर एसएच 101 मुख्य सड़क एवं प्रस्तावित देव रिंग रोड पर अवस्थित होगी। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की क्षमता 430 बेड है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण के बाद जिले के मरीजों को उच्च चिकित्सा जांच हेतु जिला से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। देव रिंग रोड कई महत्वपूर्ण पथों से जुड़ा है। रिंग रोड के निर्माण से एनएच-2, एनएच - 139, अम्बा, बालूगंज, मदनपुर, औरंगाबाद से देव आना जाना सुगम हो जाएगा एवं सुलभ संपर्क बढ़ जाएगा। पथ के निर्माण से प्रत्येक वर्ष कार्तिक एवं चैत छठ के दौरान देव आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी एवं विधि व्यवस्था संधारण में सहायता प्राप्त होगी। भू-अधिग्रहण की चौड़ाई 30 मीटर होगी। औरंगाबाद जिला में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम के निर्माण कार्य में 29 करोड़ 45 लाख की स्वीकृति दी गई है। यहां 4 बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, जिम, योगा के लिए एक हॉल होगा। (40 मीटर ब 20 मीटर ब 12.5 मीटर) इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, सभी वरीय उप समाहर्ता एवं ब्लॉक के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।


योजनाओं की जानकारी देते डीडीसी अभयेन्द्र मोहन सिंह एवं अन्य

# अगलगी की घटनाओं में व्यापक नुकसान

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव में दो अलग-अलग घरों में अगलगी की घटना घटी है। जिसमें एक लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मंगलवार की देर रात्रि करीब 11:00 बजे रामराज चौधरी के फुस के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। वहीं दूसरी घटना उक्त गांव के शंकर विगहा में किशोर चौधरी के फुस के मकान में खाना बनाने समय आग लग गई, जिसमें जानवर का चारा, कपड़ा सहित अन्य खाने पीने की सामग्री जल गया, जहां हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# चोरी की आरोपित दो महिलाओं को जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** हसपुरा बाजार के पईन रोड में आर्दश ड्रेसेज साड़ी महल दुकान से दिन दहाड़े हजारों की चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में दो महिलाओं को पुलिस पकड़ा है। बताया जाता है कि महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में खरीदारी करने पहुंची थी। जहां दुकानदार को चकमा देकर डब्बा में रखा कीमती साड़ी चोरी कर ली। प्रभारी थानाध्यक्ष सरस्वती कुमारी ने बताया की आरोपित दोनों महिलाएं महुआड़ के समीप बालाविगहा ग्राम की है। दोनों महिलाएं सीसीटीवी फुटेज से पकड़ी गई है। इन महिलाओं के घर से चोरी की दो दर्जन कीमती साड़ी के अलावा अन्य सामग्री भी मिली है। प्रभारी थानाध्यक्ष सरस्वती कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाएं चोरी करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए कोर्ट समर्पित कर महिला पुलिस की अभिरक्षण में जेल भेज दिया गया।

# 8454 लाभुकों को आवास योजना की मिली पहली किस्त




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में औरंगाबाद जिला को 6696 लक्ष्य प्राप्त हुआ था। पुनः विभाग द्वारा लक्ष्य को संशोधित कर 22127 किया गया है। विभाग द्वारा प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य 15431 के विरूद्ध 11739 लाभुकों को आवास स्वीकृत करते हुये आज 8454 लाभुकों को उनके खातों में प्रथम किस्त की राशि अंतरित कर दी गई। इस संबंध में जिला समाहरणालय सभागार में चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा आवास पूर्णता वाले लाभुकों को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रतीकात्मक चाभी दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि सरकार की जनोपयोगी योजना के तहत आप सभी 100 दिवसों के अंदर अपना आवास का निर्माण करना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के पदाधिकारी, कर्मी सहित औरंगाबाद प्रखंड के ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक एवं ग्रामीण आवास सहायक उपस्थित रहे।

# स्टेट बैंक की बचत एवं ऋण योजनाएं ग्राहकों के लिए लाभदायक : अमित कुमार

## भारतीय स्टेट बैंक पर 51 करोड़ ग्राहकों का अटूट भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



- **100 से 2000 रू. की प्रीमियम राशि पर 2 से 40 लाख रू. तक का बीमा उपलब्ध**
- **31 मार्च 2025 तक व्यक्तिगत, कृषि एवं व्यावसायिक ऋणों पर ग्राहकों के लिए ब्याज में 75 फीसदी तक माफी का लाभ**

**औरंगाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक देशभर में अपने 51 करोड़ ग्राहकों को बेहतरीन बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक अपने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई आकर्षक योजनाएं चला रहा है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल सके। स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, औरंगाबाद (बिहार) अमित कुमार ने बताया कि बैंक में ग्राहकों के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय बैंकिंग सेवाओं की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, आवर्ती लखपति योजना और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। दुर्घटना बीमा योजना के तहत मात्र 100 से 2000 रू के प्रीमियम पर 2 लाख से 40 लाख रू तक का बीमा उपलब्ध है। इसके अलावा, ऋण समाधान योजना के तहत व्यक्तिगत, कृषि और व्यावसायिक ऋण में अधिकतम 75% तक की माफी का लाभ ग्राहकों को 31 मार्च 2025 तक दिया जा रहा है। जन सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाएँ भी उपलब्ध हैं।

# सड़क दुर्घटना में कई जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** एक बाइक के चकमे से ऑटो पलट गया। इस घटना में ऑटो सवार लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना फेसर थाना क्षेत्र के उन्थू गांव की हैं। घायलों में गया जिला निवासी रंजीत कुमार, झारखंड के धनबाद निवासी पूनम देवी, सोनी देवी व अन्य लोग शामिल हैं। घटना बुधवार देर शाम की है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पशुपालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि रंजीत पशुपालन विभाग में ही जॉब करते हैं। प्रतिदिन वे गया से औरंगाबाद आते है और ड्यूटी कर ट्रेन से गया लौट जाते है। वहीं पूनम देवी ने बताया कि वह सोनी व अन्य परिजनों के साथ फेसर में एक रिश्तेदार के घर आई थी।

# विपक्ष के एजेंडे में सिर्फ ख्याली पुलाव : प्रमोद सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास एवं सोशल इंजीनियरिंग का डंका देश ही नहीं विश्व में भी बज रहा है। केंद्र हो या बिहार का बजट सबमें आम लोगों की उन्नति की बात की गई है। उन्नति के इसी उद्देश्य को जन-जन तक फैलाने और 2025 फिर से नीतीश का संकल्प लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव एवं रफीगंज विधानसभा के प्रत्याशी रहे जिले के प्रखर समाजसेवी प्रमोद सिंह ने रफीगंज के विभिन्न गांवों का दौरा कर सरकार के विकासात्मक कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान श्री सिंह ने रफीगंज प्रखंड के अरथुआ पंचायत के नीमा हुण्डराही, ढुढुआ, बासर बिगहा, अरथुआ मियां बिगहा, ढोली खाप, बुढैला में जनसम्पर्क किया। श्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के एजेंडे में सिर्फ ख्याली पुलाव ही है। जिस प्रकार से राज्य की बजट में मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का न सिर्फ काम किया है बल्कि प्रत्येक पंचायत में कन्या विवाह मंडप बनाने की घोषणा कर दलित, महादलित पिछड़े और अति पिछड़े तबके की बेटियों के हाथ पीले होंगे। श्री सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि नीतीश कुमार आने वाले पांच सालों में राज्य को और भी विकास के रास्ते पर ले जायेगे। दौरे के दौरान क्षेत्र भ्रमण में मुखिया बिदाई देवी,अजय पासवान, लालदेव पासवान, बिनोद सिंह, उमेश पासवान, राजीव सिंह, उपेन्द्र पासवान, सिंटू सिंह, दीपेश सिंह एवं अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहें।



# विशुनपुर कैनाल से सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार

- **2059 हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के तहत औरंगाबाद जिले के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार ने सोन नदी द्वारा सिंचाई के माध्यम से विशुनपुर उपवितरणी के शेष कमांड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा से जोड़ने की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस योजना की कुल लागत 131 करोड़ 54 लाख रूपये निर्धारित की गई है।

### पुरानी समस्या का स्थायी समाधान

वर्ष 2011 में नबीनगर में एनटीपीसी के पावर प्लांट की स्थापना के बाद नहर के 14.02 कि.मी. से 19.82 कि.मी. तक की लंबाई चाहरदीवारी के भीतर चली गई थी। इससे इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। वर्षों से लंबित इस समस्या को हल करने के लिए अब सोन नदी में इंटेक वेल बनाया जाएगा और प्रेशर पाइप के माध्यम से पानी को लिफ्ट कर विशुनपुर उपवितरणी की कि.मी. 19.82 पर तथा कि.मी. 15.98 से निकलने वाली नरारीकला लघु नहर में प्रवाहित किया जाएगा। इस योजना के तहत बीच-बीच में डायरेक्ट वॉल्व लगाए जाएंगे, जिससे किसानों को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे उन इलाकों में भी पानी की आपूर्ति हो सकेगी, जहां पहले नहर से सिंचाई संभव नहीं थी।




### इन गांवों को मिलेगा फायदा

योजना के पूरा होने के बाद नबीनगर प्रखंड के नरारीकला, बेनीबिगहा, ससना और अन्य गांवों के साथ-साथ बारून प्रखंड के तेन्दुआ, विशुनपुर, बाघा, सहसपुर, दरियाबाद, महदही, अम्बा, लखैपुर, जंगीबिघा, सदुरी, करमा एवं आसपास के अन्य गांवों की 2059 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

### कृषि को होगा जबरदस्त लाभ

सिंचाई सुविधा मिलने से किसान अब धान, गेहूं, मक्का, दलहन एवं तिलहन जैसी फसलों की बेहतर पैदावार कर सकेंगे। पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होने से किसान अब पारंपरिक फसल चक्र को बदलकर ज्यादा लाभकारी फसलें उगा सकेंगे। अब तक ज्यादातर किसान केवल खरीफ की फसल पर निर्भर थे, लेकिन अब वे रबी और जायद फसलों की भी खेती कर सकेंगे। इस परियोजना से स्थानीय किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### सरकार की बड़ी पहल

नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत इस योजना से औरंगाबाद जिले के किसान अत्यधिक लाभान्वित होंगे। वर्षों से सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसान अब अपनी भूमि का समुचित उपयोग कर सकेंगे। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा होने से औरंगाबाद जिले में हरित क्रांति की एक नई शुरुआत होगी और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा।

# सड़क दुर्घटना में बैंककर्मी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस घटना में एक बाइक पर सवार पीएनबी कर्मचारी की मौत हो गई। घटना नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा हाई स्कूल के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही पूरहारा गांव निवासी अभय कुमार अग्रवाल के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना मंगलवार रात की है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि नीतीश की वर्ष 2017 में नबीनगर बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हुई थी। प्रतिदिन वह अपने घर से पंजाब नेशनल बैंक में जॉब करने जाता था और रात में घर लौट जाता था। मंगलवार की शाम ड्यूटी समाप्त कर वह बाइक से अपने घर लौट रहा था तभी टंडवा हाई स्कूल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उसके बाद हायर सेंटर जाने के क्रम में मरीज ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# नबीनगर में जन सुराज को मजबूत कर रही अर्चना चंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले की वरिष्ठ नेत्री और लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ चुकी बारून की पूर्व प्रमुख अर्चना चंद्र लगातार नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर लोगों को जन सुराज से जोड़ रही है। अर्चना चंद्र अपने समर्थकों के साथ प्रतिदिन पूर्व प्रमुख रंजन सिंह के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर रही है और सभी को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बिहार के विकास के लिए बनाए गए प्लान की जानकारी दे रही है। इससे प्रभावित होकर पुरुषों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी अर्चना चंद्र के साथ जन सुराज से जुड़ रही हैं। अर्चना चंद्र ने बताया कि वे नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के पिपरा पंचायत के नारायणखाप गांव, कोचाढ़ पंचायत के इंग्लिश, दहा और मोहनगंज आदि गांवों में दौरा कर सैकड़ो लोगों को अब तक जन सुराज से जोड़ चुकी हैं। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हमारा बिहार बहुत खूबसूरत था, यही वजह है कि महात्मा गांधी ने भी बिहार से ही अपने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। लेकिन आज बिहार के विकास की बातें करने वाले केवल जनता को गुमराह कर रहे हैं। ऐसे में जन सुराज का उद्देश्य है कि बिहार के अंतिम व्यक्ति तक हर तरह की सरकारी योजनाएं पहुंचे और लोगों को उसका लाभ मिले। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इसी सोच के तहत लगातार बिहार की जनता को जागरूक कर रहे हैं। विदित हो कि राजनीति की गहरी समझ रखने वाली अर्चना चंद्र के जन सुराज में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अर्चना चंद्र अपने प्रदर्शन से जन सुराज पार्टी को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बना सकती है।



# शांतिपूर्वक होली मनाने पर दिया बल

- **बारून थाना में शांति समिति की बैठक**
- **लोगों ने आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की कही बात**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** बारुन थाना परिसर में होली व ईद त्योहार लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें सीओ मंजेश कुमार व थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुआ। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से कई लोग शांति समिति की बैठक में भाग लिये। वही अधिकारियों ने गाइडलाइंस का पालन करने और त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने सभी वर्गों के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने को कहा। साथ ही कहा की पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना और सौहार्द को मजबूत करना है। कोई भी त्योहार में सौहार्द बिगाड़ने का काम करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी तरीके की अफवाह पर ध्यान न दे। इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रसाशन को दे। इस दौरान उपप्रमुख प्रतिनिधि, लोजपा प्रदेश सचिव विजय कुमार सिंह यादव, शिक्षक संघ के नेता हजारी सिंह, मुखिया कमलेश सिंह, सुनील सिंह, नीरज कुमार, नीलम देवी, सुधीर कुमार, मुरली मनोहर शर्मा, मो. कुमैल असरफ, सुजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कार्यस्थल पर सुरक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : एल.के.बेहेरा

## एनटीपीसी नबीनगर में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद स्थित एनटीपीसी नबीनगर में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराकर की। इसके बाद कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को दोहराते हुए श्री बेहेरा ने उपस्थित कर्मचारियों, अधिकारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्व को रेखांकित करने हेतु एनटीपीसी नबीनगर के सुरक्षा विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एल. के. बेहेरा ने कहा कि राष्ट्र के विकास में कार्यस्थल सुरक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुरक्षा नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक है, बल्कि यह हमारी सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख के साथ-साथ महाप्रबंधक के. डी. यादव एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने विचार साझा किए। अंत में कर्मचारियों, सहयोगियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा मानकों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अम्बे महोत्सव के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं की रही धूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अम्बे महोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। आगत अतिथियों को फूलमाला, अंगवस्त्र और माता सतबहिनी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इनकी प्रतिभाओं को निखारने और प्रोत्साहन देने के लिए अम्बे महोत्सव एक बेहतरीन मंच है। इस मौके पर एकल गायन प्रतियोगिता, सामूहिक गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। आगत अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। विद्वान धर्माचार्य की देख-रेख में सतबहिनी मंदिर प्रांगण में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ो महिला श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए दीप जलाकर आराधना की। महोत्सव में संगीत शिक्षिका श्वेता कुमारी, नेहा आर्या, साक्षी सिन्हा, छोटू छलिया, सोनाली, सृष्टि, सुप्रिया कुमारी, पल्लवी मिश्रा, सविता सिंह, हेमा पांडेय, आकांक्षा सिंह आदि कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से समां बांधा। श्वेता सिंह भोलेनाथ के भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर चलता रहा और दर्शक मंत्रमुग्ध होकर आनंद लिया।

# टेम्पो एवं बाइक की टक्कर में कई घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** थानाक्षेत्र के सिहाडी बाजार के एन एच 120 पथ पर पोस्ट आफिस के समीप माल ढोने वाला टेम्पो व बाइक की टक्कर हो गई। घायलों में माल वाहक टेम्पो चालक हसपुरा थाना क्षेत्र के मोहनविगहा गांव निवासी धनंज्जय सिंह व बाइक चालक दाउदनगर थाना क्षेत्र के मखरा गांव निवासी राजू कुमार सिंह है। घटना की जानकारी मिलते हसपुरा थाना की पुलिस दलबल के साथ सिहाड़ी पहुंची और घायलों को हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए दाउदनगर अस्पताल में भेज दिया गया। हालांकि सरकारी में न जाकर घायलों के परिजन निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए भर्ती कराया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत : सुलहनीय वादों के त्वरित निस्तारण का सशक्त मंच

## जिला जज ने प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया की भूमिका को बताया अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 बेंचों के माध्यम से सुलहनीय वादों का निष्पादन किया जाएगा। आज जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने आयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान अधिक से अधिक वादों के निष्पादन पर जोर दिया। साथ ही कहा कि तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिला जज ने बताया कि इस वर्ष का पहला लोक अदालत आठ मार्च को आयोजित होगा। जिला जज द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित सभी लोक अदालत से संबधित विविध गतिविधियों में वृहत प्रचार-प्रसार के लिए सभी पत्रकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला जज ने बताया कि सभी संबंधित विभागों, न्यायालय तथा संबधित पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकों का आयोजन किया गया है। सचिव सुकुल राम ने बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 1978 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लंबित है चिन्हित किया गया है तथा 66 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किये जाने तथा 5000 नोटिस निर्गत किये जाने तथा तथा इस बार 600 वादों का निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत 4200 से अधिक बैंक ऋण सम्बन्धी मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है जिसमें 103 से अधिक ऋण वादों का निस्तारण हेतु सहमति प्राप्त हो गया है तथा 1200 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे सम्बन्धित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है।



CMYK